कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 11:50 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 16 नवंबर 2024
वर्ष 3, अंक 86, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पृथ्वी के लिए बड़े खतरे हैं ये खतरनाक आग के गोले 16

जसलीन का म्यूजिक वीडियो साहिबा रिलीज 15

## आस्था की डुबकी...



कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर वाराणसी में शुक्रवार को गंगा स्नान के लिए जनसैलाब उमड़ा। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां गंगा के तट पर डुबकी लगाई। प्रशासन की ओर से इस बार खास तैयारी की गई। शाम के समय भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। ● एजेंसी

# योगी ने कार्रवाई कर समझाया जीरो टॉलरेंस का अर्थ

## लापरवाह, भ्रष्ट अधिकारियों में मची हड़कंप, कई अन्य अधिकारियों पर गाज गिरनी तय

अजय दयाल, लखनऊ

- कई जिलों में भूमि अधिग्रहण जन शिकायतों में लापरवाही के मामलों की जांच अंतिम चरण में

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब अपने स्तर से अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर जीरो-टॉलरेंस का सही अर्थ समझाने के मूड में हैं। एक के बाद एक दागी बड़े अफसरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर उन्होंने समझा दिया कि जीरो टॉलरेंस की जद में सभी आते हैं। ऐसे में खुद को सत्ता का करीबी समझने वाले लापरवाह, और भ्रष्ट अधिकारी भी बेचैन हैं।

दिलचस्प तो यह है कि दागी अधिकारियों को जांच में बचाने वाले भी योगी के राडार पर हैं। पिछले दिनों ही मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया था कि जांच



रिपोर्ट में आरोप सही या निराधार पाया गया जैसे स्पष्ट शब्दों का प्रयोग हो। इन स्पष्ट शब्दों के आधार पर ही दोषी अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई होगी। ऐसा न करने वाले नामित जांच अधिकारी के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश हैं। इस आदेश के बाद विभागों में हड़कंप है। साथी कर्मियों और अधिकारियों को बचाने की कोशिश पर अंकुश लगाने को यह हिदायत दी गई है। असल में मुख्यमंत्री ने सिंचाई एवं जल विभाग में पकड़ा कि जांच अधिकारी अपने करीबी को बचाने के चक्कर में रिपोर्ट पर आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित लिख रहे थे।

### एक आईपीएस, 10 पीसीएस अफसर पर गिर चुकी गाज

पिछले कुछ माह में ऐसी ही शिकायतों पर एक आईएएस और दस पीसीएस अफसर निलंबित किए जा चुके हैं। अगर इसमें चकबंदी अधिकारी, राजस्व निरीक्षकों पर की गई कार्रवाई को भी जोड़ दें तो यह संख्या दो दर्जन ठहरती है। अंदखाने की बात यह है कि, कई और जिलों में भूमि अधिग्रहण, जन शिकायतों में लापरवाही के मामलों की भी जांच अंतिम चरण में है, इसके बाद तमाम और अधिकारियों पर गाज गिरनी तय है। सूत्रों के मुताबिक, बरेली, जौनपुर समेत कुछ और जिलों से जुड़े ऐसे मामलों में भी जल्द कार्रवाई होनी है। अब मुख्यमंत्री ऐसे अधिकारियों का भी फीडबैक ले रहे हैं जो चेताने के बाद भी रवैया बदलने को तैयार नहीं। शिकायतकर्ता की संतुष्टि को भी कार्रवाई का आधार बना कर योगी जीरो टॉलरेंस का सही संदेश देते हुए स्पष्ट संदेश आमजन के बीच देना चाहते हैं।

# झांसी मेडिकल कॉलेज में लगी आग, 10 नवजात की गई जान

झांसी, एजेंसी

- 30 से अधिक बच्चों का किया गया रेस्क्यू, 50 नवजात थे भर्ती

झांसी के मेडिकल कॉलेज के एनआईसीसीयू (शिशु) वार्ड में शुक्रवार की देर रात आग लगने से 10 बच्चों की मौत हो गई। साथ ही बचाव दल ने 30 से अधिक बच्चों का रेस्क्यू किया है। दमकल विभाग की कई गाड़ियां आग पर नियंत्रण करने की कोशिश में जुटी हैं। खबर लिखे जाने तक आग लगने के सही कारण का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि वार्ड में करीब 50 नवजात भर्ती थे।

घटना की जानकारी मिलने के बाद जिलाधिकारी समेत सभी प्रशासनिक अधिकारी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए हैं। सेना का दमकल वाहन भी मौके पर पहुंच चुका है।

### मुख्यमंत्री ने लिया हादसे का संज्ञान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी मेडिकल कॉलेज में हुए हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतक बच्चों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### पत्नी को नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर करना क्रूरता

**इंदौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने तलाक के वास्ते 33 वर्षीय एक महिला की अर्जी मंजूर करते हुए कहा है कि पति द्वारा पत्नी को नौकरी छोड़ने और उसे पति की मर्जी एवं तौर-तरीके के मुताबिक रहने के लिए मजबूर किया जाना क्रूरता की श्रेणी में आता है। केंद्र सरकार के एक उपक्रम में प्रबंधक के रूप में इंदौर में पदस्थ महिला ने कुटुम्ब न्यायालय में यह आरोप लगाते हुए पति के खिलाफ तलाक का आवेदन दिया था कि वह उसे नौकरी छोड़कर भोपाल में अपने साथ रहने के लिए मानसिक तौर पर परेशान कर रहा है। कुटुम्ब न्यायालय ने महिला की यह अर्जी खारिज कर दी थी। महिला ने कुटुम्ब न्यायालय के इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

### नाबालिग से छेड़छाड़ में संगीतकार गिरफ्तार

**मुंबई।** कोलकाता पुलिस की एक टीम ने मुंबई के एक प्रसिद्ध संगीतकार को अपने संस्थान में 15 वर्षीय छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार संगीतकार संजय चक्रवर्ती को शहर के उपनगरीय इलाके में एक फ्लैट से गिरफ्तार किया गया। उस पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी संगीतकार को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया और अदालत ने चारु मार्केट पुलिस टीम के अधिकारी द्वारा स्थानांतरित ट्रांजिट रिमांड को मंजूरी दे दी।

# कृषि को उद्यम से जोड़ बढ़ाएंगे आय

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने कृषि एवं प्रौद्योगिकी के महाकुंभ कृषि भारत 2024 का किया उद्घाटन

## नीदरलैंड के साथ दो एमओयू पर हस्ताक्षर किसानों को प्राकृतिक खेती पर दिया जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** किसानों को सूदखोरी के चंगुल से मुक्त करके स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर कर सकें, इस दिशा में ढेर सारे प्रयास देश में 10 वर्षों के अंदर हुए हैं। अभी भी बेहतरी की गुंजाइश है। बेहतर तकनीक का उपयोग करते हुए कैसे कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ा सकते हैं, इस पर फोकस करना होगा। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वृंदावन योजना मैदान में कृषि व प्रौद्योगिकी के चार दिनी महाकुंभ कृषि भारत 2024 मेले का उद्घाटन करने के बाद कही।

उन्होंने कृषि को उद्यमिता से जोड़ने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर फोकस किया। कार्यक्रम से पूर्व सीएम योगी ने कंट्री पार्टनर नीदरलैंड्स के साथ द्विपक्षीय बैठक में भी हिस्सा लिया, जिसमें नीदरलैंड के उप कृषि मंत्री जैन कीस गोएट, नीदरलैंड्स की राजदूत मारिसा गेराड्र्स की उपस्थिति में प्रतिनिधि मंडल संग बैठक की। प्रदेश सरकार और नीदरलैंड्स के बीच दो एमओयू भी हस्ताक्षर किए गए हैं और प्रदर्शनी के विभिन्न स्टॉल्स का योगी ने आवलोकन भी किया। कार्यक्रम में मत्स्य पालन मंत्री डॉ.संजय निषाद, कृषि विपणन व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका गर्ग व अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



किसान मेले में प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### द्विपक्षीय बैठक में डिजिटल एग्रीकल्चर पर फोकस

उद्घाटन सत्र से पहले मुख्यमंत्री योगी ने नीदरलैंड के प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेते हुए कहा कि प्रदेश 25 करोड़ जनसंख्या के साथ ही सबसे उर्वरा भूमि और सबसे अच्छा जलसंसाधन वाला राज्य भी है। एग्रीकल्चर, हॉर्टीकल्चर, डेयरी और फिशरी के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अच्छे प्रयास किए हैं, मगर अभी असीम संभावनाएं हैं। नीदरलैंड जैसे देशों के साथ कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। कहा कि एग्रीकल्चर व हॉर्टीकल्चर के क्षेत्र में केमिकल पेस्टिसाइड से इतर प्राकृतिक खेती को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं, इस पर जोर देना होगा।

> योगी के मार्गदर्शन में कृषि और प्रौद्योगिकी के महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, जो प्रदेश व देश में कृषि उत्पादन को बढ़ाने व प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा। -**सूर्य प्रताप शाही**, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री, उप्र

### हमारी विरासत राम मंदिर तो सपा की खान, अतीक और मुख्तार: योगी

- मुख्यमंत्री ने अंबेडकरनगर के कटेहरी और मीरजापुर के मझवां क्षेत्र की चुनावी सभाएं
- कहा-अयोध्या में सपा के गुंडों ने निषाद बेटी के साथ क्या किया, किसी से नहीं छिपा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा उप चुनाव के प्रचार के दौरान शुक्रवार को कटेहरी और मझवां क्षेत्र की रैलियों में फिर सपा नेतृत्व पर निशाना साधा। कहा कि आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो गए हैं, जिसे देख हर देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस विरासत का सपा के लोगों ने हमेशा अपमान किया है। इनकी वास्तविक विरासत खान मुबारक, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे गुंडे-माफिया हैं। योगी ने कहा कि अयोध्या में सपा के गुंडों ने एक निषाद बेटी के साथ क्या किया, यह किसी से छिपा नहीं है। इसे छिपाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष दलील दे रहे थे। हमारी सरकार बेटी और उसके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। ऐसी घटना को अंजाम देने वाले के लिए केवल जहन्नुम में जगह हो सकती है। इसके लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कटेहरी के प्रत्याशी धर्मराज निषाद और मझवां के प्रत्याशी सुचिस्मिता मौर्य के पक्ष में वोट की अपील की।

**सपा के साथ बसपा के गले का हार थे दुर्दांत माफिया**

योगी ने डबल इंजन सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि अब प्रदेश से माफिया का अंत भी हो गया है। जबकि सपा कार्यकाल में सिर्फ सैफई परिवार और बड़े-बड़े माफिया के परिवारों का ही विकास हुआ। भाजपा विधायक कृष्णानंद राय और राजू पाल की हत्या करने वाले दुर्दांत माफिया सपा और बसपा के गले का हार थे।

## बिहार के जमुई में बिरसा मुंडा की जयंती पर कांग्रेस पर बरसे मोदी

# एक परिवार, एक पार्टी के लिए हुई आदिवासियों की अनदेखी

जमुई, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी नेताओं के योगदान को कमतर आंकने का प्रयास किया, ताकि केवल एक पार्टी और एक परिवार को श्रेय मिल सके। वह महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर बिहार की राजधानी पटना से लगभग 200 किलोमीटर दूर जमुई जिले के खैरा गांव में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा आज जब हम जनजातीय गौरव वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं तब यह समझना भी बहुत जरूरी है कि आयोजन की आवश्यकता क्यों हुई। यह इतिहास के एक बहुत बड़े अन्याय को दूर करने का एक ईमानदार प्रयास है। आजादी के बाद आदिवासी समाज के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं दिया गया जिसका मेरा आदिवासी समाज हकदार था। उन्होंने पूछा कि अगर एक ही दल, एक ही परिवार ने आजादी दिलाई तो भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान आंदोलन क्यों हुआ था, संथाल क्रांति क्या थी, कोल क्रांति क्या थी।



प्रधानमंत्री मोदी को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री नितीश।

### विशेष विमान में आई खराबी, 2 घंटे फंसे रहे मोदी



**रांची।** भारतीय वायुसेना के विशेष विमान में गड़बड़ी की वजह से शुक्रवार को झारखंड के देवघर हवाई अड्डे पर करीब दो घंटे तक फंसे रहने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूसरे विमान से वापस दिल्ली के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि देवघर से करीब 80 किलोमीटर दूर बिहार के जमुई में रैली को संबोधित करने के बाद मोदी को वायुसेना के विमान से नई दिल्ली लौटना था। विमान को समय पर ठीक नहीं किया जा सका। इस वजह से इलाके के हवाई क्षेत्र को उड़ान वर्जित क्षेत्र घोषित कर दिया गया।

**नो फ्लाइंग जोन के कारण राहुल गांधी भी फंसे :** इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी झारखंड के गोड्डा में ऐसी ही स्थिति में फंस गए। एक चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद राहुल गांधी को हेलीकॉप्टर से वापस जाना था लेकिन लगभग दो घंटे के लिए वह उड़ान नहीं भर सका। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि देरी राजनीति से प्रेरित थी।

# पीसीएस प्री. परीक्षा 22 दिसंबर को दो शिफ्ट में

- यूपीपीएससी ने परीक्षा की नयी तारीख घोषित की
- पहली शिफ्ट में सामान्य अध्ययन दूसरी में सी सैट का होगा पेपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा की नई तारीख की घोषणा शुक्रवार को कर दी। यह परीक्षा 22 दिसंबर को एक ही दिन में आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को दो दिन, दो पालियों में आयोजित होनी थी। छात्रों के विरोध प्रदर्शन और पूरे मामले में गर्माती राजनीति को देखते हुए गुरुवार को छात्रों के हित में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप के बाद आयोग ने परीक्षा को स्थगित कर दिया था।

अब 22 दिसंबर को पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 10 लाख से अधिक (10,76,004) अभ्यर्थियों के बैठने की संभावना है। यूपी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा की पहली शिफ्ट में सामान्य अध्ययन, दूसरी में सी सैट का पेपर होगा।

**कल्पराज सिंह की अध्यक्षता में आरओ-एआरओ परीक्षा कमेटी गठित :** आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा को भी फिलहाल आयोग ने स्थगित कर दिया है। नए सिरे से परीक्षा कराने के लिए आयोग के वरिष्ठतम सदस्य कल्पराज सिंह की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी गई है। परीक्षा की नई तिथियों की तारीख कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही घोषित हो सकेंगी। अंतिम कैलेंडर नोटिस के अनुसार, आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा 22 व 23 दिसंबर को आयोजित होनी थी। यूपीपीएससी के अनुसचिव ओंकारनाथ सिंह ने शुक्रवार को बताया कि उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने समीक्षा अधिकारी- सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ-एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा को नए सिरे से परीक्षा कराने के लिए आयोग के वरिष्ठतम सदस्य कल्पराज सिंह की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी गई है। कमेटी में आयोग के सदस्य प्रो. राम प्यारे, सेवानिवृत्त आईएएस योगेश कुमार शुक्ल, सेवानिवृत्त पीसीएस प्रेम प्रकाश पाल शामिल किए गए हैं।

# बिना अनुमति ड्यूटी से गैरहाजिर चल रहे 8 डाक्टर होंगे बर्खास्त

**लखनऊ।** विभिन्न जिलों में बिना अवकाश स्वीकृत के गैरहाजिर चल रहे आठ चिकित्सक बर्खास्त होंगे। इनमें अकेले मथुरा में तीन डॉक्टर शामिल हैं। अंबेडकर नगर में एक डॉक्टर को निलंबित किया गया है। कार्रवाई के लिए शनिवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा को निर्देश दिए हैं।

बर्खास्त होने वाले चिकित्सकों में राजधानी स्थित लोक बंधु अस्पताल में तैनात सर्जन डॉ. आशीष कुमार सिंह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), पयागपुर (बहराइच) की डेंटल सर्जन डॉ. पूनम पाल हैं। मथुरा में सीएचसी, बलदेव की डॉ. अनीता, जिला अस्पताल वृंदावन की आई सर्जन डॉ. निधि वर्मा, सीएचसी फरह की डॉ. राधिका पाराशर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नमैनी (कासगंज) के डॉ. आशीष कुमार, बाराबंकी सीएमओ कार्यालय में तैनात डॉ. एम ताहिर, बागपत में पीएचसी रटौल डॉ. रविंद्र कुमार शामिल हैं। वहीं, अंबेडकर नगर में पीएचसी मुण्डेर प्रभारी डॉ. प्रशांत कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

# दर्दनाक हादसे में 3 दोस्तों की मौत

## कायमगंज में हुआ हादसा, ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई बाइक

संवाददाता, कायमगंज (फर्रुखाबाद)

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी पंचर ट्रैक्टर-ट्राली से तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से टकरा गई। इसमें तीन युवकों की मौत हो गयी।

कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम पपड़ी खुर्द बुजुर्ग निवासी 24 वर्षीय अंकित यादव उर्फ भूरे गांव निवासी 22 वर्षीय अमित शाक्य व ग्राम अरियारा निवासी हितेश के साथ गुरुवार देर रात फर्रुखाबाद स्टेशन से बाइक से जा रहे थे। थाना शमसाबाद के ग्राम खुड़नाखार मोड़ के निकट सड़क पर एक ट्रैक्टर- ट्रॉली खड़ी थी। पंचर होने की वजह से चालक ने ट्रैक्टर- ट्रॉली को वहां खड़ा कर रखा था। तेज रफ्तार बाइक किन्हीं कारणों से अनियंत्रित हो गई और पीछे से ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। घटना में अंकित, अमित व हितेश गंभीर रूप से घायल हो गए। आपसास के लोगों ने पुलिस की मदद से उनहें कायमगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉ. अमित कुमार ने अंकित व अमित को मृत घोषित कर दिया। हितेश की हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया जिला अस्पताल के लिए रेफर किया। जहां कुछ देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कायमगंज प्रभारी निरीक्षक रामअवतार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। दिल्ली में कपड़ा सिलाई का काम करने वाला अमित दीपावली पर घर आया था।



हितेश राजपूत | अंकित यादव | अमित शाक्य

# हैदराबाद में यातायात संभालेंगे ट्रांसजेंडर मिलेगी वर्दी और वेतन

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शहर के अधिक यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में ट्रांसजेंडर्स को यातायात स्वयंसेवक के रूप में नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में रेड्डी ने अधिकारियों के साथ बैठक की और कहा कि यातायात सिग्नल पर नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए ट्रांसजेंडर्स की सेवाएं होमगार्ड की तरह ली जाएं। उन्होंने ट्रांसजेंडर्स को नशे में वाहन चलाने वाले चालकों की जांच के लिए भी तैनात करने का सुझाव दिया। अधिकारियों को इनके लिए विशेष रूप से ड्रेस कोड और होमगार्ड की तर्ज पर वेतन तय करने को कहा गया।

# नाबालिग पत्नी से सहमति से संबंध बनाना भी दुष्कर्म : बंबई हाईकोर्ट

## आरोपी की 10 साल की सजा बरकरार, ट्रायल कोर्ट ने भी माना था दोषी

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाइकोर्ट की नागपुर बेंच ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की पत्नी के साथ शारीरिक संबंध को रेप माना जाएगा। व्यक्ति के खिलाफ रेप का मामला भी दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने नाबालिग पत्नी के साथ रेप के आरोपी एक व्यक्ति की 10 साल की सजा को बरकरार रखा। अदालत ने कहा नाबालिग पत्नी के साथ सहमति से शारीरिक संबंध भी कानून के तहत दुष्कर्म ही माना जाएगा। अपीलकर्ता को 2019 में ट्रायल कोर्ट ने पोस्को एक्ट के तहत दोषी ठहराया था। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में अपील की थी।



न्यायमूर्ति जी ए सनप की नागपुर पीठ ने 12 नवंबर को पारित एक आदेश में 24 वर्षीय व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सत्र अदालत के 2021 के फैसले को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि चूंकि पीड़िता उसकी पत्नी है इसलिए उनके बीच यौन संबंध को दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता लेकिन उच्च न्यायालय ने कहा कि पत्नी की आयु 18 वर्ष से कम होने पर उसके साथ सहमति से यौन संबंध के आधार पर बचाव नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन संबंध बनाना दुष्कर्म है, चाहे वह शादीशुदा हो या नहीं। पीड़िता ने 2019 में दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में कहा कि वह आरोपी के साथ रिश्ते में थी लेकिन उसके मना करने के बावजूद उसने उसका दुष्कर्म किया और उसे गर्भवती कर दिया। शिकायत में कहा गया कि इसके बाद दोनों साथ रहने लगे और उन्होंने शादी कर ली लेकिन व्यक्ति ने गर्भपात कराने पर जोर दिया।

### शादी के नाम पर पीड़िता से कई बार किया दुष्कर्म

महिला ने आरोप लगाया कि व्यक्ति ने शादी के नाम पर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया तथा उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। अदालत ने कहा कि महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया और डीएनए जांच के अनुसार, आरोपी और महिला जैविक माता-पिता हैं। व्यक्ति ने अपनी याचिका में स्वयं को निर्दोष बताते हुए कहा कि शिकायतकर्ता उसकी पत्नी है, इसलिए उनके बीच शारीरिक संबंध को दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता और ये संबंध सहमति से बने थे। उसने यह भी दावा किया कि कथित घटना के समय महिला नाबालिग नहीं थी। हालांकि, अदालत ने इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। उसने कहा कि दस्तावेजी साक्ष्यों के अनुसार, शिकायतकर्ता का जन्म 2002 में हुआ था और 2019 में जब कथित घटना हुई, तब वह नाबालिग थी।

# पीओके नहीं जाएगी चैंपियंस ट्रॉफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बीसीसीआई की आपत्ति पर आईसीसी ने लगाई रोक

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चैंपियंस ट्रॉफी को विवादित पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के दौरे पर ले जाने के कथित कदम पर कड़ी आपत्ति जताई जिसके बाद वैश्विक संस्था आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने प्रचार कार्यक्रम रोक दिया।



यह टूर्नामेंट पिछली बार 2017 में खेला गया और अब भी अधर में लटका हुआ है क्योंकि बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर आईसीसी को भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान की यात्रा करने में असमर्थता के बारे में सूचित किया था। पीसीबी ने फिलहाल भारत के दुबई में अपने मैच खेलने के प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर दिया है। कार्यक्रम पर भी रोक लगी हुई है और नए विवाद से चीजें और खराब ही होंगी। पता चला है कि बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को आईसीसी के शीर्ष अधिकारियों से बात की और पाकिस्तान के इस कदम की निंदा की तथा वैश्विक संस्था से इस पर कड़ा संज्ञान लेने का आग्रह किया। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया बीसीसीआई सचिव को जब यह बात पता चली तो उन्होंने आईसीसी को फोन किया और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के अंतर्गत आने वाले कई शहरों में ट्रॉफी का दौरा कराने के पीसीबी के कदम की कड़ी आलोचना की।

### बोर्ड के सदस्य बोले दौरे को लेकर चर्चा जारी

जब आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया ट्रॉफी दौरे पर चर्चा अभी भी जारी है। मुझे नहीं पता कि पीसीबी ने इन चार शहरों के बारे में सभी को जानकारी दी थी या नहीं, लेकिन अगर नहीं तो यह निश्चित रूप से सही नहीं था। मुझे नहीं लगता कि आईसीसी पीसीबी को किसी विवादित क्षेत्र में ट्रॉफी ले जाने की अनुमति देगा।

## एक नजर

### देरी से पोस्टमार्टम पर हंगामा

**कानपुर।** बिल्हौर में ट्रक से कुचलकर हत्या करने के मामले में परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस में जमकर हंगामा काटा। आरोप था कि उनके घर के युवक का शव रखा हुआ था। आरोप था कि पोस्टमार्टम कर्मियों में रुपये ले देकर दूसरे के परिजनों के शव का पोस्टमार्टम किया। इस दौरान कर्मियों से उन लोगों की गालीगलौज भी हुई। डॉक्टरों ने बीच में पड़कर मामला शांत कराया।

### दौड़ लगाने जाती युवती का पीछा करता युवक, रिपोर्ट

**कानपुर।** हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में हूलागंज निवासी युवक ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 14 नवंबर को उनकी 19 वर्षीय पुत्री सुबह 5 बजे घर से दौड़ने के लिए गई थी। दौड़ते आते जाते समय एक व्यक्ति उमेश यादव निवासी राजापुर छावनी ने उसका पीछा किया है। उमेश यादव ने बेटी का पीछा करते हुए घर तक आ गया। पुत्री ने उन्हें बताया कि घर के बाहर पड़ोसियो को यह बात बताई तो पीछा करने वाले व्यक्ति उमेश यादव को पकड़ लिया तथा 100 नंबर पर पुलिस को सूचना देकर थाने में पुलिस को हवाले कर दिया।

# जाजमऊ में टेनरी मालिक से 1.56 करोड़ की ठगी

**वारदात**

- मुनाफे का लालच देकर दिया घटना को अंजाम
- पुलिस ने दर्ज की धोखाधड़ी की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ थाना क्षेत्र में टेनरी मालिक से ठगों ने मीट निर्यात कर मुनाफा कमाने का लालच देकर कई बार में 1.56 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जाजमऊ निवासी तबरेज आलम माडल टेनर्स के साझेदार हैं। दर्ज एफआईआर में उन्होंने बताया कि अलीगढ़ निवासी जीशान ने उन्हें खुद को एक बूचड़खाने का निर्देशक बताते हुए मीट निर्यात के व्यापार में निवेश कर मुनाफे का लालच दिया। इस पर वह उसकी बातों में आ गए और कंपनियों को माल भेजना शुरू कर दिया। आरोप है कि जीशान ने गाजियाबाद की एक कंपनी के निर्देशक अनूप बिष्ट के साथ मिलकर उनके साथ करीब 1.56 करोड़ की ठगी कर ली।

उनका कहना है कि कई बार बात करने पर भी आरोपी टाला-मटोली करते रहे। जिस पर पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से की। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है। मामले में जरूरी कदम उठाया जाएगा।

# निर्यात बंद कर चुके उद्यमियों की अब होगी तलाश

राजीव द्विवेदी, कानपुर

- कोरोना काल के बाद निर्यात बंद कर चुके 50 फीसदी छोटे निर्यातक
- ई-मेल आईडी और लाइसेंस तलाश शुरू, समस्याएं भी पूछी जाएंगीं

**4500** निर्यातकों के बने लाइसेंस

**2210** निर्यातक व्यवसाय से जुड़े

**अमृत विचार।** शहर में निर्यात बंद कर चुके लगभग 50 फीसदी से अधिक छोटे निर्यातकों को दोबारा प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए फियो की ओर से पहल शुरू कर दी गई है। फिलहाल ई-मेल आईडी और उनके एक्सपोर्ट लाइसेंस के जरिए तलाश की जा रही है। शहर के ज्यादातर छोटे निर्यातक कोरोना काल के बाद से निर्यात बंद चुके हैं।

शहर में 4500 निर्यातकों के लाइसेंस बने हुए हैं, मगर मौजूदा समय में सिर्फ 2210 निर्यातक ही ऐसे हैं, जो लगातार निर्यात कर रहे हैं। बाकी निर्यातकों ने वर्ष 2022 के बाद से अपना किसी तरह का फीडबैक साझा नहीं किया है। फीडबैक न देने वाले ज्यादातर छोटे निर्यातक ऐसे हैं, जिन्होंने साल में दो या तीन बार ही निर्यात किया है। कोरोना काल के दौरान वैश्विक परिस्थितियां विपरीत होने पर इन छोटे निर्यातकों ने निर्यात बंद कर दिया है। अब वे छोटे स्तर अपना कारोबार कर रहे हैं। ऐसे छोटे निर्यातकों को फियो की ओर से दोबारा निर्यात शुरू करने के लिए योजना बनाई गई है। ऐसे निर्यातकों का ब्यौरा तैयार किया जा रहा है, जो एक या दो बार विदेश से व्यापार करने के बाद से खुद को अलग कर चुके हैं। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि यदि इन सभी छोटे निर्यातकों में से 50 फीसदी ने भी अपना निर्यात दोबारा शुरू कर दिया तो इससे लगभग 800 करोड़ रुपये का शहर का निर्यात बढ़ सकता है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के निर्यात बढ़ाने के लिए लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है। इसमें कई पहलुओं को शामिल किया गया है। उसी में ऐसे छोटे निर्यातक जो वर्ष 2019 से 2022 तक निर्यात के सीन से गायब हो चुके हैं, अब उन्हें दोबारा वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### फीडबैक पर बनेगा प्लान

- निर्यात कारोबार से गुम हो चुके छोटे निर्यातकों को तलाश कर उनसे फीडबैक लिया जाएगा। उनके फीडबैक के बाद उन्हें कोरोना काल के बाद सरकार की योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा यदि उनकी समस्याएं तत्काल हल करने वाली होंगी तो उनकी समस्याओं को हल किए जाने का भी प्रयास किया जाएगा।

### रिकॉर्ड निर्यात की उम्मीद

- शहर में वर्ष 2022-23 में 8,995 करोड़ रुपये व वर्ष 2023-24 में 8,990 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ है। इसी तरह अब तक इस साल यदि अप्रैल से अगस्त तक की बात की जाए तो 3,862 करोड़ रुपये का निर्यात हो चुका है। जानकार इसे काफी सकारात्मक मान रहे हैं। माना जा रहा है कि शहर से निर्यातकों की संख्या में इजाफा हो जाए तो शहर से इस बार रिकॉर्ड निर्यात संभव हो सकता है।

# नए सिरे भूमि खरीदने की तैयारी में कंपनी

## मेगा लेदर क्लस्टर की राह आसान करने के लिए 5 हेक्टेयर भूमि की खरीद होगी, जमीन की तलाश शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



रमईपुर में यहीं बसेगा लेदर क्लस्टर। अमृत विचार

- बिना अनुमति अनुसूचित जाति और पट्टे की भूमि खरीदने से फंस गया है प्रोजेक्ट
- अब नए सिरे से भूमि खरीदकर ग्राम समाज के लिए सुरक्षित कराएगी कंपनी

**5860** करोड़ रुपये खर्च होंगे उद्योग स्थापना में

**125** करोड़ रुपये विकास के लिए केंद्र सरकार देगी

**200** करोड़ रुपये एसटीपी की स्थापना को एनएमसीजी देगी

**50** करोड़ रुपये कॉमन फैसिलिटी सेंटर के लिए राज्य से मिलेगा

**अमृत विचार।** रमईपुर में प्रस्तावित मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना की राह आसान होने जा रही है। मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट यूपी लिमिटेड ने ग्राम समाज को देने के लिए पांच हेक्टेयर भूमि और खरीदने का निर्णय लिया है। कंपनी ने पूर्व में जमीन खरीदी थी, पर एसडीएम सदर ने यह कहते हुए दाखिल खारिज करने से मना कर दिया था कि अनुसूचित जाति के लोगों की भूमि बिना अनुमति के खरीदी गई है। इसी तरह पट्टे की जो भूमि संक्रमणीय नहीं हुई थी, उसका बैनामा भी कंपनी ने करा लिया है। दाखिल खारिज में पेच फंसने के बाद प्रोजेक्ट रुका हुआ है। ऐसे में अब नए सिरे से पांच हेक्टेयर भूमि खरीदकर उसे ग्राम पंचायत के नाम कर दिया जाएगा। यह भूमि सुरक्षित श्रेणी की होगी।

कुरौना बहादुर नगर, मगरासा और सेन पूरब पारा में 100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना होनी है। यहां 35.238 हेक्टेयर भूमि ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की है, जिसके बदले में कंपनी को इतनी ही भूमि राजस्व विभाग को देनी है। इसके लिए कंपनी ने कड़री चंपतपुर, सपई गांव में भूमि का क्रय किया है, लेकिन भूमि की अदला-बदली से पहले ही दाखिल खारिज का मामला फंस गया।

एसडीएम की जांच में पाया गया था कि जिलाधिकारी की अनुमति के बिना ही सपई गांव के अनुसूचित जाति के 13 किसानों की 7.8610 हेक्टेयर भूमि का बैनामा कंपनी ने करा लिया है। इसी तरह कड़री चंपतपुर के पांच किसानों की 2.1877 हेक्टेयर भूमि व सपई गांव के चार किसानों की 0.8200 हेक्टेयर भूमि के अभिलेख गायब हैं। इन किसानों का नाम पट्टाधारक के रूप में राजस्व अभिलेखों में असंक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है। ऐसे में भूमि का दाखिल खारिज नहीं हो पाया।

अब कंपनी ने तय किया है कि वह इस भूमि का दाखिल खारिज कराने के चक्कर में अभी नहीं पड़ेगी, बल्कि नए सिरे से भूमि की खरीदारी करेगी और उसे ग्राम समाज के नाम कर देगी। इससे अर्से से लटका पड़ा मेगा लेदर क्लस्टर का प्रोजेक्ट आसानी से मूर्त रूप ले लेगा। कंपनी से जुड़े एक निदेशक की आयुक्त एवं निदेशक उद्योग के रवींद्र नायक के साथ बैठक भी हो चुकी है। निदेशक ने नए सिरे से शुरू हुई इस प्रक्रिया से उन्हें अवगत करा दिया है।

### विकास कार्यों पर खर्च होंगे 800 करोड़ रुपये

- इस क्लस्टर के विकास में करीब आठ सौ करोड़ रुपये खर्च होंगे, जबकि उद्योगों की स्थापना में 5860 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए वाणिज्य मंत्रालय से 125 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद मिलनी है, जबकि नमामि गंगे मिशन से दो सौ करोड़ रुपये कॉमन इफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के लिए मिलेंगे। कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपये राज्य सरकार देगी।

# आज लगेगी सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन

- 9 से 14 तक की बेटियों का होगा टीकाकरण
- निशुल्क लगेगा टीका, आम लोग भी उठा सकते हैं लाभ
- सीएसजेएमयू परिसर में ही हो जाएगा पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निशुल्क वैक्सीनेशन लगाई जाएगी। 16 नवंबर को लगने वाली यह वैक्सीन 9 से 14 वर्ष तक की बालिकाओं को लगेगी। इस टीकाकरण में आम जन मानस की बच्चियां भी टीकाकरण करा सकती हैं।

बेटियों को निशुल्क वैक्सीन की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 28 सितम्बर को थी। अभियान का दूसरा चरण 16 नवंबर को विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में सुभाषिनी शिवहरे फाउंडेशन, रोटरी क्लब कानपुर नार्थ और कैंसर पेशेंट एड एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है। इस शिविर के बारे में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने बताया कि सुभाषिनी शिवहरे फाउंडेशन, रोटरी क्लब कानपुर नार्थ, और कैंसर पेशेंट एड एसोसिएशन के सहयोग से दिनांक 16 नवंबर को 9 से 14 वर्ष तक की बालिकाओं का सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निशुल्क टीकाकरण किया जाएगा।

इस टीकाकरण में आम जन मानस की बच्चियां भी टीकाकरण करा सकती हैं। इसके लिए बालिकाओं के माता, पिता व अभिभावक 16 नवंबर को दोपहर 1 बजे तक पंजीकरण करा सकते हैं।

### वैक्सीन है बचाव का हथियार

- विश्वविद्यालय के डॉ. प्रवीण कटियार ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर देश में तेजी से महिलाओं की बीमारी के रूप में सामने आ रहा है। भारत में यह कैंसर का तीसरा सबसे बड़ा कारण बन चुका है। देश में सर्वाइकल कैंसर के नए केसेस की दर 18.3 प्रतिशत हो गई है। देश में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए हाल ही वैक्सीन लांच हुई है। इस वैक्सीन को किशोरियों में लगाने से वे सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी से बच सकती है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय की ओर से इसे बचाव के रूप में किशोरियों तक पहुंचाया जा रहा है।

### सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ रोटरी की कदमताल

- **कानपुर।** मोदी सरकार की सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ राष्ट्रव्यापी जंग जारी है। जनपदों में बृहद स्तर पर रोकथाम के लिए टीकाकरण के जरिये इस पर नियंत्रण पाने की कोशिशों में कानपुर में रोटरी क्लब विराट ने सरकार के साथ कदमताल शुरू कर दिया है। पहली बार नरवल में टीकाकरण शनिवार को किया जाएगा। इसमें 300 लड़कियों का टीकाकरण यानी प्रीकॉशन डोज दी जाएगी। यह डोज़ उषा पॉपुलर शिक्षा संस्थान बॉशर (नरवल) में कैंप लगाकर दिया जाएगा। यह जानकारी रोटरी क्लब विराट के अध्यक्ष अमित झा ने दी। झा ने बताया कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा था कि भारत सरकार की 9 से 14 वर्ष की आयु की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर का कारण बनने वाले ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) के विरुद्ध टीका लगाने के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की योजना है। इस प्रोजेक्ट को कानपुर में रोटरी क्लब विराट ने लिया है। पहली बार टीकाकरण आयोजित किया गया है।



साड़ियों की खरीदारी करते ग्राहक। अमृत विचार

## कल्याणपुर में खुला राज-रतन का शोरूम

**कानपुर।** साड़ियों के प्रमुख विक्रेता 'राजरतन' ने केशवपुरम, कल्याणपुर में अपने पांचवे शोरूम की शुरुआत की है। शोरूम की शुरुआत में राजस्तन ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजकुमार खत्री ने बताया कि ग्राहकों के विश्वास के कारण ही राजस्तन ग्रुप ने अपनी एक और शाखा केशवपुरम, कल्याणपुर में शुरू की है। शोरूम में एक ही छत के नीचे दूल्हा और दुल्हन को तैयार करने के लिए सब कुछ मिलता है। पहले ही दिन ग्राहकों ने शोरूम की सराहना की और खरीदारी की। वार्ता के दौरान राजरतन ग्रुप की डायरेक्टर हर्षिता खत्री ने बताया कि राजरतन के पास प्रोफेशनल एवं अनुभवी डिजाइनर्स की ऐसी टीम है जो समय के हिसाब से साड़ी, सूट्स और लहंगा डिजाइन करते हैं। शोरूम में पार एक्सीलेंस की सुविधा भी मौजूद है जहाँ पर दूल्हा- दुल्हन परिवार के साथ शांति से खरीदारी कर सकते हैं।

# सीएसजेएमयू और इस्तांबुल विवि शोध करेंगे साझा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



समझौता पत्र दिखाते दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति।

- दोनों विश्वविद्यालय के बीच साइन हुआ एमओयू
- शैक्षणिक गतिविधियां भी साझा होंगी, मिलेगा लाभ

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर और इस्तांबुल विश्वविद्यालय, तुर्की के बीच समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत दोनों ही विश्वविद्यालय एक दूसरे को शोध कार्य और बेहतर शिक्षण कार्य में सहायता करेंगे। समझौते के बाद सीएसजेएमयू के छात्रों को एक और अंतराष्ट्रीय मंच मिला है।

यह समझौता सीएसजेएमयू के कुलपति एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पाठक और इस्तांबुल विश्वविद्यालय, तुर्की के रेक्टर प्रो. जुल्फिकार के बीच साइन हुआ। समझौते पर सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय पाठक ने बताया कि समझौता ज्ञापन के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र और शिक्षक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर के अनुसंधान और अकादमिक डेवलपमेंट के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि उनका लगातार प्रयास है कि छात्रों को वैश्विक पटल पर शोध एवं शिक्षण के लिए अवसर मिल सके।

उन्होंने कहा कि वह कानपुर विश्वविद्यालय के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने का लगातार प्रयास कर रहे हैं, जिसके तहत एक वर्ष पूर्व उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय संबंध एवं अकादमिक सहयोग प्रकोष्ठ की स्थापना की थी। यह प्रकोष्ठ अभी तक 20 अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू साइन कर चुका है। यह प्रकोष्ठ विदेशी छात्रों को कानपुर विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी करता है, जिससे इस सत्र में 10 विदेशी छात्र विश्वविद्यालय में दाखिला ले चुके हैं। उन्होंने इस्तांबुल में हुए समझौते ज्ञापन के संबंध में कहा कि इससे न केवल हमारे छात्रों को किसी विदेशी विश्वविद्यालय के साथ काम करने का मौका मिलेगा, बल्कि दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र एक-दूसरे की संस्कृति को भी बेहतर ढंग से समझ सकेंगे। यह भविष्य में दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे दोनों देशों के रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे। प्रो. पाठक ने कहा कि हमारा उद्देश्य संयुक्त शोध के साथ-साथ शिक्षकों और छात्रों का आदान-प्रदान भी है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद प्रो. जुल्फिकार ने कहा कि यह हमारे लिए एक नये युग की शुरूआत है। हम भारत के साथ मिलकर शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए उत्साहित है।

# आज से अग्निवीर वायु की लिखित परीक्षा शुरू

**कानपुर।** भारतीय वायुसेना की अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु की लिखित परीक्षा 16 से 19 नवंबर तक ऑनलाइन होगी। इसके लिए शहर में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हर केंद्र पर रोजाना करीब 500 अभ्यर्थी शामिल होंगे। श्याम नगर पीएसी रोड में सुबह सात से शाम छह बजे तक तीन शिफ्ट में होगी। कानपुर के अलावा इस परीक्षा में लखनऊ, बरेली, झांसी और मेरठ के अभ्यर्थी आनलाइन परीक्षा देने पहुंचेंगे। एडीएम सिटी डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी पूरी है।

**सूचना**

मैं, मोहम्मद अहमद वयस्क पुत्र आफताब आलम निवासी म0नं0 653, फेथफुलगंज रेलबाजार थाना रेलबाजार, कानपुर नगर अपनी पत्नी श्रीमती अरीबा शाहिद पुत्री शाहिद अख्तर निवासिनी म0नं0 81 फेथफुलगंज थाना रेलबाजार, कानपुर नगर को अपने पूर्ण होशो हवास में प्रथम तलाक दिद्व 29–8–2024 व द्वितीय तुहर में तलाक दिनांक 30–09–2024 को अन्तिम तुहर मे तलाक दिनांक 5–11–2024 को दे रहा हू। आज से मेरा आपसे कोई भी पति–पत्नी का सम्बंध नही रह गया है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा आपको एक अन्तिम नोटिस दि0 05–11– 2024 प्रेषित किया था जिसे आपने लेने से इन्कार कर दिया।

# सेहत: ब्लड प्रेशर की वजह से बच्चे पर पड़ता असर, अधिक तनाव की वजह से बढ़ती दिक्कत

# पहले गर्भधारण में बीपी की दिक्कत से बच्चे को खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मां बनना हर महिला का सपना होता है, लेकिन इस सपने पर कभी-कभी ब्लड प्रेशर की वजह से ग्रहण लग जाता है, जिसकी वजह से उन्हें अधिक समस्या होती है। कुछ मामलों में तो मां की मौत तक हो जाती है और बच्चे की जान पर भी बन आती है। विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसा ज्यादातर पहली बार मां बनने वाली महिलाओं के साथ होता है। इसकी वजह, बच्चे पर असर और रोकथाम के बारे में जीएसवीएम की डॉक्टर ने एक शोध किया है, जिसके चौकाने वाले नतीजे सामने आए हैं।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में स्त्री एवं प्रसुति रोग विभाग की सह आचार्य डॉ.प्रतिमा वर्मा ने बताया कि जो महिलाएं पहली बार गर्भवती होती है, उनमे से 20 प्रतिशत महिलाओं में ब्लड प्रेशर से संबंधित समस्या होती है, जिसका असर बच्चे पर भी पड़ता है। इस बीमारी के कारण भारत में 15 प्रतिशत लोगों की हर साल मौत हो जाती है। दो साल में 211 महिलाओं पर शोध किया, पता चला कि पहले बच्चे के दौरान जो महिलाएं अधिक तनाव लेतीं है, उनके शरीर में एड्रेनलाइन और कोर्टिसोल नामक हार्मोन रिलीज होते है।

इसके बाद शरीर में पर्याप्त मात्रा में प्रोजेस्टेरोन नहीं बन पाता है और तब महिला को प्रजन्न संबंधित समस्याएं होती है। बच्चों में भी दिक्कत होने की संभावना 60 फीसदी तक बढ़ जाती है। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि प्रीक्लैंप्सिया के मरीजों को समय से पहले प्रसव तक करना पड़ता है। वहीं, बच्चे प्री-मैच्योर भी हो सकते हैं। प्रीक्लैंप्सिया पहले बच्चे के गर्भकाल के दौरान ज्यादा होता है। इसमें ब्लड प्रेशर हाई रहता है। इसलिए गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को तनाव से दूर रहने को बोला जाता है।

दरअसल, इसकी वजह से प्रीक्लैंप्सिया में हाई ब्लड प्रेशर के साथ ही पेशाब में प्रोटीन आना व पैरों में सूजन तक की भी समस्या होती है। वहीं, जब स्थिति गंभीर होती है तो उसे एक्लेम्पसिया कहा जाता है। हालांकि प्रीक्लैंप्सिया को गर्भ के तीसरे माह में पता किया जा सकता है।

### जेस्टोसिस स्कोर के आधार पर हुआ आकलन

- सह आचार्य डॉ.प्रतिमा वर्मा ने बताया कि जेस्टोसिस स्कोर के आधार पर गर्भवती महिलाओं की गंभीरता का आकलन किया गया। अगर जेस्टोसिस स्कोर तीन या उससे अधिक होता है, तो गर्भवती गंभीर की श्रेणी में होती है। ऐसा स्वास्थ्य की देखभाल न करने की वजह से होता है। ऐसे में गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को किसी भी बात पर तनाव नहीं लेना चाहिए। वहीं, कई बार पहली बार गर्भवती हुई महिला प्रसव के नाम भी डर जाती हैं, जिसकी वजह से भी समस्या होती है। हालांकि डॉक्टरों की टीम द्वारा गर्भवतियों को काफी मोटिवेट किया जाता है।



# ज्ञान के लिए अज्ञातवास में जाने की जरूरत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिंधी कॉलोनी में हुई बैठक में चर्चा हुई
- कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना का सम्मान किया

**अमृत विचार।** सिंधी कॉलोनी स्थित समाज सेवी अमित खत्री के निवास पर सिंधी समाज की बैठक हुई। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री व सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव प्रभारी कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने सिंधी पंचायत के मुखिया व समाज के प्रमुख व्यक्तियों का रामनामी पटका पहना करके सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने के लिए अज्ञातवास में जाने की जरूरत नहीं होती है। आप गृहस्थ में रह करके भी ज्ञान अर्जित कर सकते है। उन्होंने सिंधी समाज से विधानसभा उप चुनाव में समर्थन मांगते हुए भाजपा प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया।

उन्होंने सभी से समाज उत्थान के लिए आगे आने की अपील की। बैठक में लखनऊ से आए उतर प्रदेश सिंधी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष नानक चंद लखमानी, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, प्रमुख सिंधी उद्योगपति, समाजसेवी के अलावा मुख्य रूप से अमित खत्री, इंदर लाल, अशोक कुमार, लक्ष्मण दास खत्री, महेश कुमार, विजय कुमार, महेश शादीजा, लक्ष्मण दास रुपानी, विश्वनाथ आहूजा, गौरव सेवानी, अनिल गुनानी, पार्षद अरविंद यादव , परमानंद, रवि बदलानी, अशोक वासवानी, अशोक पमनानी व चंद्र पाल आदि रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट रोल नबर– 217244173 वर्ष 2021 का अंकपत्र सहप्रमाण पत्र कहीं खो गया है। जो काफी खोजने पर भी नहीं मिला। **विशाल कसौधन पुत्र पवन कुमार, निवासी रेलवे स्टेशन, पचपेड़वा, बलरामपुर**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा लखनऊ विश्वविद्यालय से 2022 में निर्गत एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 200013215046 जिसकी मूल प्रति वास्तव में कही खो गई है। **अनुराग सिंह पुत्र हनुमान सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट भिटौरा थाना मनकापुर जनपद गोण्डा**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SANDEEP VISHAKARMA संदीप विषकर्मा था और अब मैं अपने नए नाम SANDEEP VISHWAKARMA संदीप विश्वकर्मा के नाम से जाना जाऊँगा, न्यायहित में मेरे पासपोर्ट की वर्तनी में सुधार आवश्यक है। **संदीप विश्वकर्मा पुत्र माता प्रसाद ,निवासी – पूरे शाह करम अली ,कुण्डा ,जनपद – प्रतापगढ़, उ.प्र.**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **हौसिला प्रसाद पुत्र रामकुमार नि0– ग्राम नया का पुरवा, मजरे व पोस्ट क्यामपुर, तहसील–रामसनेहीघाट, जिला बाराबंकी,** मेरी बीमा पालिसी नम्बर क्रमशः 275239466 275239467, 275239468, 275239469 में मेरा नाम रामू पुत्र राम कुमार दर्ज है। जो गलत है सही नाम बैंक पासबुक में आधार कार्ड पर हौसिला प्रसाद पुत्र राम कुमार है जो सही एवं सत्य है। मैं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है। कि मैंने अपना नाम ANIL KUMAR SHARMA से ANIL SHARMA का लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। ANIL KUNIAR SHARMA, Add- Harishanti, A-3/23, Vishwas khand-3 Gomti Nagar Lucknow




## आज का मौसम



प्रात :काल के समय आसमान में हल्के से मध्यम कोहरा दिखाई देने के आसार हैं।

| 30.6° अधिकतम तापमान | 12.8° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06 : 28 | सूर्यास्त 05 : 18 |

## एक नजर

### बीच सड़क पर जड़े थप्पड़

**कानपुर।** गुजैनी की कुसुमा साहू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति देव प्रकाश साहू की गुजैनी डी ब्लॉक में योगेश गुप्ता के मकान में ज्वैलर्स की दुकान है। दुकान के विवाद को लेकर कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। शुक्रवार को योगेश उनके बेटे-भतीजे समेत लोगों ने दुकान पर कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध पर उन्हें बीच सड़क पीटा और थप्पड़ जड़े। वे लोग दुकान खोलने नहीं दे रहे हैं। पीड़िता ने गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# उपचुनाव में 2430 लोग पाबंद, 25 पर गुंडा एक्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसामऊ विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर कार्रवाई तेज

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा सीट के 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई तेज कर दी है। उपचुनाव में माहौल बिगाड़ने की आशंका पर पुलिस ने 24 लोगों को पाबंद किया है, जबकि 142 लोगों पर 110 जी के तहत कार्रवाई के साथ 25 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। लाइसेंसी असलहे भी जमा कराए जा रहे हैं।

एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा के उपचुनाव में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ठोस कदम उठा रही है। उपचुनाव में जिन लोगों से शांतिभंग की आशंका है, ऐसे 2430 लोगों को पाबंद किया गया है। 145 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। 142 लोगों पर 110जी के तहत मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। 25 अपराधियों पर गुंडा एक्ट लगाया गया है।

इसके साथ ही चेकिंग के दौरान 125 लीटर देशी शराब, 607 ग्राम चरस बरामद करने के साथ ही करीब 15 लाख रुपये कैश पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव में किसी ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हैं।

# कोहरे ने थामी रफ्तार, ट्रेनें 13 घंटे तक लेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तेजस समेत 30 से ज्यादा ट्रेनों की बिगड़ी चाल
- लंबी दूरी ट्रेनों की हालत ज्यादा खराब, यात्री परेशान

**अमृत विचार।** नवंबर माह में ही कोहरे ने रफ्तार पर ब्रेक लगाना शुरू कर दिया है, जिससे सुपर फास्ट ट्रेनों की भी रफ्तार धीमी पड़ गई है। वातावरण में धुंध छाने के कारण शुक्रवार को दो दर्जन से अधिक ट्रेनें विलंब से पहुंचीं। तेजस भी सवा घंटे देरी से गुजरी। इसके अलावा अन्य ट्रेनें 13 घंटे से अधिक देरी से चलीं।

सेंट्रल स्टेशन से गुजरने वाली 30 से अधिक ट्रेनें शुक्रवार को लेटलतीफी का शिकार रहीं। इनमें तेजस, सुपरफास्ट, एक्सप्रेस और स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं। कम दूरी की ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों ने किसी तरह अपना सफर पूरा किया, लेकिन लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्री बेहाल रहे। ट्रेनें अपने निधारित समय से एक दिन बाद यात्रियों को गतव्य तक पहुंचा रही हैं।

घंटों देरी से चल रहीं ट्रेनें शुक्रवार को जैसे ही सेंट्रल पहुंचीं भूख-प्यास से बेहाल यात्रियों ट्रेनों से उतरे और खानपान स्टालों की तरफ भागे। वहीं पानी के लिए नल की टोटियों पर भीड़ लग गई। यात्रियों ने बताया की रात में कोहरे का धुंध अधिक था, खिड़की से झांकने पर पांच मीटर के बाद कुछ नहीं दिख रहा था। 82205 तेजस एक्सप्रेस भी सवा घंटे देरी से चल रही है।

इसके अलावा 05734 कटिहार अमृतसर स्पेशल 11.45 घंटे, 03317 दानापुर आनंद विहार स्पेशल 13 घंटे और 02563 बरौनी नई दिल्ली स्पेशल 10 घंटे देरी से चल रही है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार लंबी दूरी की ट्रेनें ज्यादा प्रभावित हैं। जिसमें 03414 मालदा टाउन नई दिल्ली 8.30 घंटे, 09450 गोरखपुर अहमदाबाद स्पेशल 7 घंटे, 05069 दरभंगा नई दिल्ली स्पेशल 5.30 घंटे, 11124 बरौनी ग्वालियर स्पेशल 5.30 घंटे और 12470 जम्मू तवी कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस 6.30 घंटे देरी से चल रही है। ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री खासे परेशान हैं।



"अचानक कोहरा और धुंध छाने से ट्रेनों की गति धीमी हुई है। खुले इलाकों में इसका ज्यादा असर दिख रहा है। चार-पांच मीटर की दूरी भी साफ नहीं दिखाई दी, इसलिए ट्रेन नियंत्रित कर चलाई जा रही हैं।"
-अवधेश कुमार द्विवेदी, अधीक्षक सेंट्रल स्टेशन

### ये ट्रेन विलंब से आईं

- 12987 सियालदह अजमेर स्पेशल 5 .30 घंटे लेट
- 04046 दिल्ली जंक्शन सूबेदारगंज स्पेशल 4 .30 घंटे लेट
- 05053 गोरखपुर मुंबई बांद्रा स्पेशल 4 .30 घंटे लेट
- 18330 संबलपुर जम्मू तवी एक्सप्रेस 2 .30 घंटे लेट
- 12511 गोरखपुर कोचुवेली राप्तीसागर एक्सप्रेस 4 .30 घंटे लेट
- 12033 कानपुर सेंट्रल नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस 3 .30 घंटे लेट
- 0330 नई दिल्ली पटना स्पेशल 4 .30 घंटे लेट
- 01208 समस्तीपुर नागपुर जंक्शन स्पेशल 8 .30 घंटे लेट
- 12311 हावड़ा कालका नेताजी एक्सप्रेस 8 .45 घंटे लेट
- 15026 आनंद विहार मऊ स्पेशल 3 .30 घंटे लेट
- 01826 ब्रह्मावृत कानपुर सेंट्रल मेमू 5 .30 घंटे लेट

# मौसेरे भाई पर ट्रक चढ़ाकर मार डाला

## परिवार वालों को भी रौंदने का किया प्रयास, लोगों ने भाग कर बचाई जान, ट्रक छोड़कर भागा हत्यारोपी

संवाददाता, बिल्हौर

- बिल्हौर थाना क्षेत्र के ददिखा गांव में हुई वारदात
- शराब के नशे में था आरोपी, एक भाई दबोचा गया

**अमृत विचार:** गुरुवार रात एक चालक ने शराब के नशे में मौसेरे भाई पर ट्रक चढ़ाकर मार डाला। बहशी चालक ने मौके पर मौजूद परिवार के लोगों को भी रौंदने का प्रयास किया, जिन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई। वारदात के बाद हत्यारोपी ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने घटना की प्रारंभिक जांच-पड़ताल करने के साथ ही हत्या की एफआईआर दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

यह पूरा मामला बिल्हौर थाना क्षेत्र के ददिखा गांव का है। ददिखा गांव के रहने वाले साहबलाल यादव का एकलौता पुत्र अजीत कुमार यादव उर्फ राजू (34) खेती-बाड़ी का काम करता था। उसकी पत्नी गीता देवी और 12 वर्षीय पुत्र ऋषभ है। पत्नी गीता के अनुसार बिल्हौर थाना क्षेत्र के ही ढाकापुरवा गांव निवासी पति के मौसेरे भाई सल्लम यादव और बैनू पुत्र राधे यादव ने गुरुवार की सुबह फोन कर किसी काम से पति अजीत कुमार को अपने पास बुलाया था। दिन भर उनके साथ रहने के बाद देर शाम लगभग 8 बजे उसके पति घर लौटे थे। इस दौरान मौसेरी भाइयों का उसके पति के साथ कुछ विवाद हो गया था।



अजीत यादव।

घर आने के बाद पति अजीत कुमार विवाद के बारे में परिवार वालों को पूरी जानकारी दे पाते, इसी बीच फिर सल्लम का अजीत के पास फोन आया। फोन पर ही दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। पति अजीत कुमार फोन काल काटकर घर से बाहर जाने लगे तो माजरा समझने के लिए वह भी अपने बेटे ऋषभ और परिवार के दो लोगों के साथ पति के पीछे-पीछे निकल पड़ी। गांव के बाहर बिल्हौर-बांगरमऊ रोड पर सभी लोग एक ढाबे के पास पहुंचे।

इसी बीच मौसेरे भाई सल्लम और बैनू अपना ट्रक लेकर आ गए और शराब के नशे में गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ट्रक लेकर आगे चले गए। फिर कुछ दूर जाने के बाद ट्रक मोड़कर वापस आ गए और ट्रक की सभी लाइटें बंद कर दीं। इसके तेज रफ्तार ट्रक दौड़ाकर उन लोगों पर चढ़ाने का प्रयास किया। बाकी लोगों ने भाग कर अपनी जान बचा ली, लेकिन ट्रक की चपेट में आने से पति अजीत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सल्लम चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### हत्या की रिपोर्ट दर्ज, आरोपी की तलाश

- वारदात की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की प्रारंभिक जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पत्नी गीता देवी की तहरीर के आधार पर हत्या सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है और घटना के मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

### गांव वालों ने भाई को दबोच पुलिस को सौंपा

- घटना के बाद गांव वालों ने हत्यारोपी सल्लम के भाई बैनू को दबोच लिया, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि हत्यारोपी सल्लम यादव अपराधी किस्म का है। उसके खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसका अपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि हत्यारोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# कोहरे में कई वाहन भिड़े, 2 घायल

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** कोहरे का कहर शुरू हो गया है। कोहरे में शुक्रवार को जीटी रोड पर गौरी गांव के कट पर एक के बाद एक कई वाहन भिड़ गए। हादसे में दो लोग गंभीर घायल हुए हैं, जबकि कई अन्य को चोटें आईं। दोनों गंभीर घायल अलीगढ़ जिले के रहने वाले हैं।

हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सभी घायलों को बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दो गंभीर घायलों को कानपुर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि जीटी रोड पर तेज घना कोहरा होने के कारण पीछे चल रहे वाहन एक के बाद एक कर टकराते चले गए।

थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि हादसे में अलीगढ़ जनपद के नुनेरा गांव निवासी जगवीर सिंह पुत्र बहोरन सिंह (55) और अलीगढ़ जनपद के गोंडा थाना क्षेत्र के पीजरी निवासी जगदीश पुत्र नत्थी सिंह (49) गंभीर घायल हो गए। दोनों को हैलट रेफर किया गया है। बताया जाता है कि हादसे में पहले ट्रक भिड़े और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में उन्हीं ट्रकों में दूसरे वाहन भिड़ते चले गए।



हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रक व जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### हाईवे पर नियमों की हो रही है अनदेखी

- कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर बिल्हौर से लेकर मंधना तक कई जगहों पर नियमों की अनदेखी हो रही है। जिसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। कभी उल्टी दिशा में वाहनों का आना तो कभी अवैध कटों से अचानक से गाड़ी मोड़ देना आए दिन का काम बन गया है, जिसके चलते लगातार हादसों में वृद्धि हो रही है।

# यूपी बोर्ड में हाईस्कूल के परीक्षार्थी घटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इस बार हाईस्कूल की परीक्षा में बैठेंगे 45,906 परीक्षार्थी, पिछले वर्ष 50,434 हुए थे शामिल

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में इस बार हाईस्कूल के परीक्षार्थी घट गए हैं। पिछले सत्र की तुलना में इस बार इस बार हाईस्कूल के 4528 परीक्षार्थी कम हो गए हैं। पिछली वर्ष जहां 50,434 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, वहीं इस बार 45,906 परीक्षार्थी ही परीक्षा में बैठेंगे, जबकि इंटरमीडिएट में इस बार 1156 परीक्षार्थी अधिक शामिल होंगे।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में परीक्षार्थियों का नामांकन घटने पर चिंता जताई जा रही है। फिलहाल परीक्षार्थियों की संख्या में कमी होने की वजह तलाशे जाने की भी बात की जा रही है। जिले में यूपी बोर्ड के लिए नामांकन में कमी की वजह जानने के लिए प्रधानाचार्यों से संपर्क किया जा रहा है। माना जा रहा है कि जिले के ज्यादातर छात्रों ने दूसरे बोर्ड की ओर रुख कर लिया, या फिर जिले के बाहर यूपी बोर्ड में ही नामांकन करा लिया।

यदि इंटर की बात की जाए तो इस बार परीक्षार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है। इंटर की परीक्षा में इस वर्ष 46,843 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पिछली परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या 45,687 रही थी। इस वर्ष परीक्षा में 1,156 परीक्षार्थी अधिक हैं। पूरे मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि नामांकन घटने की वजह से हाई स्कूल में परीक्षार्थियों की संख्या में कमी आई है।

### 92,749 परीक्षार्थी पंजीकृत

- परीक्षा के दौरान इस बार यूपी बोर्ड में हाई स्कूल और इंटर के कुल 92749 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पिछली परीक्षा में जिले में 96,121 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इन परीक्षार्थियों के लिए जिले में प्रस्तावित 123 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी और अन्य सुरक्षा के मानकों को भी पूरा कराया जा रहा है।

# सौतेली बेटी के अपहरण की रिपोर्ट

**कानपुर।** नौबस्ता क्षेत्र में मछरिया के युवक पर 14 वर्षीय सौतेली बेटी के अपहरण का आरोप लगा है। मां ने उसके खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है।

मछरिया की महिला ने बताया कि उसकी दो शादियां हुई हैं। पहले पति से तलाक के बाद उसने मछरिया के युवक से शादी की है। पहले पति से उसकी एक बेटी है। 10 नवंबर को सुबह छह बजे उसका पति बेटी को लेकर कहीं चला गया है। उसने हर जगह तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। 12 नवंबर को पति के चिश्तीनगर में बेटी के साथ दिखने की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# छापेमारी में 17.50 लाख की दवाएं सील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पशुओं की नकली दवा सप्लाई की सूचना पर मारा गया छापा

**अमृत विचार।** कमाई के चक्कर में पशुओं की जान से खिलवाड़ करने के साथ अधोमानक दवाएं सप्लाई करने की सूचना पर ड्रग विभाग की टीम ने एक फर्म में छापा मारकर 17.50 लाख की दवाएं सील की।

आगरा में ड्रग विभाग ने कुछ दिन पहले मेसर्स वेटनोसाक रिसर्च इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में छापा मारा था, छापे के दौरान टीम को फैक्ट्री से पशुओं की अधोमानक दवाएं बनाने की जानकारी मिली। जांच में पता चला कि फैक्ट्री से लाखों रुपये की दवाएं कानपुर भी सप्लाई की गई। इस संबंध में आगरा की टीम ने कानपुर की ड्रग विभाग को सूचना दी। यहां की टीम को पता चला कि मेसर्स वेटनोसाक रिसर्च इंडिया प्राइवेट लिमिटेड फर्म ने दो जगहों पर दवाओं की सप्लाई की।

ड्रग इंस्पेक्टर रेखा चौहान व ओमपाल सिंह टीम के साथ केशव नगर स्थित मेसर्स निर्माण बॉयोटेक पहुंचे। टीम को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। टीम ने कंपनी और दवा के कागजातों की जांच की। सभी को फॉर्म 16 पर सीज किया गया है, जिसकी कीमत करीब 17 लाख 50 हजार रुपये है। आठ दवाओं के सैंपल जांच के लिए लैब भेजा। वहीं, टीम ने रामादेवी स्थित मेसर्स इंफो टेक में भी छापा मारा। टीम के मुताबिक यहां पर आगरा की इस कंपनी की ओर से सप्लाई दवा नहीं मिली। अधिकारियों के मुताबिक फर्म के संचालक ने बताया कि जुलाई में मेसर्स इंफो टेक में दवा की आपूर्ति हुई थी। इसके बाद से दवा की कोई भी खेप यहां पर नहीं आई। हालांकि संचालक इसका कोई साक्ष्य नहीं दिखा सके। जांच करने पर एनिमल फीड सप्लीमेंट भंडारित पाया गया है।



केशव नगर के मेसर्स निर्माण बॉयोटेक में छापे के दौरान मौजूद ड्रग विभाग की टीम।

**पुख्ता इंतजाम** रथ पर सवार होकर बजरिया चौराहे से शुरू होगा रोड शो, संगीत टाकीज के पास होगा खत्म, जगह-जगह तैनात रहेगा पुलिस फोर्स

# मुख्यमंत्री योगी का रोड शो आज, सुरक्षा घेरा तैयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईटीआई के हेलीपैड पर उतरेगा सीएम का हेलीकाप्टर
- रूट के पेड़ों की छंटाई और सफाई, कसे गए बिजली के तार

**अमृत विचार।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ आज यानी शनिवार को सीसामऊ विधानसभा के उपचुनाव के लिए रोड शो कर भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री के रोड शो को लेकर शुक्रवार को कमिश्नरेट पुलिस और जिला प्रशासन दिन भर तैयारियों में जुटा रहा। मुख्यमंत्री रथ के साथ कड़ा सुरक्षा घेरा रहेगा और ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। रोड शो के लिए निर्धारित करीब दो किलोमीटर रूट को पूरी तरह चकाचक कर दिया गया है। सुबह 9 बजे से ढाई बजे तक इस रूट पर ट्रैफिक बंद रहेगा।

रोड शो वाले रूट पर नगर निगम के मार्ग प्रकाश विभाग ने खंभों पर लाइटें लगा दी हैं। सफाई टीम ने बजबजाती नालियों को साफ कर दिया है। अतिक्रमण को साफ कर दिया गया है और डिवाइडरों का रंगरोगन कर सुसज्जित कर दिया गया है। इस रूट पर पड़ने वाले पेड़ों की टहनियां काट दी गई हैं। झुके हुए बिजली के तारों को कस दिया गया है। टूटी-फूटी इमारतों को हरे कपड़े से ढक दिया गया है। सड़कों का पैचवर्क और नया डामरीकरण किया गया है। दो किलोमीटर का इलाका सुरक्षा घेरे में रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर 12:20 बजे आईटीआई के हैलीपैड पर लैंड करेगा। इसके बाद वे कार से नरेंद्र मोहन सेतु, स्वरूप नगर, ईदगाह होते हुए बजरिया चौराहे पहुंचेंगे, जहां पहले से रथ तैयार होगा। यहां से रोड शो की शुरुआत होगी। पैरामिलेट्री, पीएसी और पुलिस के सुरक्षा घेरे में बजरिया से रामबाग, हरसहाय कॉलेज होते हुए निरंजन निवास, गोपाल टॉकीज, सेंट्रल बैंक चौराहा, विजय टॉवर, लेनिन पार्क, ज्वालादेवी, आनंद बाग होते हुए संगीत टॉकीज पहुंचेगा, जहां रोड शो खत्म होगा।



बजरिया में डिवाइडर का रंगरोगन करते कर्मचारी।



पेड़ों की छंटाई करते नगर निगम कर्मी। अमृत विचार

### मुख्यमंत्री के रथ पर सिर्फ 6 लोग रहेंगे

- रोड शो में मुख्यमंत्री के साथ रथ पर कानपुर सांसद रमेश अवस्थी, अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले, भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल और उत्तर व दक्षिण जिलाध्यक्ष रहेंगे।

### 9 ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी

- शनिवार सुबह 8 बजे से 200 रूफ टॉप और पुलिस कर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद हो जाएंगे। रूट पर पड़ने वाले मकानों की छतों पर पुलिस ने छानबीन पूरी कर ली है। 9 चौराहों पर पूरे समय तक ड्रोन से निगरानी होगी। निर्माणाधीन मकानों की सामग्री हटा दी गई है। रूट के लेफ्ट साइड पर 21 रास्तों पर बेरीकेडिंग की गई है, जबकि राइट साइड पर 32 जगह बेरीकेडिंग कर दी गई है।

### यह फोर्स रहेगा तैनात

| | |
|---|---|
| पीएसी | 3 कंपनी |
| पुलिसकर्मी | 400 |
| इंसपेक्टर | 20 |
| सब इंस्पेक्टर | 150 |
| एसीपी | 13 |
| एडीसीपी | 06 |
| डीसीपी | 02 |
| एडीसीपी | 02 |
| एसीपी | 04 |



पीरोड में बिजली के मकड़जाल को ठीक करता विद्युत कर्मी। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री के रोड शो को लेकर आज बदला रहेगा यातायात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रोड शो वाले रूट पर सुबह 9 बजे से बंद रहेगा ट्रैफिक

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो वाले रूट पर सुबह 9 बजे से दोपहर बाद 2:30 बजे तक यातायात बंद रहेगा। यातायात पुलिस ने डायवर्जन के साथ पार्किंग की व्यवस्था लागू की है। पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि तय रूटों की ओर न जाएं, ताकि जाम में फंसकर परेशानियों का सामना न करना पड़े।

चुन्नीगंज चौराहा से बकरमंडी ढाल की तरफ नहीं जा सकेंगे। कायस्थाना अथवा यतीमखाना की तरफ से आने वाले वाहन बकरमंडी ढाल से आगे बजरिया थाने की तरफ नहीं जा सकेंगे। रूपम टाकीज नाला रोड की तरफ से आने वाले वाहन सीसामऊ, बड़ा चौराहा से आगे बजरिया थाना की तरफ नहीं जा सकेंगे। मोहम्मद अली पार्क गांधी नगर चौराहा से आने वाले वाहन प्रेमनगर चौराहा से आगे वनखंडेश्वर मंदिर चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे। ईदगाह हर्ष नगर रोड की तरफ से आने वाले वाहन ब्रह्मनगर चौराहा से आगे रामबाग चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे। जीटी रोड अशोक नगर की तरफ से आने वाले वाहन भदौरिया चौराहा से आगे लेनिन पार्क की तरफ नहीं जा सकेंगे। जीटी रोड से कोई भी वाहन जरीब चौकी चौराहा से पीरोड कालपी रोड संगीत टाकीज की तरफ नहीं जायेंगे। कानपुर टेनरी कंपाउंड तिराहा से आनंदबाग चौराहा की तरफ नहीं जायेंगे। जीटी रोड, संगीत टाकीज कट से कोई भी वाहन संगीत टाकीज की तरफ नहीं जाएगा। ऐसे वाहन जीटी रोड की ओर जायेंगे।

# स्टंटबाजी में फिसली बाइक, गई जान

## वीआईपी रोड पर एडीजी के बंगले के सामने खंभे से टकराई बाइक, हेलमेट भी नहीं पहन रखा था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्टंट करने पर 50 मीटर तक फिसली बाइक
- बाइक पर सवार दो अन्य छात्र भी हुए घायल



घटनास्थल पर खड़ी बाइक और मौजूद आसपास के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली थाना क्षेत्र में वीआईपी रोड पर एडीजी आवास व मंडलायुक्त कार्यालय के बीच स्टंट करते समय तेज रफ्तार बाइक सामने कार आने पर अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर घिसटने के बाद बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे नाबालिग छात्र की सिर पर चोट लगने से मौत हो गई, वहीं पीछे बैठे दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को उर्सला अस्पताल पहुंचाया। खास बात यह है कि एक ही बाइक पर तीन लोग सवार थे और बिना हेलमेट पहने स्टंटबाजी कर रहे थे।

रेलबाजार क्षेत्र के फेथफुलगंज निवासी जावेद का छावनी क्षेत्र में मेडिकल स्टोर है। उनका 17 वर्षीय बेटा ईशान उर्फ इजहान 11वीं का छात्र था। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे ईशान की बेगमपुरवा निवासी दोस्त आसिफ (16) पुत्र अब्दुल कलाम और फेथफुलगंज निवासी आबाद (17) पुत्र मुबीन से फोन पर बात हुई। तीनों दोस्तों ने पहले नवाबगंज कर्बला और फिर गंगा बैराज में मस्ती करने की योजना बनाई।

क्राइस्ट चर्च कॉलेज में हाईस्कूल में पढ़ने वाले आबाद और सक्सेस स्कूल में नौवीं के छात्र आसिफ दोपहर बाद ढाई बजे ईशान उर्फ इजहान के घर पहुंच गए। यहां से तीनों अपाचे बाइक पर सवार होकर निकले। बाइक ईशान चला रहा था। दोनों साथी पीछे बैठे थे। तीनों तेज रफ्तार बाइक से फेथफुलगंज से निकले और कुछ ही देर में मेघदूत तिराहे पहुंच गए। वहां से आदर्श व्यायामशाला होते हुए एडीजी जोन के आवास के सामने पहुंचे। अंधे मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक के सामने अचानक कार आ गई, जिससे अनियंत्रित बाइक सड़क पर 50 मीटर घिसटते हुए बिजली के पोल से टकरा गई।

इस दौरान पीछे बैठे दोनों दोस्त उछलकर दूर सड़क पर घिसटते हुए गिरे, जबकि ईशान बाइक के साथ पोल से टकरा गया। उसका सिर खंभे से टकराया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को लेकर उर्सला पहुंची, जहां डॉक्टर ने ईशान को मृत घोषित कर दिया। बाकी दो घायलों को हैलट रेफर कर दिया।



आदाब।



आसिफ।

### स्टंटबाजी की जांच कर रही पुलिस

वीआईपी रोड पर घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों की मानें तो तीनों तेज रफ्तार पर स्टंट करते हुए बाइक चला रहे थे। इसकी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार ने कहा कि दोपहर 2:30 बजे अपाचे बाइक सवार तीन नाबालिग तेज रफ्तार से माल रोड की तरफ से सरसैया घाट की तरफ जा रहे थे, तभी हादसा हुआ। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### आखिर हादसे के लिए जिम्मेदार कौन?

हादसे का शिकार हुए तीनों छात्र नाबालिग हैं। इस दर्दनाक हादसे के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? मौके पर मौजूद लोग इस पर चर्चा कर रहे थे। लोगों का कहना है कि ईशान उर्फ इजहान नाबालिग था, फिर घरवालों ने उसे बाइक क्यों दी? उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। हेलमेट भी नहीं लगाए था। एक बाइक पर तीन बच्चे सवार थे। तीनों वीआईपी रोड पर एडीजी बंगले के पास फर्राटा भर रहे थे, मगर उन्हें रोकने-टोकने वाला भी कोई नहीं थी।

## पुलिस बुलाने पर दबंगों ने फिर पीटा

**कल्याणपुर।** जिम में हुए विवाद पर पुलिस बुलाने से भड़के दबंगों ने सड़क पर युवक को घेर कर बेरहमी से पीट दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पनकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पनकी रतनपुर कॉलोनी निवासी राघवेंद्र पाल के मुताबिक बुधवार सुबह वह शताब्दी रोड स्थित जिम में वर्कआउट कर रहे थे। तभी उनके पास आकर विवेक चौहान भी वर्कआउट करने लगा। जब उन्होंने विवेक को दूर जाने को कहा, तो भड़के विवेक, अभिलाष बिहारी व संचित द्विवेदी गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। जिस पर उन्होंने कंट्रोल रूम को फोन कर पुलिस बुला ली। लेकिन उससे पहले दबंग भाग निकले। जिसपर वह दबंगों की शिकायत करने के लिए चौकी जा रहे थे। तभी रास्ते में दबंगों ने उन्हें पकड़ कर लाठी डंडों के साथ बेरहमी से पीट दिया और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नवाबगंज और बर्रा में संदिग्ध हालात में महिलाओं की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने की मामले की जांच

**अमृत विचार।** नवाबगंज और बर्रा थानाक्षेत्र में दो महिलाओं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आस पड़ोस के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर पूछताछ की। इसके बाद आगे की कार्रवाई की गई। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर की है। वहीं पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।



लक्ष्मी देवी।

नवाबगंज की 46 वर्षीय लक्ष्मी देवी की शादी गोला घाट निवासी प्राइवेट कर्मी अभिषेक शर्मा के साथ हुई थी। जिनसे दोनों को दो बेटी आस्था और दिव्या हैं। परिजनों ने बताया कि माता पिता के निधन के बाद नवाबगंज में भाई से प्रापर्टी को लेकर विवाद चलने लगा था। जिसके बाद वह संपत्ति को बचाने में वहीं पर रहने लगी थी। पति और बच्चे उनसे मिलने के लिए नवाबगंज जाते रहते थे। परिजनों ने बताया कि गुरुवार रात 10 बजे लक्ष्मी से बात हुई तब तक सब कुछ ठीक था। लेकिन शुक्रवार सुबह से जब उनकी रोज की तरह बात नहीं हुई और फोन नहीं उठा तो अनहोनी की आशंका हुई। जिस पर परिजनों ने पड़ोसियों से घर भेजकर कुछ पहुंचने की बात कही। पड़ोसी जब घर पहुंचे तो वह जमीन पर पड़ी थी और मुंह से झाग निकल रहा था। उन लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

इसी प्रकार बर्रा थाना क्षेत्र के बर्रा आठ में खाली प्लॉट में टट्टर की झोपड़ी बनाकर एक वृद्धा करीब 25 साल से रह रही थी। शुक्रवार दोपहर लोगों को वह चारपाई पर मृत मिलीं। गुजैनी थाना पुलिस पहुंची और उनकी पहचान करने के प्रयास किए। थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि स्थानीय लोगों के जरिए उनकी पहचान के लिए पुलिस फोटो दिखाकर जानकारी ले रही है।



लकी ड्रा विजेता को उपहार देते एमएलसी सुनील विश्नोई व अन्य। अमृत विचार

## लकी ड्रॉ में जीती कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पीबी सोसाइटी ज्वैलर्स में शुक्रवार को मेगा लकी ड्रॉ निकाला गया। ड्रॉ के दौरान पर्व के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहकों ने कार से लेकर फिज तक जीता है। वार्ता के दौरान निदेशक प्रशांत जैन व करूना जैन ने बताया कि दीपावली एवं धनतेरस के अवसर पर शोरूम पर दिवाली धमाल ऑफर चल रहा था। जिसके तहत मेगा लकी ड्रा शुक्रवार को विधानपरिषद के सदस्य सलिल विश्नाई की ओर से निकाला गया। इस ड्रॉ में प्रथम प्राइज के विजेता ने टाटा पंच कार, द्वितीय प्राइज मोटर साइकिल, तृतीय पुरस्कार रेफिजेटर, एलइडी टीवी, एयरकंडीशनर, वाशिंग मशीन, मोबाइल फोन आदि अन्य विजेताओं के नाम घोषित किये गये हैं। सभी लकी विजेताओं को 16 नवम्बर को शोरूम में ही पुरस्कारों का वितरण किया जायेगा।

## दो महिलाओं और युवक ने कर ली आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गुजैनी, ग्वालटोली और नरवल थाना क्षेत्र में हुईं घटनाएं
- घटनास्थल पर पुलिस व फोरेंसिक ने की मामले की जांच

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एयरफोर्स कर्मी की मूकबधिर पत्नी, डायटीशियन और युवक ने जान दे दी। मानसिक विक्षिप्त युवक ने जहां तालाब में कूदकर जान दे दी, वहीं दो महिलाओं ने फंदे पर लटककर मौत को गले लगाया। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक ने मामले की जांच की। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की।

गुजैनी थाना क्षेत्र में अंबेडकरनगर निवासी जोधपुर के सरन नगर विष्णु नगर दीगारी निवासी दिल्ली में तैनात मूकबधिर एयरफोर्स कर्मी लाल साहब तिवारी की 28 वर्षीय पत्नी प्रियंका शर्मा ने ढाई साल की बेटी अक्षरा को बेड पर सुलाने के बाद गुरुवार देर रात साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि वह रक्षाबंधन में मां संतोष शर्मा और शिक्षक पिता पीडी शर्मा के पास देखभाल के लिए आ गई थीं तब से यहीं रह रही थीं। परिजनों ने बताया कि वह भी पति की तरह मूकबधिर थीं। लेकिन कभी इस समस्या को अपने आगे नहीं आने दिया।

बताया कि रोज की तरह सभी लोगों ने रात में खाना खाया। इसके बाद कमरे में सोने चले गए। शुक्रवार सुबह वह कमरे से बाहर नहीं आईं और बेटी की अंदर से रोने की आवाजें आने लगी। इस पर पिता उठकर दरवाजा खटखटाकर बुलाने गए, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर गुजैनी पुलिस पहुंची और दरवाजा तोड़ा। फंदे पर शव लटका देख माता-पिता के होश उड़ गए। फोरेंसिक टीम ने पुलिस के साथ साक्ष्य एकत्र किए और मोबाइल जब्त कर लिया। परिजनों ने बताया कि फरवरी 2017 में शादी हुई थी। अभी हाल में प्रियंका की बेटी अक्षरा का जन्मदिन मनाया गया था। इस संबंध में गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है। परिजनों ने किसी भी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है।

### अवसाद में डायटीशियन ने कर ली आत्महत्या

ग्वालटोली थाना क्षेत्र में एफएम कालोनी निवासी ट्रांसपोर्टर का काम कर चुके शरीफुद्दीन की 24 वर्षीय बेटी डायटीशियन फलक शरीफ ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। मिली जानकारी के अनुसार मृतका फलक दो बहनों में सबसे बड़ी थी। वह किसी बात को लेकर काफी अवसाद में चल रही थी। गुरुवार रात सभी लोग खाना पीना खाकर सो गए थे। शुक्रवार सुबह जब वह कमरे से नहीं निकली तो लोगों को शंका हुई। इस पर वह लोग पहुंचे जहां दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने गेट तोड़ा तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की।

### सरसौल में तालाब में कूद कर युवक ने दे दी जान

महाराजपुर थाना क्षेत्र में सरसौल के रावल देवी मंदिर के पास पास 30 वर्षीय सोनू तालाब के किनारे बैठा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उसने तालाब में कूदकर छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। परिजनों ने बताया कि उसका दिमागी संतुलन खराब होने के चलते आत्महत्या कर ली।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम में भाग लेकर चहकते रहे स्कूली बच्चे। अमृत विचार

### टैलेंट हंट एंड बाजीगर फेस्ट में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**कानपुर।** गोविंद नगर स्थित मनोरमा एजुकेशन सेन्टर में टैलेंट हंट एंड बिजनेस बाजीगर फेस्ट का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के गेम्स स्टाल लगाए। बच्चों ने अपने टैलेंट का प्रदर्शनकर माहौल को भव्य बना दिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या भक्ति जुनेजा ने बताया कि बिजनेस बाजीगर कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे भविष्य में आने वाली प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होते हैं। बिजनेस स्कील्स को प्रभावी ढंग से करना सीखते हैं क्योकि बिजनेस मे सफलता पाने के लिए इन्ही स्कील्स का होना जरूरी है। इस अवसर पर शिक्षको ने डांस तथा नाटक के माध्यम से स्कूल जीवन पर प्रकाश डाला। बच्चों ने अपने टैलेट के माध्यम से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। स्कूल के सभी शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर अंकित सिंह, प्रबंधक अमित सिंह मौजूद रहे।

### दूसरी मंजिल से गिरकर मजदूर घायल

**कानपुर।** फर्रुखाबाद निवासी 35 वर्षीय मोहित सिंह नौबस्ता थानाक्षेत्र के धरीपुरवा ससुराल में रहकर मजदूरी करता है। गुरुवार देर शाम वह घर की दूसरी मंजिल की छत से संदिग्ध परिस्थितियों में गिर गया। जिससे गंभीर रुप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। चौकी प्रभारी नितिन सिंह ने बताया कि मोहित के नशे में छत से गिरने की जानकारी परिवार से मिली है।

### सड़क किनारे मिला वृद्ध का शव

**कानपुर।** जूही थाना क्षेत्र में एक दुकान पर काम करके दो वक्त की रोटी पाने वाले वृद्ध का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। वह एक हाता में रहता था। सुबह राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जूही पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के बीकम सिंह का हाता 75 वर्षीय अशोक का स्थायी पता था। जूही बारादेवी निवासी रमाकांत शर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र में बताया कि अशोक उनकी दुकान में काम करता था। बताया कि ठंड लगने से उसकी मौत हो गई। वह रोज सड़क किनारे ही सोता था। दुकान से जो पैसे मिलते थे, उसी से वह अपना पेट पाल लेता था।

### सेंट्रल स्टेशन से पार किए एक लाख रुपये, दबोचा गया

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर यात्री बनकर बैठे लुटेरे भी हो सकते हैं। ऐसे ही एक लुटेरे ने बुजुर्ग के बैग से एक लाख रुपये पार कर दिया। गनीमत रही जीआरी ने सक्रियता दिखा और सीसीटीवी फुटेज से लुटेरे को धर दबोचा। उसके पास से 80080 रुपये बरामद हुआ। नौबस्ता थाना क्षेत्र के राजीव विहार निवासी 58 वर्षीय हसमत अली शनिवार को लखनऊ जाने के लिए सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। वह एक नंबर प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, इसी बीच उन्नाव अजगैन के मदनापुर निवासी महमूद अली आया। एक ही बिरादरी के होने के नाते दोनों में बातचीत होने लगी और हसमत उसे बैग सौंपकर पानी पीने चले गए। इस बीच महमूद ने बैग से एक लाख पार कर दिए। बुजुर्ग वापस आए तो उन्हें बैग मिल गया और महमूद चला गया। ट्रेन में सवार होने से पहले बुजुर्ग ने पैसे देखे तो बैग में नहीं थे। सोचा शायद घर में ही भूल गए होंगे। वापस लौटे तो घर में भी पैसे नहीं थे। लौटकर जीआरपी में तहरीर दी। जीआरपी प्रभारी ओएन सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में घटना कैद थी, खोजबीन में संदिग्ध मिल गया। उसके खिलाफ पहले से ही सात मामले चोरी, छिनैती के उन्नाव व कानपुर में दर्ज हैं। जीआरपी ने खोजबीन शुरू की। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि संदिग्ध की तलाश की तो वह गुरुवार देररात हैरिसगंज पुल के पास मिल गया। उसके पास से 80080 रुपये भी बरामद हो गए। बुजुर्ग ने आरोपी की पहचान की।

## एक नजर

### वैन की टक्कर से बाइक सवार की चली गई जान

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में धोबिनपुरवा पिपरगवां निवासी 22 वर्षीय आदित्य मजदूरी करता था। चाचा मुन्नीलाल ने बताया कि एक हादसे में घायल हुए गांव निवासी विमल की पत्नी नीतू को छोड़ने जा रहा था। बताया कि वह कोरिया चौकी के पास पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार वैन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पांच माह पहले उसकी शिवांगी से शादी हुई थी। वह पति की मौत के बाद अचेत हो गई।

### बच्ची को तलाशकर परिजनों को सौंपा

**कानपुर।** भीड़भाड़ में सेंट्रल स्टेशन पर खोई बच्ची को तलाश कर जीआरपी ने परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि औरैया निवासी रामजी अपनी पत्नी निशा व 7 वर्षीय बेटी शिवानी के साथ सफर कर रहे थे। सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस पर गाजियाबाद से कानपुर आने के बाद जब वह सेंट्रल स्टेशन पर उतरे तो भीड़ के कारण बच्ची खो गई। परिजनों ने सूचना दी। जीआरपी ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद करीब 20 मिनट में बच्ची को तलाश कर परिजनों को सौंप दिया।

### संदिग्ध हालात में आग का गोला बना युवक, मौत

**कानपुर।** पनकी थाना क्षेत्र के पतरसा निवासी कमलेश (32) दीपावली की रात में कमरे में जल गया था। दूसरे दिन लोगों को पता चला तो उसे उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गुरुवार रात उसने दम तोड़ दिया। भाई अरविंद ने बताया कि वह मजदूरी करके अकेले रहता था। किन स्थितियों में वह आग से जला, किसी को जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस ने मामले की जांच की।

### अचेत मिले चालक की मौत

**कानपुर।** फजलगंज थानाक्षेत्र में स्थित शनिदेव मंदिर के पास सात नंवबर को जूही यू ब्लॉक निवासी 40 वर्षीय संतोष कुमार अचेत अवस्था में पड़ा मिला था। आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उसे हैलट में भर्ती कराया। जहां 11 नवंबर को उसकी मौत हो गई। परिजन उसे तलाशते रहे लेकिन उसका कुछ नहीं पता चला। 14 नवंबर को परिजन भटकते पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शिनाख्त की। बताया कि वह एक बंगला मालिक की कार चलाता था।

## रामादेवी से छात्र लापता अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थाना क्षेत्र के सनिगवां इलाके की घटना
- दोस्त के साथ बाइक से लौट रहा था आरकेपुरम

**अमृत विचार।** चकेरी के सनिगवां क्षेत्र का रहने वाला एक इंजीनियरिंग का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लखनऊ से घर वापस आते समय रामादेवी पुल से लापता हो गया। परिजनों ने अपहरण की आशंका जाहिर करते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।



अंशुमान प्रताप सिंह।

सनिगवां के आरकेपुरम निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उनके चचेरा भाई अंशुमान प्रताप सिंह ने इसी साल बीटेक पास किया है। 5 नवंबर को वह अपनी डिग्री व सर्टिफिकेट लेने लखनऊ गया था। रात करीब 10 बजे छोटे भाई देवांशु प्रताप से उसकी बात हुई थी। तब उसने रामादेवी पुल के ऊपर होने की बात बताई थी। यह भी बताया था कि वह दोस्त के साथ मोटर साइकिल से घर आ रहा है।

काफी देर बाद भी जब वह घर नहीं पहुंचा तो दोबारा फोन किया तो उसका फोन बंद बताने लगा। उन्होंने चकेरी थाने में सूचना दी। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पहले गुमशुदगी दर्ज की गई थी। जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश की जा रही है।

### कम नहीं हुई धुंध



शुक्रवार को भी वातावरण में धुंध छाई रही। सुबह करीब नौ बजे तक धुंध का असर कुछ ज्यादा ही रहा। शाम के समय पांच बजे से धुंध वातावरण में छा गई। इसके लिए प्रदूषण को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। अमृत विचार

## गाड़ी निकालने के विवाद में युवक को पीटा

**कल्याणपुर।** चकरी सनिगवां रोड वैष्णो नगर निवासी अभिषेक कुमार के मुताबिक बुधवार की सुबह वह विनायकपुर निवासी अपनी मौसी के घर जा रहे थे। तभी गली में सामने से आ रहे कार सवार सागर व दो अन्य लोगों ने गाड़ी निकालने को लेकर विवाद हो गया। जिसपर आरोपितों ने असलहा दिखा उन्हें गाड़ी से बाहर निकाल कर बुरी तरह पीट दिया और मौके से भाग निकले। लोगों ने पकड़ने का प्रयास भी किया पर सफल नहीं हुए। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**सीके नायडू ट्रॉफी** | कप्तान आराध्य के नाबाद 158 रनों की बदौलत 315 पर पहुंचा स्कोर, दोनों खिलाड़ी क्रीज पर डटे

## आराध्य-शोएब की शतकीय साझेदारी ने यूपी को संभाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गेंदबाजी में गोवा के शिवम प्रताप और लखमेश ने 2-2 विकेट झटके

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेले जा रहे कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर-23 मुकाबले में पहले दिन शुक्रवार को यूपी की शुरूआत अच्छी नहीं रही। गोवा की गेंदबाजी के आगे यूपी के 4 विकेट 73 रन पर ही गिर गए। टीम के कप्तान आराध्य यादव ने शोएब सिद्दीकी के साथ टीम को संकट से बाहर निकाला। दोनों खिलाड़ियों ने दोहरी शतकीय साझेदारी से टीम के स्कोर को पहले दिन का खेल खत्म होने तक 78 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 315 रन तक पहुंचा दिया। कप्तान आराध्य ने नाबाद 158 रन और शोएब सिद्दीकी ने नाबाद 98 रन बनाकर क्रीज पर हैं। वहीं गेंदबाजी में शिवम प्रताप सिंह और लखमेश ने 2-2 विकेट झटके।



शुक्रवार को बल्लेबाजी करते यूपी टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

गोवा की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। यूपी के सलामी बल्लेबाज मानव सिंधू व स्वास्तिक चिकारा ने पारी की शुरुआत की। यूपी का स्कोर अभी 16 रन पर ही था कि गोवा के गेंदबाज शिवम प्रताप सिंह ने स्वास्तिक चिकारा को 6 रन पर एलबीडब्ल्यू कर पहला झटका दिया। इसके बाद तीसरे नंबर पर शहर के आदर्श सिंह बल्लेबाजी करने आए, उन्होंने पिछले मैच में अर्द्धशतकीय पारी खेली थी। यूपी का दूसरा विकेट मानव सिंधू का 12 रन पर गिरा, उन्हें लखमेश पावाने ने कौशल के हाथों कैच कराकर वापस भेजा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान आराध्य यादव ने आदर्श सिंह के साथ मिलकर यूपी के स्कोर को आगे बढ़ाना शुरू किया, लेकिन आदर्श सिंह 13 रन पर पवेलियन लौट गए। लखमेश पावाने ने आर्यन अजय नारवेकर के हाथों कैच करवाकर यूपी को तीसरा झटका दिया। इसके बाद आराध्य ने सिद्धार्थ यादव के साथ मिलकर स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। यूपी का स्कोर 73 रन पर पहुंचा था कि शिवम प्रताप सिंह ने सिद्धार्थ यादव को 21 रन पर बोल्ड कर दिया। चार विकेट के बाद बल्लेबाजी करने आए शोएब सिद्दीकी ने आराध्य के साथ मिलकर सधा खेल खेलना शुरू किया। धीरे-धीरे दोनों के हाथ खुलते गए और गोवा के गेंदबाजों की गेंदों पर मैदान के हर कोने पर शार्ट लगाए। आराध्या ने 156 गेंद पर 12 चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया। उस समय यूपी का स्कोर 217 रन पर था। दूसरी ओर शोएब ने भी 87 गेंद पर अपना 50 रन पूरा किया। दोनों ने गोवा के गेंदबाजों को पहले दिन का खेल खत्म होने तक विकेट नहीं लेने दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर यूपी ने 78 ओवर में चार विकेट पर 315 रन बना लिए थे। आराध्य यादव 241 गेंदों पर 18 चौकों की मदद से नाबाद 158 रन और शोएब सिद्दीकी 135 गेंदों पर 6 चौकों व 4 छक्कों की मदद से नाबाद 98 रन बनाकर खेल रहे हैं। गेंदबाजी में शिवम प्रताप व लखमेश पावाने ने 2-2 विकेट लिए।

## काम के विरोध पर बच्चियों को गर्म पानी से जला दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चमनगंज थाना क्षेत्र की घटना आरोपी दंपति पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** चमनगंज थाना क्षेत्र में एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना हुई, जहां घर पर काम करने वाली एक महिला ने दंपति पर दो नाबालिग बच्चियों से जबरन काम करवाने और विरोध करने पर उन्हें गर्म पानी से जलाने का गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

दलेलपुरवा निवासी महिला कामनी के अनुसार वह हलीम कॉलेज के पास स्थित अब्दुल रहमान के घर पर काम करती थी। 13 नवंबर को वह उनके घर में काम करने गई थी। आरोप लगाया कि अब्दुल व उसकी पत्नी दानिया अपने घर में 10 साल की दो बच्चियों से जबरन काम करवाते हैं। बच्चियों के काम करने से मना करने पर दंपति उनका हाथ गर्म पानी से जला देते हैं। जब यह बातें बच्चियों ने उन्हें बताई तो उन्होंने दंपति से विरोध किया। विरोध करने पर दपंति ने उनके साथ गालीगलौज कर मारपीट की और पुलिस से शिकायत करने पर धमकाया। वह किसी तरह से वहां से बचकर आई और चमनगंज थाने में आरोपी दंपति के खिलाफ शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक चमनगंज दिनेश सिंह विष्ट ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी दंपति के खिलाफ स्वेच्छा से चोट पहुंचाने, सम्मान को नुकसान पहुंचाने, गलत तरीके से कैद करने और बालश्रम के धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### अंडर-19 टूर्नामेंट में केसीए एकादश ने जीता मैच

**कानपुर।** जालौन क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को द्वितीय यशोदानंदन सिरौठिया स्मारक राज्य स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता हुई। जिसमें केसीए एकादश ने फिरोजाबाद को तीन विकेट से पराजित किया। उरई के पुलिस लाइन मैदान पर खेले गए पूल-बी के मैच में फिरोजाबाद की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 194 रन बनाए। इसमें उदय यादव ने 56, हमजा ने 45 व तनिष्क यादव ने 35 रन बनाए, वहीं गेंदबाजी में आशुतोष पांडेय ने 4 व दीपांशु सिंह ने 2 विकेट लिए। जवाब में केसीए एकादश टीम ने 19 .4 ओवर में 7 विकेट पर 195 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें ब्रजेंद्र ने 90 रन, सार्थक लोहिया ने 31 व शिवांशु सचान ने 30 रन बनाए, गेंदबाजी में हमजा ने 3, योगेश यादव ने 2 विकेट झटका। प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब ब्रजेंद्र को मिला।

### एसएएफ ग्राउंड में सहज प्रीमियर लीग 17 को

**कानपुर।** सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की खेल समिति के अनुसार रविवार को एसएएफ ग्राउंड चकेरी में प्रीमियर क्रिकेट लीग शुरू होगी। इस लीग का उद्घाटन मैच कन्नौज और कानपुर की टीमों के बीच खेला जाएगा। खेल समिति के अनुसार सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड यूपी की प्रमुख मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी है, जिसका मुख्यालय आगरा में है। कंपनी खेल गतिविधियों के लिए अपनी टीम के बीच सहज प्रीमियर लीग का आयोजन कर रही है। क्रिकेट लीग की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



देवों को गंगा जल का अर्घ्य देतीं महिलाएं। अमृत विचार



युवतियों में दीपदान को लेकर उत्साह दिखा। अमृत विचार



युवतियों ने दीपों से रंगोली सजाई । अमृत विचार

# देवों के स्वागत में जले दीप, जगमगाए गंगा घाट

## एक लाख से अधिक दीप जलाए गए, रोशनी से शहर के 24 गंगा घाटों पर दीपोत्सव का नजारा, लोगों में दिखा खासा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** देव दीपावली पर शहर के 24 घाट शुक्रवार को जमगम रहे। दीपोत्सव ऐसा नजारा देखने को मिला। दीपों की झिलमिल चादर से गंगा में मनोहारी छटा बिखरी नजर आई। रंग-बिरंगी झालरों के बीच करीब एक लाख दीपों से घाट रोशन रहे। वहीं घाटों पर भजन संध्या से श्रद्धालु अध्यात्म में सराबोर दिखे। कार्तिक पूर्णिमा का पर्व होने से घाटों पर शुक्रवार भोर पहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही और गंगा में डुबकी लगाकर पूजन व दान-पुण्य किया। घरों में माता तुलसी का श्रृंगार, पूजन कर विदाई दी गई।

कार्तिक पूर्णिमा पर सुबह चार बजे से ही गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मान्यता के अनुसार श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पूजन, दान किया। इस दिन गंगा स्नान से कष्ट दूर होते और जन्मों के पाप का अंत होता है। श्रद्धालुओं ने अन्न व वस्त्र का दान करके घाटों पर दीप जलाकर सुख-समृद्धि की।

घरों में विधि विधान से तुलसी माता का पूजन किया गया। माता को श्रृंगार की सामग्री चढ़ाई और आरती उतारी। इस दिन देव दीपावली भी मनाई जाती है।

मान्यता के अनुसार शिव शंकर ने राक्षस त्रिपुरासुर का वध किया था, जिससे प्रसन्न होकर देवताओं ने धरा पर दीपावली मनाई थी। शहर के सभी 24 घाटों पर शुक्रवार को देव दीपावली पर दीपोत्सव नजर आया। श्रद्धालु, पुजारी, संत व संस्थाओं ने मिलकर घाटों पर दीपदान किया। जिससे हर घाट रोशन रहे। दीपदान के बाद भजन संध्या का दौर चला। जमकर उत्सव मनाया गया।



सरसैया घाट पर देव दीपावली का उत्सव मनाया गया। अमृत विचार

### सरसैया घाट पर देव दीपावली उत्सव

- **कानपुर।** करौली शंकर महादेव के सानिध्य में शुक्रवार को सरसैया घाट पर देव दीपावली का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संतों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद दीपदान किया और मां गंगा की स्तुति कर खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। शंकर सेना के सदस्यों और भक्तों ने मिलकर गंगा घाट पर हजारों दीप जलाए। जिससे घाट जगमग नजर आए। शाम को दीपों की रोशन घाट सतरंगी दिखे। रंगोली सजाई गई, दीपों से देव दीपावली लिखा गया। घाट की सीढ़ियों को सजाया गया और संतों को सम्मानित किया गया। मान्यता है कि देवताओं ने राक्षस त्रिपुरासुर के वध की खुशी में स्वर्ग को दीपों से सजाया था और काशी में देव दीपावली के दिन सभी देवता दीप जलाने आते हैं। इस मौके पर शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा, बृजेंद्र सिंह, आयुष द्विवेदी, बबलू सोनकर, विवेक द्विवेदी, राजेश शर्मा, अशोक सेन, बबलू पांडे, प्रशांत श्रीवास्तव आदि रहे।

### भजन संध्या में झूमे लोग, दीपदान किया

- **कानपुर।** गंगा देव दीपावली समिति की पहल पर 2021 से शुरू देव दीपावली अनवरत जारी है। हर वर्ष की तरह शुक्रवार को भी भव्य आयोजन हुआ। समिति के महामंत्री प्रवीण कुमार शुक्ल ने बताया कि काशी की तर्ज पर परंपरा को आगे बढ़ाते हुए तमाम स्वंयसेवी संगठन आगे आए हैं और आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं। शुक्रवार को विभिन्न घाटों पर भजन संध्या व दीपदान में समिति के अध्यक्ष बालयोगी अरुण पुरी, उपाध्यक्ष आशीष कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष राजीव शुक्ला, अमित अग्रवाल, मंत्री ब्रजेश शर्मा बेबू, वंदना गुप्ता, गौरव द्विवेदी, मदन भाटिया, कपिल बाजपेई, अशोक पांडेय, सत्यम त्रिपाठी, सुमित दीक्षित, राज किशोर आदि रहे और एक लाख से अधिक दीप जलाए।

### इन घाटों में खिली छटा

- अटलघाट गंगाबैराज, रानी घाट, भैरवघाट, परमट घाट, गोला घाट, गुप्तार घाट, भगवतदास घाट, सरसैया घाट, बाबा घाट, काली घाट, श्याम घाट, कमलेश्वर घाट, गणेश घाट, मैगजीन घाट, ब्रह्मवर्त घाट, लक्ष्मण घाट, ड्योढ़ीघाट , शेखपुर घाट, सिद्धनाथ घाट, बंगाली घाट, डबकेश्वर घाट, कोयला घाट आदि में दीपों की छटा खिली।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें




मंत्री सुरेश खन्ना को समर्थन पत्र सौंपते कर्मचारी नेता। अमृत विचार

# लाल इमली कर्मचारियों ने भाजपा को दिया समर्थन

विशेष संवाददाता, कानपुर

- बोर्ड के पूर्व सदस्य मनोज सिंह के प्रयास रंग लाए

**अमृत विचार।** 32 महीने का बकाया वेतन भुगतान और मिल चलाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय कपड़ा मंत्री से वार्ता कराने के आश्वासन पर लाल इमली कर्मचारियों ने सीसामऊ सीट पर भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया। प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना के आश्वासन पर समर्थन दिया।

खन्ना ने कहा कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि लाल इमली कारखाना फिर से चालू हो जाए। सीसामऊ क्षेत्र में कर्मचारियों के अनुसार लाल इमली कर्मचारी और उनके परिजनों को मिलाकर करीब 15 हजार वोटर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 29 सितंबर को कानपुर दौरे में घोषणा की थी कि लाल इमली वह चालू कराएंगे। हालांकि 9 नवंबर को भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के समर्थन में दर्शन पुरवा में हुई सभा में वह लाल इमली पर चुप्पी साध गए थे, जिससे कर्मचारियों में निराशा हुई। 13 नवंबर को सपा अध्यक्ष. अखिलेश यादव ने जीआईसी ग्राउंड पर हुई सभा के दौरान लाल इमली कर्मचारी संघ के नेताओं को मंच पर बुलाकर ज्ञापन लिया और मिल चलवाने का आश्वासन दिया। तब सपा को समर्थन देने की बात कही थी।

कर्मचारियों को फिर भाजपा की तरफ वापस लाने का काम भाजपा नेता कपड़ा मंत्रालय के बोर्ड के पूर्व सदस्य मनोज सिंह को सौंपा गया। उन्होंने मध्यस्थता करके लालइमली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह, उपाध्यक्ष नाथूराम बुंदेला, महामंत्री राशित अली से बात करके उनकी मुलाकात कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना से करायी। खन्ना ने उन्हें आश्वासन दिया। एक होटल में प्रेसवार्ता में बुलाकर भाजपा प्रत्याशी को समर्थन की घोषणा करा दी। उल्लेखनीय है कि मनोज सिंह ने पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी से प्रयास कराके कर्मचारियों का 67 करोड़ बकाया भुगतान कराया था।

# सीसामऊ सीट सपा की ही रहेगी : माता प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी नसीम सोलंकी भाजपा को भारी मतों से हराकर नया इतिहास बनाएंगी। यह सीट सातवीं बार भी सपा की होगी। इसी डर से सरकार सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को फर्जी मुकदमे फंसाकर जेल भेज रही है। यह बात नेता विरोधी दल व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कही।

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी नसीम सोलंकी के समर्थन में शुक्रवार को संगीत सिनेमा और चमनगंज घुसियाना चौराहा में जनसभा हुई, जिसमें नेता विरोधी दल व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय, बरेली के विधायक शहजिल इस्लाम शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं परभय का माहौल बना रहा है। पुलिस प्रशासन व बड़े अधिकारी भाजपा के एजेंट बनकर भाजपा प्रत्याशी को चुनाव लड़ा रहे हैं। सपा कार्यकर्ताओं को जनसभाओं व बैठकों में जाने से रोक रही है। भाजपा सरकार ने पूरी सरकारी मशीनरी को उपचुनाव में लगा दिया है, लेकिन पीडीए मिशन की टीम भाजपा के मंसूबों पर पानी फिर देगी। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी नसीम सोलंकी सपा को सातवीं बार भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से हराने का काम करेंगी। चमनगंज थानाध्यक्ष दिनेश सिंह बिष्ट सिपाहियों के साथ मुस्लिम इलाकों की जबरन दुकानें बंद कराकर जनता का उत्पीड़न कर रहे है। 2027 में सरकार बनने पर ऐसे थानाध्यक्षों को ऐसी जगह स्थानांतरित किया जाएगा, जहां पर पानी मिलना भी मुश्किल होगा। कहा कि भाजपा सरकार नगर में हिंदू-मुस्लिम एकता व भाईचारा में दरार डालकर समाज को बांटने का कार्य कर रही है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व सह प्रभारी सुनील सिंह साजन ने कहा कि यह चुनाव सीसामऊ जनता लड़ रही है, जिसमे जीत जनता की ही होगी। इस दौरान नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रभारी राजेंद्र कुमार, सह प्रभारी प्रेम प्रकाश वर्मा, विशंभर सिंह यादव, पूर्व विधायक गजाला लारी, विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, पूर्व विधायक सतीश निगम, प्रदेश सचिव केके शुक्ला, कांगेस नेता आलोक मिश्रा, दीपक खोटे, सुलेखा यादव, आशीष चौबे, राजेश कठेरिया आदि लोग रहे।



जनसभा में मौजूद नेता विरोधी दल माताप्रसाद पांडेय, बरेली विधायक शहजिल इस्लाम, विधायक और सपा के पदाधिकारी।



शुक्रवार को जनसंपर्क पर निकले भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी। अमृत विचार

# सुरेश अवस्थी ने किया जनसंपर्क

**कानपुर।** सीसामाऊ से भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने शुक्रवार सुबह तेजाब मिल कैंपस में भोले नाथ के दर्शन कर जनसंपर्क शुरू किया। उन्होंने कैंपस के एक-एक घर में पहुंचकर लोगों का आशीर्वाद लिया। हरसहाय कालेज के पीछे गलियों में जनसंपर्क किया। वरिष्ठ छात्र नेताओं के साथ बैठक की। ब्राह्मण समाज ने उन्हें विजयी होने का आशीर्वाद दिया। वैश्य समाज ने कहा कि मोदी व योगी की सरकार में वैश्य समाज खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। शाम को बंबा रोड के देव दीपावली कार्यक्रम में शामिल हुए। राजकिशोर तिवारी, गोविंद शुक्ला, अंजू श्रीवास्तव, गुंजन शर्मा, प्रकाश अग्निहोत्री, बार अध्यक्ष इंदीवर बाजपेई, आदित्य सिंह, राकेश तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, विजय गुप्ता, वीरेंद्र दुबे, टिंकू जायसवाल, राजकमल रहे।

## सार-संक्षेप



श्यामनगर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

### आतिशबाजी से सतरंगी हुआ आसमान

**कानपुर।** कार्तिक पूर्णिमा पर एलआईसी पार्क श्यामनगर में देव दीपावली धूमधाम से मनाई गई। आरएसएस के प्रांत संघचालक भवानी भीख ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता सह प्रांत संपर्क प्रमुख अरविंद मेहरोत्रा ने देव दीपावली के महत्व, तुलसी विवाह और पूजन की पौराणिक कथा पर प्रकाश डाला। स्वागत शांति स्वरुप भटनागर ने किया। अध्यक्षता गोपाल चंद्र पांडेय व संचालन नरेंद्र सचान ने की। बच्चों ने रंगोली, सामूहिक नृत्य, गायन में वाहवाही लूटी। बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया। पार्क सज्जा और दीप प्रज्ज्वलन में रश्मि, मोनिका व मोहिनी की प्रमुख भूमिका रही। आखिर में आतिशबाजी से आसमान सतरंगी हो गया। मुख्य अतिथि ने क्षेत्र के उमा शंकर गुप्ता, राम किशोर त्रिपाठी और ओम प्रकाश पांडेय को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अनुरुद्ध गुप्ता, संजीव रायजादा, दीपक गुप्ता, राकेश कुलश्रेष्ठ, शांति स्वरुप भटनागर, चंद्र कुमार गंगवानी, अरुण कुमार गुप्ता, विनोद शंकर दीक्षित, विनय पटेल, प्रेम नाथ विश्नोई आदि रहे।



अग्रवाल समाज की ओर से फूलबाग में कार्यक्रम आयोजित हुआ। अमृत विचार

### अग्रवाल समाज ने मनाई देव दीपावली

**कानपुर।** देव दीपावली पर अग्रवाल समाज की संस्थाओं श्री अग्रवाल सभा, श्री महाराजा अग्रसेन जयंती समिति, श्री महाराजा अग्रसेन वंशज सभा व अग्रवाल समाज किदवई नगर के सदस्यों ने अग्रसेन चौक फूलबाग में अग्र कुलदेवी महालक्ष्मी व अग्र समाज के पितामह महाराजा अग्रसेन का पूजन किया। अखंड दीप जलाकर देव दीपावली का शुभारंभ किया। महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने 501 दीप जलाकर सुख-समृद्धि की कामना की। मिष्ठान व दुग्ध का प्रसाद बांटा गया। यहां गुर प्रसाद अग्रवाल, गिरिराज किशोर अग्रवाल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, कैलाश नाथ अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, शरद अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सरवन संजीव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, ममता गर्ग आदि रहीं। संचालन व संयोजन आलोक अग्रवाल और मनीष दर्पण ने किया।

**उमड़ी भीड़** — प्रकाश पर्व पर सजा गुरुनानक देव जी का दरबार, शबद-कीर्तन के बीच गुरुवाणी से लोग हुए निहाल, महिलाओं और बच्चों में खूब दिखा उत्साह

# मोतीझील की खिली छटा, पंगत में बैठकर लोगों ने छका लंगर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साहब श्री गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर शुक्रवार को आस्था और सेवा का संगम रहा। मोतीझील में हुए महोत्सव में शबद, कीर्तन के बीच गुरुवाणी सुन भक्त निहाल हुए। पूरे दिन चले लंगर में लगभग सवा लाख से अधिक भक्तों ने प्रसादी छकी। श्री गुरु सिंह सभा लाटूश रोड के आयोजन में श्रद्धालुओं को मेहनत और दान का संदेश दिया गया।

मोतीझील में सजे दरबार में देर रात से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचने लगे थे। प्रकाश पर्व को समर्पित कीर्तन दरबार सजाये गए। दीवान में गुरुवार रात से श्री सुखमनी साहिब का पाठ हुआ। सिमरन साधना अरदास नितनेम गुरु नानक संगीत जत्था की ओर से हुआ। कीर्तन आसा दी वार सुरिंदर सिंह, मोहन सिंह की ओर से हुआ। इसी तरह कीर्तन जालंधर से आए हरजोत सिंह ज़ख़्मी ने किया। गुरमत विचार ज्ञानी मलकीयत सिंह हेड ग्रंथी श्री अकाल तख़्त साहिब की ओर से हुआ।

कीर्तन जुझार सिंह हजूरी रागी श्री दरबार साहिब की ओर किया गया। इस दौरान गुरु नानक देव जी द्वारा दी गई शिक्षाओं के तीन मूल आधार भी बताए गए। इनमें 'किरत करो-भाव ,ईमानदारी से कर्म करो। वंड छको-भाव, सब के साथ मिल बांटकर खाओं' का संदेश दिया गया। कहा गया कि कोई भी कर्म करने से पहले इस पर विचार करना कि मेरे इस कर्म से वाहेगुरु राज़ी है या नहीं। कीर्तन के दौरान 'जहार पीर जगत गुर बाबा, सतगुर नानक परगटिया मिटी धुंध जग चानण होआ' सुन भक्त उत्साहित हुए।

उधर, अरदास के बाद गुरु का लंगर के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। प्रधान श्री गुरुसिंह सभा हरविंदर सिंह लॉर्ड, मीत प्रधान हरजिंदर सिंह काले, धार्मिक जत्थेदार ज्ञानी मदन सिंह, मोहन सिंह झस ,सुरजीत सिंह , गुरूजिंदर सिंह, मीतू सागरी, दया सिंह गांधी, गगन ढींगरा, मनप्रीत सिंह भट्टी, तारन सिंह, अवनीश सलूजा ,मनमीत सिंह राजू, सुरिंदर सिंह चावला , करमजीत सिंह आदि रहे।

**सेवा भाव के साथ हाथ से पहनाए जूते:** यंग मैन सिख एसोसिएशन की ओर से दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को अपने हाथों से जूते पहनाकर सेवा की। लगभग दो सौ लोग जूतों की सफाई भी कर रहे थे।



गुरुनानकदेव जी के दरबार के सामने अरदात लगाते सिक्ख समाज के लोग। अमृत विचार

### महिलाओं, बच्चों ने की सेवा

- जोगिंदर सिंह बासू ने बताया कि प्रकाश पर्व पर सबसे अधिक भक्त शामिल होते हैं। इस सेवा में समाज की महिलाएं भी शामिल होती हैं। सेवा में लगभग दो सौ सेवादार लगातार जुड़े रहते हैं। इनमें बहुत से लोग आते हैं और चुपचाप सेवा कर चले जाते हैं।

### भाजपा, सपा प्रत्याशी भी पहुंचे

- प्रकाश पर्व पर लंगर के दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, एमएलसी अरुण पाठक, भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवसथी, विधायक नीलिमा कटियार, गुरविंदर सिंह विक्की, सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी भी महोत्सव में शामिल होने पहुंचीं।

### देर शाम तक बंटी प्रसादी

- गुरु प्रकाश पर्व के दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने लंगर छका। बिना किसी भेदभाव के सेवादार 'वाहे गुरु प्रसादी-वाहे गुरु प्रसादी' कहकर सभी को प्रसादी वितरित कर रहे थे। कतार में बैठे श्रद्धालु परिवार के साथ गुरु महाराज की प्रसादी ग्रहण कर रहे थे। लंगर के दौरान धूल से बचाव के लिए इस बार पूरे लंगर स्थल पर मैटिंग लगाई गई थी। देर शाम तक लंगर सेवा चलती रही। लंगर के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से प्रसादी घर भी ले जाई गई। खासतौर पर बुजुर्गों और रोगियों तक प्रसाद पहुंच सके इसके लिए खास इंतजाम किए गए थे। घर जाने वाली प्रसादी को बाकायद पत्तल में लपेट कर श्रद्धालू अपने घर ले जा रहे थे।



तबले की संगत के साथ शबद-कीर्तन सुनाते रागी जत्था। अमृत विचार



पंगत पर बैठकर बड़े ही चाव से लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। अमृत विचार

## एक नजर

### कुत्तों से बचाया राष्ट्रीय पक्षी मोर को

**बिठूर।** बिठूर क्षेत्र के मोहनपुर गांव में शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय पक्षी मोर मिला जिसे कुत्तों ने घेर रखा था और नोचने का प्रयास कर रहे थे। गांव निवासी अशोक गौतम ने कुत्तों के हमले से बचाया और घर लाकर मोर को दाना दिया। अशोक ने 112 पर पुलिस को सूचना दी।

### नकब लगाकर 30 हजार की चोरी

**चौबेपुर।** कस्बे में गुरुवार रात चोरों ने एक ज्वैलर्स की दुकान में नकब लगा करीब तीस हजार रुपये का माल पार कर दिया गया। दुकानदार को मामले की जानकारी सुबह दुकान खोलने के दौरान हुई। कस्बा निवासी रजत सविता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि कस्बे में सब्जी मंडी के सामने उसकी ज्वैलर्स की दुकान है। गुरुवार रात दुकान के पीछे साइड दीवार में सेंध लगा अंदर घुसे चोरों ने नकदी समेत करीब तीस हजार कीमत का माल पार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि जानकारी पर पुलिस मौके पर गई थी, मामले की जांच कराई जा रही है।

# बाइकों की भिड़ंत में 2 की मौत, एक घायल

## सजेती थाना क्षेत्र के बांध गांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता, घाटमपुर




**अमृत विचार।** सजेती थाना क्षेत्र के बांध गांव के पास गुरुवार देर शाम दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। घटना में दोनों बाइक में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर खड़ी पीआरबी के सिपाही दो गंभीर घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद एक अज्ञात को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे की हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं एक अन्य को जिला अस्पताल हमीरपुर भेजा गया जहां परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू की। पुलिस द्वारा अज्ञात की शिनाख़्त का प्रयास किया जा रहा है।

सजेती थाना क्षेत्र के बांध गांव के पास गुरुवार देर शाम दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना में दोनों बाइक में सवार तीन युवक जिनमें से जीत सिंह निवासी और अमन दिवाकर निवासी आनुपुर तथा एक अन्य अज्ञात घायल हो गया। घटनास्थल से कुछ दूर पर खड़ी पीआरबी के सिपाही ने घटना देखी तो घायलों को लेकर पीआरबी से अमन दिवाकर और अज्ञात को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद अज्ञात को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अमन की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल कानपुर रेफर किया है वहीं घटना में चौकी पुलिस द्वारा जीत सिंह को जिला अस्पताल हमीरपुर भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद जीत सिंह को मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने अज्ञात की शिनाख़्त नहीं हो पाई थी। वहीं दूसरे मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# इरफान ने क्षेत्र के विकास में नहीं ली दिलचस्पी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



खलासी लाइन में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीसामऊ से विधायक रहे इरफान सोलंकी ने क्षेत्र में विकास कराने में कभी दिलचस्पी नहीं दिखाई। उन्होंने केवल अपने व्यक्तिगत हित में काम किए हैं। सपा सरकार में अपराध व गुंडागर्दी अपने चरम सीमा पर थी। इस वजह से क्षेत्र की जनता इरफान सोलंकी से त्रस्त आ चुकी है। इसलिए सीसामऊ की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। यह बातें आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने एक कार्यक्रम में बोली।

ग्वालटोली, खलासी लाइन स्थित हरनाथ धाम में ब्राह्मण सेवा समिति ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे जेएमडी ग्रुप के चेयरमैन संजीव दीक्षित ने आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल को शॉल पहनाकर स्वागत किया। ब्राह्मण सेवा समिति ने भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी को अपना समर्थन देने का ऐलान किया। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा

- **आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने खलासी लाइन में बोलीं यह बात**

प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के इस सीट पर जीतने से क्षेत्र में और ज्यादा विकास होंगे। उन्होंने सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पति इरफान कोई आंदोलन करने की वजह से जेल नहीं गए हैं। बल्कि एक मुस्लिम महिला का प्लॉट कब्जा करने के लिए उनकी झोपड़ी में आग लगाने की वजह से बंद है। इसलिए नसीम सोलंकी को सबसे पहले उस महिला के पास जाकर उनके आंसू पोछने चाहिए थे। प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास पर काम करती हैं। सीसामऊ में हिंदू क्षेत्र विकास से अछूते रह गए हैं, जीतने पर पहली प्राथमिकता यहां विकास कराने की रहेगी। इसके अलावा टैफिक समेत क्षेत्र में जो समस्याएं हैं,उनसे जनता को निजात दिलाने पर काम किया जाएगा जेएमडी ग्रुप के चेयरमैन संजीव दीक्षित ने कहा कि यह उपचुनाव आने वाली पीढ़ियों और सनातन धर्म को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव कोई प्रत्याशी या दल नहीं लड़ रहा है, बल्कि पूरा सनातन धर्म लड़ रहा है। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी, ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज पांडेय, महामंत्री बिमल मिश्रा, कालिंद्री तिवारी, भूपेश अवस्थी व कानपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदीवर बाजपेयी समेत आदि लोग रहे।

# ग्राम पंचायतों के सचिवों ने भुगतान में किया खेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **निदेशालय से गेटवे भुगतान की जांच के बाद हुआ खुलासा**
- **निदेशक ने सचिवों व डीपीएम पर कार्रवाई के लिए लिखा पत्र**

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायतों में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल से संबंधित कामों में भी काफी खेल हो रहा है। सचिव आदेशों को सिर्फ कागजी फरमान समझकर मनमानी कर रहे हैं। नियमानुसार ई-स्वराज पोर्टल पर योजनाओं को अपलोड करने व काम के बाद भुगतान पंचायत सचिवालय में लगे कंप्यूटर से करने का आदेश है। लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। 16 ग्राम पंचायतों के सचिवों ने आदेशों को दरकिनार कर बाहर के कंप्यूटर से 16 लाख से अधिक का भुगतान कर दिया। मामला पकड़ में आया तो पंचायती राज निदेशक अटल राय ने डीपीआरओ को पत्र जारी कर सचिवों व डीपीएम के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर योजनाओं को अपलोड करने व भुगतान की मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी डीपीएम की होती है। पंचायत सचिवालय में लगे कंप्यूटर से ही भुगतान का आदेश होने के बाद ग्राम पंचायतों के सचिवों ने 16.24 लाख रुपये का भुगतान बाहर से कर दिया। निदेशालय से हो रही प्रदेश स्तर की मॉनीटरिंग में जिले की 16 ग्राम पंचायतों का खेल उजागर हुआ। तब अफसरों में हड़कंप मचा। बता दें कि 2022 में ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन कार्ययोजना से लेकर भुगतान की प्रक्रिया चालू हुई थी।

अधिकारियों के अनुसार इसका मकसद था कि कामों के भुगतान की डिटेल पोर्टल पर दिख सकेगी और कोई सचिव गड़बड़ी भी नहीं कर सकेगा। पंचायत भवन के कंप्यूटरों में आईपी एड्रेस लगा होता है, जिससे भुगतान कहां से कितना किया गया इसकी जानकारी भी रहेगी। पर सचिवों की मनमानी चालू है। सचिवालय से बाहर कंप्यूटर से भुगतान होने पर कोई जानकारी नहीं मिल पाती है और फर्जीवाड़ा की संभावना रहती है। यह मामला तब खुला जब निदेशालय ने गेटवे से भुगतान की जांच की। सचिवों की मनमानी और बाहर से भुगतान का पता चलने पर निदेशक ने डीपीआरओ को डीपीएम और सचिवों के खिलाफ तीन दिन के अंदर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### किन ग्राम पंचायतों में हुआ बाहर से भुगतान

निदेशालय से की गई मॉनीटरिंग में कहा गया है कि जिले में बैठकर निगरानी करने वाले डीपीएम की लापरवाही और सचिवों की मनमानी है। इस कारण भीतरगांव ब्लाक की चार पंचायतें, चौबेपुर की एक, घाटमपुर की पांच, कल्याणपुर की एक, पतारा की दो, सरसौल की दो, शिवराजपुर की एक ग्राम पंचायत का बाहरी कंप्यूटर से लगभग 16 .24 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।

> ग्राम पंचायतों में गेटवे से ही भुगतान करने के निर्देश हैं। इसके बाद भी सचिवों ने मनमानी की। डीपीएम की भी जवाबदेही है। इस मामले में सभी को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक न होने पर कार्रवाई निश्चित है।
>
> -अटल राय, निदेशक पंचायती राज

# जीवन के मूल्य समझाती गीता: पालीवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रीमद्भगवत गीता वैदिक न्यास के अध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल ने कहा कि गीता हिंदू धर्म के प्रमुख ग्रंथों में से एक है जो मन, शरीर और आत्मा की जीवन शैली के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह मात्र एक कहानी नहीं है, आज के सामाजिक प्रवेश से इसे कई तरीके से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि गणमाध्यम सामाजिक गुणवत्ता का माहौल बनाता है।

डॉ. पालीवाल ने कहा कि गीता से हमें कुछ महत्वपूर्ण सीख मिलती हैं, जिसे दैनिक जीवन के आचरण और व्यवहार में उतारने करने चाहिए। गीता में भगवान श्रीकृष्ण हमें यह समझाते हैं कि कैसे इन हार-जीत की भावनाओं, अन्य भविष्य के डर से हमें मुक्त होना है और कैसे अपने दैनिक जीवन को सुख से जीना है। डॉ.पालीवाल यहां कानपुर प्रेसक्लब में श्रीमद्भगवत गीता वैदिक न्यास और प्रेसक्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गीत पर संगोष्ठी में बोल रहे थे।

न्यास के मंत्री भूपेश अवस्थी ने आज के समाज में गीता की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। गीता न्यास के पदाधिकारी अमरनाथ ने चुनींदा श्लोकों की व्याख्या करके जीवन में उनकी प्रासंगिकता बताई। वरिष्ठ उर्दू पत्रकार जुबैर अहमद फारुखी ने गीता के श्लोक और कुरान की आयतों पर प्रकाश डालते हुए मीडिया के संदर्भ में अपनी बात विस्तार से रखी।

- **पांच दिसंबर से गीता जयंती सप्ताह मनाया जाएगा, हफ्ते भर होंगे कार्यक्रम**

कमल त्रिवेदी ने विस्तार से भावी कार्यक्रमों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गीता जयंती सप्ताह कार्यक्रम पांच दिसंबर से शुरू होंगे। इस दिन गीता संगोष्ठी और तैयारी बैठक होगी। छह दिसंबर को गीता जागरण संपर्क अभियान एवं आमंत्रण मुहिम, सात दिसंबर को सपरिवार सामूहिक गीता पाठ व स्वध्याय संकल्प दिवस, आठ को गीता स्थापना, नौ को विद्यालयों में गीता पाठ, दस को गीता जयंती पर दीपोत्सव और 11 दिसंबर को प्रदेशव्यापी मानव श्रृंखला आयोजित की जाएगी। अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस वाजपेयी ने की तथा संचालन महामंत्री शैलेष अवस्थी ने किया।

# अलग-अलग गांवों में 3 युवकों ने की आत्महत्या

**भीतरगांव (घाटमपुर)।** थाना क्षेत्र के अलग अलग तीन गांवों में युवकों ने आत्महत्या कर ली। शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने विधिक कार्रवाई की।

शुक्रवार सुबह कस्बा साढ़ निवासी जीतू पुत्र परशुराम ने भीतरगांव रोड स्थित गौशाला के पास बबूल के पेड़ में रस्सी के सहारे लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि बीती शाम से ही युवक घर नहीं आया था जिसे परिजन रात भर तलाशते रहे। सुबह शौच को निकले ग्रामीणों ने उसका पेड़ पर लटका शव देख परिजनों को सूचना दी। बताया जाता है कि मृतक की शादी चार वर्ष पूर्व मोहम्मदपुर गांव में हुई थीं पत्नी मायके में ही रहती है मृतक अपने माता पिता के साथ रहता था वो अपना निजी का ट्रैक्टर चलाता था।

दूसरी घटना भीतरगांव चौकी के खदरी मोड़ के पास हुई जहां भीतरगांव निवासी विनेश कुमार 25 पुत्र कल्लू उर्फ रमेश ने सुबह जामुन के पेड़ से फंदा डालकर फांसी लगा ली है फील्ड यूनिट को मौके पर बुला साक्ष्य जुटाए। तीसरी घटना साढ़ क्षेत्र के अमौर में घटित हुई जहां अमौर निवासी दयाशंकर त्रिपाठी 30 पुत्र करुणा शंकर त्रिपाठी जो की अविवाहित था और हलवाई का काम करके अपना खर्चा चलाता था शुक्रवार दोपहर अमौर गेट पर बनी दुकान के पीछे नीम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। ग्रामीणों ने जब देखा तो परिजनों को सूचना।

# कानपुर के साहित्य का पृथक पुस्तकालय हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गोपाल खन्ना यायावर के संस्मरण जीवन बदल देने वाली घटनाएं यथार्थ को बताते हैं। यह विचार यूनाइटेड पब्लिक स्कूल के सभागार में पुस्तक लोकार्पण समारोह में वक्ताओं ने कही। मुख्य अतिथि, सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि पुस्तकें जीवन में बदलाव लाने का काम करती हैं। यह पुस्तक उसी कड़ी की महत्वपूर्ण पठनीय पुस्तक है। उन्होंने कहा कि कानपुर साहित्य का केन्द्र रहा है। यहां एक प्रदेशस्तरीय पुस्तकालय का गठन की आवश्यकता है। इस दिशा में हर संभव सहयोग देने को वह (सांसद) तैयार हैं।

पुस्तक के लेखक गोपाल खन्ना ने कहा कि सभी संस्मरण जीवन से जुड़े सच्ची घटनाओं पर केन्द्रित हैं जो आपको प्रेरित करते हैं। डा.सुरेश अवस्थी ने कहा कि संस्मरण आंखिन देखी विधा है।

- **यायावर के संस्मरण पर पुस्तक का हुआ लोकार्पण**

सभी संस्मरण जीवन का अंग होते हैं और अनुभवों पर केन्द्रित हैं। डा, प्रदीप दीक्षित कहते हैं कि यायावर जी की किताब में फलसफा कम हैं लेकिन सामाजिक संदेशों से उसकी पूर्ति हो रही है। अजय त्रिवेदी ने कहा कि यायावर के संस्मरण जीवन में प्रेरणादायक और आदर्श परक हैं। इसमें उस वक्त और लोगों के साथ के सबक हैं। डा,अनिल मिश्र ने कहा कि यह किताब बहुत शानदार और यथार्थ मूल्यों पर केन्द्रित हैं।

संचालन वरुण त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में इंद्रमोहन रोहतगी, मूलचंद सेठ, शिव शरण त्रिपाठी, (मारल) डा जहाँन सिंह, डा, मधु प्रधान,डा,जय राम सिंह गौर,सतीश गुप्त, विनोद त्रिपाठी,डा दया दीक्षित, डा, सुषमा त्रिपाठी, डा, विजय लक्ष्मी त्रिवेदी, डा, राधा साक्य, अशोक बाजपेयी,चक्रधर त्रिपाठी, रमेश दीक्षित,लोकेश शुक्ल,लता कादंबरी,विनोद श्रीवास्तव, डा हृदय गुप्ता,सुरेंद्र सीकर, नंद किशोर मिश्रा, पंकज पांडे आदि मौजूद रहे।

# 25 हजार रुपये का इनामी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव चौकी के गुगुरा गांव में बीते दिनों हुए जमीनी विवाद में किसान की पिटाई के बाद इलाज के दौरान हुई मौत के बाद से फरार चल रहे पच्चीस हजार के इनामी हत्यारोपी को साढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गुगुरा गांव निवासी अतर सिंह की पड़ोसी कपूर सिंह आदि से मवेशी बांधने को लेकर विवाद हुआ था जिसपर कपूर सिंह ने चार अन्य के साथ मिलकर उसको जमकर पीटा था जिससे उसकी मौत हो गई थी साढ़ पुलिस ने हत्या समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे जिनमें चार आरोपियों को पुलिस पूर्व में ही जेल भेज चुकी थी। शुक्रवार को साढ़ थानाध्यक्ष कुशल पाल सिंह ने मुखबिर की सूचना पर उसे पकड़ा।

## सार-संक्षेप


हवन में आहुतियां देते यजमान। अमृत विचार

### सवामनी हवनोत्सव का समापन

**सरसौल।** सलेमपुर रूमा स्थित श्री बालाजी सरकार मंदिर में 33वां वार्षिक सवामनी हवनोत्सव पूरी दिव्यता के साथ संपन्न हुआ। प्रात :काल भजन कीर्तन के साथ विराट यज्ञशाला में विद्वान आचार्यों की उपस्थिति में सवा मन हवन सामग्री की आहुतियां प्रदान की गईं, दोपहर में छप्पन भोग अर्पित करते हुए मंगल गीतों के साथ विशाल भंडारा प्रारंभ हुआ जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया, सायं काल आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष हरीश मखीजा, महामंत्री मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता गोल्डी, कोषाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, प्रहलाद दास गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनोज सेंगर , मंत्री अनूप शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, अशोक त्रिपाठी, अरविंद मित्तल,गोविंद अग्रवाल, जग महेंद्र अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे।

### संसार में अपना कुछ है ही नहीं

**सरसौल।** श्रीस्वामी पथिक सेवा समिति लखनऊ द्वारा आयोजित श्रीनागा निरंकारी महराज का 88वां निर्वाण मनाया गया। नागा निरंकारी समाधि मंदिर पाली में कार्यक्रम हुआ। इसी के तहत नागा बाबा समाधि मंदिर प्रांगड़ में संत सम्मेलन हुआ। प्रवचन में डॉ . साक्षी चेता ने कहा कि गुरुदेव कहते हैं कोई अन्य व्यक्ति आपको भक्ति मुक्ति शांति नहीं दे सकता, क्योंकि हर जीव को यह तीनों मिली हुई हैं, संसार में अपना कुछ है ही नहीं। ये मुक्ति है, मुझे संसार से कुछ नहीं चाहिए ये शांति है और परमात्मा हमसे भिन्न नहीं है ये भक्ति है। हम सब डिजिटल अरेस्ट की तरह मेंटल अरेस्ट हैं, मैं देह मन बुद्धि नहीं हूं, मैं शुद्ध चेतन आत्मा हूं जो अकर्ता है, आप अपने को फल की इच्छा के कारण कर्ता बना कर इस मायाजाल में उसी तरह फंस जाते हो जैसे डिजिटल अरेस्ट वाले झूठा जाल फैलाकर आपको फसातें हैं।

### भूमि विवाद में मारपीट, दो घायल

**चौबेपुर।** क्षेत्र के भगवंतपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में दो लोग घायल हुए।घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। मालूम हो कि क्षेत्र के भगवंतपुर गांव निवासी शिवम व गांव के कमलेश आदि के बीच भूमि का विवाद चला आ रहा है। शिवम पुत्र स्व राम दत्त ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है उसकी जमीन पर गांव के कमलेश, राजेश पुत्रगण सोनेलाल आदि जबरन कब्जा करना चाहते हैं। बताया कि गुरुवार को भाई गौरव व चचेरा भाई जीतू पुत्र ज्ञान दत्त खेत पर धान फसल की रखवाली कर रहे थे।तभी कमलेश, राजेश पुत्रगण सोनेलाल राजेश की पत्नी, सचिन पुत्र कमलेश अंखू व सुनील पुत्र बुद्धी लाल आदि लाठी डंडा व कुल्हाड़ी लेकर खेत पर आ पहुंचे और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला बोल दिया। मारपीट में जीतू व गौरव के सिर में गंभीर चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल जीतू को हैलट कानपुर रेफर किया गया है।

### धान खरीद केंदों पर शुरू हुई खरीद

**बिल्हौर।** धान खरीद केंद्रों पर अब तेजी दिखाई दे रही है। इससे पहले आढ़तों पर धान जमकर खरीद हुई। वहां धान के ढेर लग गए। शासन की ओर से जिले में 34 सरकारी धान खरीद केंद्र बनाए गए हैं। हालांकि एक ओर जहां निजी आढ़तों पर धान की बिक्री ने जोर पकड़ा है। वहीं दूसरी ओर सरकारी केंद्रों पर वो रफ्तार नहीं दिखाई दे रही है। अधिकतर केंद्रों पर प्रभारी किसानों का इंतजार करते हुए नजर आए। 1 नवम्बर से जिले में सभी 34 सरकारी केंद्रों पर धान की खरीद शुरू हो गई। इसमें खाद्य विभाग के 19, पीसीएफ के 9, यूपीएसएस के 2 पीसीयू के 3 व भारतीय खाद्य निगम का एक केंद्र शामिल है। जिनमें शिवराजपुर नवीन मंडी, उत्तरीपुरा शामिल है। हालांकि क्षेत्र के किसान सरकारी केंद्रों से ज्यादा प्राइवेट आढ़तों पर अपना ज्यादा विश्वास जाता रहे हैं, जिसके चलते कई केंद्रों पर खरीद चिंता जनक है। ककवन क्रय केंद्र प्रभारी धर्मेंद्र पाल ने बताया कि क्रय केंद्र खुले हैं। सभी में व्यवस्थाएं पूरी हैं। क्षेत्र के सभी किसानों से संपर्क किया जा रहा है और शासन के सभी नियमों का पालन किया जाएगा। जबकि विपणन तहसील प्रभारी तोशकर झा ने बताया कि मंडी के लगभग 150 आढ़तिया हैं।

**कार्तिक पूर्णिमा** — सुरक्षा की दृष्टि से की बैरीकेडिंग, गहरे में जाकर स्नान करने से पुलिस ने रोका


गंगा में स्नान करने उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार


गंगा स्नान के लिए घाट पर मौजूद श्रद्धालु व पुलिस के जवान। अमृत विचार

# गंगा घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार।** कार्तिक पूर्णिमा का दिन बहुत ही पावन माना जाता है, इस दिन भारी तादाद में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए घाटों पर पहुंचते है। बिठूर के घाटों पर भी श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। दूर-दूर से स्नान करने के लिए घाटों में श्रद्धालु उमड़े। घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरीकेडिंग की गई। गहरे जल में स्नान कर रहें श्रद्धालुओं को लाउडस्पीकर के जरिये चेतावनी भी दी गई। श्रद्धालुओं को घाटों तक पहुंचने के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए कानपुर ट्रैफिक पुलिस ने बिठूर चुंगी के तीन सौ मीटर पहले ही बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों को पास में बनी पार्किंग में खड़ाकर स्नान करने के लिए घाटों तक श्रद्धालुओं को जाने दिया। इस दौरान घाटों पर भारी संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती की गईं है साथ ही पीएसी व जल पुलिस के जवान भी निगरानी करते रहे।

### गंगा स्नान कर किया दान पुण्य

**चौबेपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के बंदी माता घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचे। स्नान के पश्चात लोगों ने दान पुण्य किया। इस मौके पर घरों में तुलसी पूजा व सत्यनारायण जी की कथा आदि का आयोजन भी हुआ। कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन गंगा घाट पर पूरी तरह से मुस्तैद रहा। मालूम हो कि कार्तिक पूर्णिमा पर्व को लेकर सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग क्षेत्र के बंदी माता घाट व बिठूर स्थित विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान के लिए गए। स्नान के उपरांत दान पुण्य व दीपदान किया। इसके अलावा घरों में भी तुलसी की पूजा व भगवान सत्यनारायण की कथा भी लोगों ने सुनी। गंगा स्नान के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन सुबह से शाम तक घाट पर ही मौजूद रहा। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि पर्व पर किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए घाट पर पुलिस प्रशासन पूरे समय मौजूद रहा।


कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में मौजूद मेलार्थी। अमृत विचार

# देव दिवाली पर मंदिरों में उमड़े भक्त

संवाददाता, घाटमपुर

- **घाटमपुर के कूष्मांडा मंदिर नहर कोठी रेवना, गिरसी कुंडनी दरबार में रही भीड़**

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत देव दिवाली व कार्तिक पूर्णिमा को लेकर घाटमपुर की सिद्ध पीठ मां कूष्मांडा देवी में विशाल मेला लगा। इसमें लोगों ने पहुंचकर मां के दर्शन किए और मेले का आनंद लिया। मेले में बुलेट ट्रेन एवं झूला आकर्षण का केंद्र रहा है। वहीं रेवना थाना क्षेत्र के रेउना नहर कोठी एवं गिरसी नहर कोठी में भी मेले का आयोजन किया गया, जहां पर क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर मेले में खरीदारी की। घाटमपुर में कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दिवाली के उपलक्ष्य में मां कुशमंडा देवी मंदिर घाटमपुर में विशाल मेले का आयोजन किया गया। जहां पर क्षेत्रीय भक्ति जनों ने पहुंचकर मां कुष्मांडा देवी के दर्शन किए और वहां पर लगे मेले में जमकर खरीदारी की एवं मेले में झूला आदि आकर्षण का केंद्र रहा। लोग देर रात तक मेले में खरीदारी करते रहे। वही रेवना थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कोठी रेवना में भी भव्य मेले का आयोजन किया गया। यहां पर बासौरा, कंधइपुर, मखोली, रहठी, मुएया,सरइया, बिच्छीपुर, मदनपुर, इस्माइलपुर, मवई माधव सहित सैकड़ो गांव के लोग मेले में पहुंचकर खरीदारी की।

## एक नजर

### 2 के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**शिवली।** चौकी बाघपुर के गांव रानीगंज रास्तपुर के रहने वाली तस्मीन ने पुलिस को बताया कि 12 नवंबर को सुबह नूरगंज रायपुर रनियां के रहने वाले अमीरबक्स अपने साथी अमीरे के साथ घर आकर पिता व मां को गाली गलौच कर रहे थे। विरोध करने पर मेरी पिटाई कर दी। चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### रास्ते में रोक कर मारपीट

**रूरा।** थाना क्षेत्र के असेनी गांव निवासी श्रीराम पाल ने पुलिस को बताया कि बीती 11 अक्टूबर को उसका पुत्र अभिषेक व भतीजा अरविंद अपनी बाइक से घर असेनी आ रहे थे। तभी रोशनमऊ व पतरा के बीच राहुल उर्फ एला की दुकान पर घात लगाए बैठे सतेंद्र यादव, कल्लू यादव, राहुल उर्फ एला, टाइगर, शिवम यादव सहित पांच अज्ञात लोगों ने रोक कर मारपीट की।

### जमीनी विवाद में सीओ ने की जांच

**रूरा।** थाना क्षेत्र के बनीपारा जिनई गांव में पारिवारिक जमीनी विवाद की शिकायत पर मौके पर सीओ सदर तनु उपाध्याय ने जाकर जांच पड़ताल की है। जिनई गांव में रजनी तिवारी, शालू तिवारी, गोपाल तिवारी के मध्य जमीनी बंटवारे को लेकर विवाद है।

# 20 रुपये की शैक्षिक सामग्री से निपुण होंगे परिषदीय बच्चे

**शिक्षा विभाग**

- बच्चों को निपुण बनाने में शैक्षिक सामग्री के लिए शासन से बजट जारी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के समझ के स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास जारी है। इसके लिए सभी स्कूलों में टीएलएम अर्थात टीचर्स लर्निंग मैटीरियल तैयार कराने की व्यवस्था की जा रही है। शासन से बजट जारी हो गया है।

बच्चों को निपुण बनाने के लिए जनपदों में कितनी धनराशि जाएगी, इसका निर्णय छात्र संख्या के आधार पर हुआ है। प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 20 रुपये के हिसाब से धन खर्च होगा। इस रकम से शिक्षण सामग्री बनाने के लिए चार्ट पेपर, कार्ड शीट, मानचित्र आदि की खरीद होगी। रेडीमेड टीएलएम बहुत आवश्यक होने पर खरीदा जाएगा। वह भी बहुत कम मूल्य का। बीएसए अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि इस राशि से चाक, डस्टर, सामान्य स्टेशनरी, कापी किताब, परीक्षा सामग्री, कापी, झाड़, डस्टविन आदि की खरीद किसी भी हाल में नहीं होगी। जिन वस्तुओं की खरीद हो सकती है, उनमें हिंदी भाषा के लिए प्लास्टिक या लकड़ी के बने वर्णमाला, मुखौटे या पेपेट्स, हैंगिंग कार्ड, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण आदि की जानकारी देने वाले कार्ड, मुहावरों संबंधी कार्ड, विलोम शब्द बताने वाली शैक्षिक सामग्री, वर्ण लूडो, वाक्य निर्माण चक्का, वाक्य फिरकी जैसी वस्तुओं को लिया जा सकता है। गणित के लिए संख्या कार्ड, थर्माकोल बाल सेट्स, मिट्टी की बनी रंग-बिरंगी गोलियां, गुणा की चरखी, कागज के वृत्त, त्रिभुज वर्ग आदि की आकृतियां, पाकेट कैलेंडर, चांदा से कोड तक की समझ देने वाले उपकरण आदि की खरीद हो सकती है।



पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की मौजूदगी में वधू को माला पहनाता वर।



पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री के साथ नवविवाहित जोड़े। अमृत विचार

# अग्नि को साक्षी मान 51 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

संवाददाता, मूसानगर

- उपहार देकर नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद
- संत सम्मेलन, भागवत कथा व शतचंडी महायज्ञ का समापन

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित अच्युत ब्रह्मधाम अखंड परमधाम नंदनी गौशाला मूसानगर में चल रहे 32वें सप्त दिवसीय भक्ति योग वेदांत संत सम्मेलन, श्रीमद्भागवत कथा व शतचंडी महायज्ञ के समापन पर शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। इसमें 51 जोड़ों ने एक दूजे का हाथ थामा। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री, संतों व जनप्रतिनिधियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। बाद में भंडारे का आयोजन हुआ।

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने बताया कि गुरू महाराज ब्रह्मलीन स्वामी अच्युतानंद शास्त्रीजी के निर्वाण दिवस पर आश्रम में हर साल भक्ति योग वेदांत संत सम्मेलन, भागवत कथा एवं शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में रविवार को 51 गरीब बेटियों के हाथ पीले करने के साथ ही उन्हें घर गृहस्ती का सामान बेड, अलमारी, बर्तन, कुर्सी, साड़ियां आदि उपहार स्वरूप देकर आश्रम से विदा किया गया। बेटियों को विदा करते समय साध्वी निरंजन ज्योति सहित आयोजक मंडल के लोगों की आंखों में आंसू थे। महामंडलेश्वर ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन महाकुंभ के बराबर होता है। इसका फल महाकुंभ में स्नान के बराबर मिलता है। ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति व सभ्यता के परिचायक हैं। इसमें सर्व समाज की गरीब कन्याओं का विवाह कराया जाता है। यहां पंडित सुमित तिवारी की देखरेख में उनकी पूरी ब्राह्मणों की टीम को जुटा कर विधिविधान से मंत्रोच्चारण के साथ वैवाहिक रस्में पूरी कराई गई। सभी 51 जोड़ों के अलग-अलग मंड़प सजाए गए। कार्यक्रम व्यवस्था में देवयानी सरोवर रामलीला कमेटी, श्री लोहाई रामलीला कमेटी, जय मां काली देवी सेवा समिति, दीपदान कमेटी, प्रेम नाट्य परिषद, जखई बाबा सेवा समिति शामिल रही। समारोह का आयोजन नंदिनी गौशाला सेवा समिति के तत्वावधान में किया गया। इस मौके पर बिंदकी विधायक जय कुमार जैकी, कुलदीप निषाद चेयरमैन हमीरपुर, आशीष पालीवाल ब्लाक प्रमुख कुरारा, जिलाध्यक्ष भाजपा मनोज शुक्ला, राजेंद्र पटेल विधायक फतेहपुर, राजेंद्र निषाद कार्यक्रम व्यवस्थापक, राजू चौहान, विद्या सागर त्रिपाठी, राहुल निषाद, मधुराज सिंह, नीरज पांडेय, राजेंद्र अग्रवाल, टीटू सचान, चंद्र जीत यादव आदि मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में 2 की मौत

## भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र गौर गांव में हुआ हादसा, 3 घायल अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खम्हैला गांव के सामने झींझक रूरा मार्ग पर शुक्रवार शाम बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें दो जनों की मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक घायल की स्थिति चिंता जनक है। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार थाना रसूलाबाद क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी लक्ष्मी (35) पत्नी श्रीराम अपने पारिवारिक नाती शिवम (25) पुत्र राम अवतार के साथ बाइक से थाना मंगलपुर क्षेत्र के इकरामपुर गांव निवासी जसमेर अपने भाई के यहां जा रही थी।

वहीं जनपद औरैया क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी शकुंतला देवी 45 वर्ष पत्नी हेतराम अपने पुत्र अनुज पाल (25) व नाती दिवांशु (7) के साथ सिठमरा अपने भाई के घर से अपने गांव फरीदपुर जा रही थी तभी खम्हैला गांव के सामने झींझक रूरा मार्ग पर बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिससे घटना स्थल पर ही अनुज (25) की मौत हो गई। जबकि दो महिला सहित 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झींझक इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ जेपी सिंह ने दो महिला सहित तीन लोगों की हालत में सुधार न देखते हुए जिला अस्पताल रेफर पर दिया। यहां उपचार के दौरान एक की और मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

### दुर्घटना में बाइक सवार हुआ घायल

**रूरा।** कन्नौज के ठठिया निवासी सत्यम यादव अपने चचेरे भाई विजय यादव के साथ बहन की बरीक्षा चढ़ाने के लिए शुक्रवार शाम डेरापुर जा रहे थे। तभी उलरापुर गांव के मोड़ के पास आवारा पशु अचानक सामने आ गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और सत्यम व व विजय यादव घायल हो गए। पीछे से आ रहे अन्य परिजन उन्हें तत्काल निजी अस्पताल ले गए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक की गई जान

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र गौर गांव में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से युवक घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौर गांव के जयशन लाल ने बताया कि उनका लड़का नितेश कुमार (27) गांव के बबलू मिश्रा की ट्रैक्टर ट्राली लेकर खेतों की ओर किसी कार्य के लिए जा रहा था। अचानक परहेरापुर गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक नितेश को बाहर निकला और परिजनों को जानकारी दी। परिजन उसे बेहोशी की हालत में सीएचसी ले गए। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों को जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी रानी देवी, मां रामदेवी, भाई जगरूप, अमोघ, मोहित, विकास आदि परिजन रो रोकर बेहाल हो गए। सूचना मिलने पर अमरौधा चौकी शोभित कटियार मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली। इसके बाद चालक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। भोगनीपुर क्षेत्र गौर गांव के जयशन ने बताया कि मृतक पुत्र नितेश की शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व जनपद बांदा के चिल्ला गांव में रानी देवी के साथ हुई थी। इस समय पुत्रवधू गर्भवती है। पति की मौत होने पर उसका रो-रोकर बुरा हाल रहा।

# बोरी वाली नहीं बोतल वाली खाद करें इस्तेमाल

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** डीएपी व यूरिया खाद के संकट से किसानों ने निपटना शुरू कर दिया। किसान नैनो डीएपी यूरिया का उपयोग करने लगे हैं। नैनो डीएपी व यूरिया लाने व ले जाने में भी आसान है।

किसानों का मानना है कि यह नई तकनीक है। इसको अपनाने के लिए कुछ खेती में प्रयोग कर देखना चाहिए। इफको केंद्र में भी नैनो डीएपी व यूरिया की बिक्री भी बढ़ी है। केंद्र सरकार नैनो यूरिया व डीएपी खाद का प्रयोग बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रही है। अब किसानों का झुकाव इसकी तरफ हो रहा है। बोरी वाली खाद के साथ ही बोतल वाली नैनो खाद भी उपयोग करने लगे है। जिससे किसानों की लागत कम हो रही है और फायदा ज्यादा हो रहा है। इफको ई-बाजार के जिला क्षेत्रीय प्रबंधक जय यादव ने बताया कि एक बोरी डीएपी व एक बोतल नैनो डीएपी का उपयोग एक एकड़ में किया जाता है। जिससे किसान को करीब 750 रुपये की बचत होती है। इसी तरह दानेदार यूरिया बोरी से नैनो यूरिया का प्रयोग करने पर 45 रुपये की बचत होती है।



फसल में नैनो उर्वरकों का छिड़काव करता किसान। अमृत विचार

### ई-बाजार केंद्र में नैनो यूरिया-डीएपी की बढ़ी मांग

शिवली कस्बा स्थित इफको ई-बाजार केंद्र में नैनो यूरिया व डीएपी की मांग बढ़ी है। केंद्र के विक्रय अधिकारी अभिषेक पांडेय व सहायक विक्रय अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष अप्रैल माह से नवंबर तक नैनो तरल यूरिया की 438 बोतल व नैनी तरल डीएपी की 500 बोतल की बिक्री हो चुकी है। दोनो खादों के बेहतर परिणाम आए हैं। किसानों की शंकाएं अब दूर हो रही है।

नैनो डीएपी व यूरिया किसानों के लिए उपयोगी व लाभकारी है। इसके उपयोग करने के बारे में सीखना होगा।

-उमेश कुमार गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी

नैनो यूरिया व डीएपी के उपयोग करने से किसानों को फायदा होगा। किसान भाई इसका अधिक से अधिक उपयोग करें।

-डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर

### बोले किसान...



बोरी वाली खाद का बेहतर विकल्प नैनो यूरिया व डीएपी है। इससे फसल पैदावार भी बढ़ेगी।

-रामभरोसे, किसान जसापुरवा



मौजूदा समय में डीएपी व यूरिया का संकट है। इससे निपटने का माध्यम नैनो यूरिया व डीएपी है।

-राजकुमार कुशवाहा, किसान कैलई



पहले लगता था कि बोरी वाली खाद अच्छी है, लेकिन अब नैनो डीएपी खाद का उपयोग कर रहा हूं।

-मनोज राजपूत, किसान कड़री



नैनो यूरिया डीएपी किसानों को एक बार जरूर उपयोग करके देखना चाहिए। तभी इसके फायदों की जानकारी मिल सकेगी।

-रजोल पाठक, किसान सिमरामऊ बनीपारा

# जिले की 35 बीज दुकानों पर छापेमारी, 5 को नोटिस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 6 संयुक्त टीमों ने 42 बीज नमूने लेकर परीक्षण को भेजे

**अमृत विचार।** जनपद में खाद-बीज की कालाबाजारी व नियत रेट पर बिक्री को लेकर संयुक्त टीमों ने जनपद में कुल 35 जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान 42 बीज नमूने लिए गए। खामियों पर पांच बीज विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने छह संयुक्त टीमें गठित कर उनको तहसील आवंटित कर सरकारी व निजी बीज प्रतिष्ठानों पर औचक छापे डाले जाने के निर्देश दिए गए। जिला कृषि अधिकारी व तहसीलदार अकबरपुर ने 9 बीज प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर 10 बीज नमूने लिए। इस दौरान एसएस बीज भंडार तिगाई, बृम्हदेव बाबा बीज भंडार तिगाई, बालाजी बीज भंडार तिगाई, आर्दश बीज भण्डार रूरा, श्री बाला जी खाद एवं बीज रूरा से गेहूं बीज के नमूने लिए गए। श्रद्धा बीज भंडार तिगाई, अक्षय बीज भंडार तिगाई एवं मां दुर्गा बीज भंडार तिगाई बीज प्रतिष्ठान बंद करके भाग गए। जिसपर कारण बताओ नोटिस जारी किया। राम नरेश उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी व तहसीलदार डेरापुर ने तहसील डेरापुर में 5 बीज प्रतिष्ठानों में छापा डालकर 2 बीज नमूने लिए। प्रतिष्ठा यादव अपर जिला कृषि अधिकारी एवं तहसीलदार भोगनीपुर ने तहसील भोगनीपुर में 5 बीज प्रतिष्ठानों में छापा डालकर 14 बीज नमूने, संदीप कुमार वरिष्ठ प्रावधिक सहायक ग्रुप-ए एवं तहसीलदार मैथा ने मैथा में 3 बीज नमूने, रामआसरे कटियार वरिष्ठ प्रावधिक सहायक ग्रुप-ए एवं तहसीलदार सिकंदरा ने तहसील में 5 बीज प्रतिष्ठानों में छापा डाल 9 बीज, कश्मीर सिंह वरिष्ठ प्रावधिक सहायक ग्रुप-ए एवं तहसीलदार रसूलावाद ने 4 बीज के नमूने संग्रहित किए।



दुकान पर बीज की गुणवत्ता जांचते जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता।

# सहकारी समिति का भवन जर्जर, कहां रखें खाद-बीज

संवाददाता रूरा

- सिठमरा में साधन सहकारी समिति का 40 वर्ष पहले बना था भवन

**अमृत विचार।** किसानों को समय से खाद और बीज उपलब्ध कराने के लिए स्थापित सिठमरा साधन सहकारी समिति का भवन जर्जर हो चुका हैं। जिससे खाद-बीज को दूसरी जगह सुरक्षित रखना मजबूरी है।

डेरापुर ब्लाक के सिठमरा ग्राम पंचायत में करीब चार दशक पूर्व साधन सहकारी समिति के भवन का निर्माण कराया गया था। समिति के अंतर्गत सात-आठ ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी है, लेकिन उपेक्षा व उचित रख-रखाव न होने के अभाव में वर्तमान में सहकारी समिति का भवन पूरी तरीके से जर्जर हो चुका हैं। ऐसे में आसपास गांव के किसानों को खाद बीज लेने में दिक्कत होती है। समिति में आने वाली खाद को दूसरी जगह रखवाया जाता है। जिससे वह खराब न होने पाए। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।



सिठमरा साधन सहकारी समिति का जर्जर भवन। अमृत विचार

# तुलसी विवाह के साथ किया पूजन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** कार्तिक पूर्णिमा पर अनेक स्थानों पर तुलसी विवाह संपन्न हुआ। सनातन धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का महत्वपूर्ण स्थान है। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान किया।

जनपद में कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार बड़े ही हर्षाल्लास के साथ मनाया गया। पौराणिक मान्यता के अनुसार कार्तिक एकादशी तिथि को देवी तुलसी का भगवान विष्णु के स्वरुप शालिग्राम भगवान के साथ संपन्न हुआ। इसी दिन ही देवी तुलसी का पृथ्वी पर भी आगमन हुआ था। कार्तिक पूर्णिमा के दिन नारायण को तुलसी समर्पित करने से अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इसी दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था। जिससे देवगण बहुत प्रसन्न हुए और भगवान शिव को त्रिपुरारी नाम दिया, जो शिव के अनेक नामों में से एक है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन महादेव ने प्रदोष काल में अर्धनारीश्वर के रूप में त्रिपुरासुर वध किया था।

उसी दिन देवताओं ने शिवलोक यानी काशी में आकर दीपावली भी मनाई थी। तभी से देव दीपावली मनाने की यह परंपरा काशी में भी चली आ रही है। माना जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन काशी में दीपदान करने से पूर्वजों को मुक्ति प्राप्त होती है।



तुलसी पूजन करती महिला। अमृत विचार

**कार्तिक पूर्णिमा** भक्तों ने मां मुक्तेश्वरी का पूजन कर मांगी मन्नतें, घाटों पर सुबह से ही रही भीड़

# भक्तों ने यमुना में लगाई डुबकी, मेले में की खरीदारी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात/मूसानगर

**अमृत विचार।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को धार्मिक स्थलों पर भक्तों ने पूजा-अर्चना की। सुबह से ही घाटों पर आस्था की डुबकी लगाकर मनोरथ सिद्धि की कामना की गई। वहीं प्रसिद्ध स्थलों पर आयोजित मेलों में खरीदारी भी की गई। मूसानगर स्थित सिद्धपीठ मां मुक्तेश्वरी मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी। यहां यमुना नदी के उत्तर वाहिनी होने के कारण स्नान करने का बड़ा महत्व होता है।

सूर्य दर्शन से पूर्व ही शुक्रवार सुबह से ही जिले के यमुना नदी घाट व सेंगुर नदी के तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। महिला व पुरुषों के समूह में भक्तों ने स्नान ध्यान कर सूर्य को जल देकर पूजा की। अकबरपुर कस्बे के कालिका देवी मंदिर समेत रनियां, शिवली, राजपुर, रूरा, सिकंदरा, संदलपुर सहित अन्य स्थानों पर सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया, जो दोपहर बाद तक चलता रहा। वहीं मलासा ब्लाक के निगोही गांव के पास स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम के किनारे पवित्र सेंगुर नदी में भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। जिसके बाद परिसर में लगे मेले में खरीदारी की। सेंगुर नदी तट पर सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। कस्बा बरौर, मीनापुर, बम्हनौती, डुडियामऊ, कैलई, कलेनापुर, हाजीपुर, बहरई, निगोही समेत आसपास गांव के लोगों ने तट पर पहुंच स्नान किया। सुबह से शुरू हुआ यह सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। इसी तरह मूसानगर स्थित सिद्धपीठ मां मुक्तेश्वरी के दर्शन को भोर से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। पुराणों के अनुसार राजा बलि द्वारा 99 यज्ञों को पूरा करने के लिए सभी नदियों का जल संचय कर हवन संपन्न करने का निश्चय किया गया था। लेकिन सभी नदियों का जल प्राप्त न होने पर बली ने सूर्य पुत्री यमुना से उतर की ओर बहने की विनती की। तब यमुना के उत्तर की ओर बहने से उस स्थान के जल में सभी नदियों के जल का फल प्राप्त होता है। कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को यमुना स्नान करने के बाद लोगों ने मां मुक्तेश्वरी के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। मां मुक्तेश्वरी जीर्णोद्धार सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष सुनील शुक्ला ने व्यवस्था देखी।



कार्तिक पूर्णिमा पर मूसानगर में यमुना नदी घाट पर स्नान करते लोग। अमृत विचार



मां मुक्तेश्वरी मंदिर में लगे मेले में खरीदारी करती महिलाएं। अमृत विचार

### सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस कर्मी रहे तैनात

कार्तिक पूर्णिमा पर घाट में स्नान करते समय कोई अप्रिय हादसा न हो। इसके लिए घाट पर राजस्व व पुलिस कर्मी तैनात रहे। मूसानगर में मां मुक्तेश्वरी मंदिर परिसर, मेला व यमुना घाट पर सुरक्षा व्यवस्था में क्षेत्रीय पुलिस बल मुस्तैद रहा। इस दौरान लोगों को भीड़ न लगाने के साथ ही लाए हुए सामान की सुरक्षा को लेकर भी जागरूक किया जाता रहा। वहीं गहरे पानी न जाने को लेकर हिदायत भी दी गई।

## एक नजर

### अज्ञात कारणों के चलते दुकान में लगी आग

**पुरवा।** कस्बे के मोहल्ला वजीरगंज निवासी वैशाली सैनी मोहल्ला कस्टोलवा में कास्मेटिक की दुकान किए है। बीती गुरुवार रात 9 बजे दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना पर वह आनन-फानन मौके पर पहुंची और आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। वैशाली ने बताया कि शार्टसर्किट से आग लगने का अनुमान है। आग लगने से दुकान में रखा करीब 4 लाख का सामान जल गया है। कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### किशोरी को जहरीले कीड़े ने काटा, भर्ती

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव शारदा खेड़ा निवासी शहाबुद्दीन की 17 वर्षीय बेटी नाजरीन शुक्रवार दोपहर अपने खेत में धान का पयाल उठा रही थी। तभी अचानक पयाल में छिपे बैठे किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### चोरों ने तेल कारखाना से पार की नकदी व सामान

**औरास।** थानाक्षेत्र के रामपुर गढ़ौवा गांव में मिथिलेश पुत्र श्रीराम चौरसिया का तेल कारखाना अस्थाई पुलिस चौकी से चंद कदम दूर नहर पटरी पर स्थित है। जहां गुरुवार रात सूने पड़े कारखाने की टीन तोड़कर चोर ऊपर से भीतर घुसे और वहां रखी गुल्लक से करीब 8000 रुपये उठा ले गए। चोर वहां से चार बोरी सरसों व सरसों का तेल, एक बैट्रा आदि सामान भी उठा ले गए। भोरपहर जब कारखाना मालिक पहुंचा तो दरवाजा खुला और सामान बिखरा देख पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो उसे पास के खेत में खाली गुल्लक पड़ी मिली।

### भूमि विवाद को लेकर देवर ने भाभी को पीटा

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** गंगाघाट कोतवाली के चंपापुरवा मोहल्ले में जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार को देवर ने भाभी को मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है। चंपापुरवा निवासी दयानंद की पत्नी रोशनी ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देते हुये बताया कि उसका देवर संतोष से जमीनी विवाद चला आ रहा है, उसी को लेकर शुक्रवार दोपहर देवर गाली गलौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर आरोप है कि लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनसीआर दर्ज की है।

### रोडवेज बस में धक्का लगाने का वीडियो वायरल

**उन्नाव।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो शुक्रवार को वायरल हो गया। जो लखनऊ-कानपुर हाईवे का बताया जा रहा है। वीडियो में यात्री बस स्टार्ट करने के लिए धक्का लगाते दिख रहे हैं। यह घटना एक बार फिर रोडवेज विभाग की बसों की खस्ता हालत और खराब व्यवस्था को उजागर करती है। यह घटना उस समय की है ज़ब एक रोडवेज बस बीच रास्ते में खराब हो गई। बस का इंजन चालू नहीं हो रहा था। इसके बाद बस में सवार यात्रियों ने ही धक्का लगाकर बस को स्टार्ट कराया। धक्का लगाने के बाद बस का इंजन चालू हुआ और यात्रियों को लेकर बस रवाना हो गई। इस पूरी घटना का वीडियो किसी यात्री ने फोन में कैद कर लिया। जो सोशल मीडिय पर जमकर वायरल हुआ। हालांकि ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। इस संबंध में एआरएम गिरीश चंद्र वर्मा से बात नहीं हो सकी।

# सड़क हादसों में किशोरी समेत 3 की मौत, 21 घायल

## तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से हुए हादसे, परिजनों में मचा कोहराम, घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**हादसों का शुक्रवार**

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


छेदीलाल।


रंजीत।


रंजीत के रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में किशोरी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, इन हादसों में करीब 21 लोग घायल हो गए।

मौरावां थानाक्षेत्र के पिंजरा गांव निवासी छेदीलाल (53) पुत्र खेती करते थे। शुक्रवार सुबह वह अपनी फसल में पानी लगाने खेत जा रहे थे। थानाक्षेत्र के मौरावां-बिहार मार्ग पर अज्ञात वाहन उनकी साइकिल में टक्कर मारकर भाग निकला। सड़क पर सिर के बल गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आ गईं। परिजन उन्हें नजदीक के सरकारी अस्पताल लेकर आये । जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बेटे दुर्गाशंकर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन पर रिपोर्ट दर्ज शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**पिता को खाना देने गई किशोरी की वाहन की टक्कर से मौतः पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के मंगतखेड़ा निवासी भोला यादव खेती करते हैं। शुक्रवार को वह खेत में खड़ी धान की फसल कटवाने गए थे। दिन करीब 12 बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी चांदनी पिता को खाना देने गई थी। तभी दही तिराहा-पुरवा मार्ग पर मंगतखेड़ा-लंगरपुर गांव में बीच अज्ञात वाहन ने उसकी साइकल में टक्कर मार दी। इसमें उसके सिर पर गंभीर चोटें आ गईं। राहगीरों ने उसे बिछिया सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आए। जहां डॉक्टर विवेक गुप्ता ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुन पिता बदहवाश हो गया। वहीं परिजनों को जब मामले की जाानकारी मिली तो उनमें कोहराम मच गया।

**हादसों में पिता-पुत्र समेत 7 लोग घायलः बांगरमऊः** कोतवाली क्षेत्र के नसिरापुर गांव में शुक्रवार सुबह रेलवे अंडर की चढ़ाई पर अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इसमें बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव चहोलिया निवासी शिव प्यारी (60) पत्नी सर्वजीत, अंशू (15) पुत्र वीरेंद्र व ममता (30) पत्नी सुशील घायल हो गई। जिन्हें पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। जहां से शिव प्यारी को जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं, सफीपुर कोतवाली के हरवंशखेड़ा गांव निवासी सूरज (24) पुत्र बालक की बाइक कोतवाली क्षेत्र के पतेली खेड़ा नहर पुल के पास अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें घायल सूरज को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इसके अलावा एक अन्य हादसे में हरदोई जिला के थाना कासिमपुर अंतर्गत गांव सेंधवल निवासी छविराम (60), उसका बेटा मिश्रीलाल (14) व ग्राम भटौली निवासी राहुल (28) पुत्र लालता गंभीर घायल हुए हैं।

**अनियंत्रित ऑटो पलटा, 5 लोग घायल : औरास।** थानाक्षेत्र के हाजीपुर गोशा गांव निवासी चंदिका (62) पुत्र छबीले, काजल (20) पुत्री धर्मवीर, संगीता (25), सनी (8) व राहुल (5) औरास थानांतर्गत लगने वाले क्षेत्रीय मेला बनारसी देखने के बाद आशु के ऑटो में बैठक़र वापस घर जा रहे थे। अभी वे औरास-मोहान मार्ग पर ककोर बाबा मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे ऑटो में सवार सभी यात्री घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले जाया गया।

### लोडर की टक्कर से बाइक चालक की मौत, दोस्त घायल

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के गांव सरहा निवासी रंजीत (21) पुत्र छेदीलाल शुक्रवार को दोस्त अंकित पुत्र अमृतलाल के साथ बांगरमऊ मंडी से गुड़ खरीदकर एक बजे लौट रहा था। तभी थानाक्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित हफीजाबाद चौराहा के पास ई-रिक्शा को ओवरटेक करते समय सामने से आए लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। धर्म संसद में भाग लेने दिल्ली जा रहे सदर विधायक पंकज गुप्ता ने उन्हें घायल पड़ा देख बांगरमऊ सीएचसी पहुंचवाया। हादसे की सूचना पर रंजीत के परिजन उसे कानपुर शहर के कल्यानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अंकित का इलाज चल रहा है।

### खड़े टेंपो में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, 8 सवारियां घायल

**बिछिया।** दही थानांतर्गत दरोगा खेड़ा चौकी क्षेत्र के मद्दीखेड़ा गांव के मोड़ पर खड़े टेंपो में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे टेंपो सड़क किनारे पलट गया। इसमें रामवती पत्नी बृजेश कुमार, सोमवती पत्नी प्रेमराज, रानी पत्नी छोटेलाल, निर्मला पत्नी राजकुमार, प्रीति पुत्री ब्रहमा, बिट्टू पुत्री कमलेश, जागेश्वर पुत्र पुत्ती व छेदाना पत्नी रोशनलाल निवासी तौरा घायल हो गए। सूचना पर दरोगा खेड़ा चौकी पुलिस मौके पहुंची और घायलों को बिछिया सीएचसी पहुंचाया। जहां से रामवती को जिला अस्पताल भेजा गया।

### सड़क हादसे में चाचा की मौत, भतीजा घायल

**उन्नाव।** गंगा स्नान करने का रहे चाचा-भतीजा लोडर की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। इलाज के लिये लखनऊ ले जाते समय चाचा की मौत हो गई। वहीं भतीजे की हालत गंभीर बनी है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के करसेमऊ गांव निवासी बंशीलाल (62) अपने भतीजे विशाल पुत्र रतन लाल के साथ बाइक से कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर गंगा स्नान के लिए परियर जा रहे थे। तभी आसीवन थानाक्षेत्र के बीरूगढ़ी गांव के पास सामने से आए लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। उन्हें पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें केजीएमयू लखनऊ भेजा गया। लेकिन रास्ते में बंशीलाल की मौत हो गई। वहीं घायल विशाल का इलाज चल रहा है।

### पुलिया की रेलिंग तोड़कर ट्रक नीचे गिरा, चालक बचा

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** शुक्रवार सुबह लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा एक ट्रक हाईवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा पुलिया के पास अनियंत्रित हो गया और रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर पड़ा। हादसे में ट्रक का चालक बाल-बाल बच गया। हादसा सुबह हुआ। जब हल्का कोहरा था और ट्रक की गति तेज थी। तभी चालक गोंडा जिला के कौडिया बाजार थाना निवासी अवधेश शुक्ला आगे चल रहे ट्रेलर को ओरवरटेक करने लगा। इस दौरान चालक ने स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार के कारण वह नियंत्रण खो बैठा और ट्रक पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गया। आवाज सुन आसपास के लोग दौड़े और केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला। चालक को मामूली चोटें आईं, लेकिन उसकी जान बच गई।


फूल न आने से गोभी की फसल को ट्रैक्टर से जोतता किसान। अमृत विचार

# गोभी में फूल न आने पर ट्रैक्टर से जुतवाया खेत

संवाददाता परियर उन्नाव

● दुकानदार पर नकली बीज देने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** सदर तहसील के सदमपुर गांव निवासी किसान अतुल नारायण बाजपेई ने माखी थानाक्षेत्र के पावा गांव के अपना बीज भंडार से डॉक्टर कंपनी की समर वाइट हाइब्रिड फूल गोभी का बीज लेकर दो बीघे में फसल तैयार की। फसल तैयार होने पर फसल में पत्ते तो आ गए किंतु फूल नहीं आया। जिस पर किसान ने अपना बीज भंडार के दुकानदार से शिकायत की और कंपनी के लोगों को बुलाने की मांग की है।

किसान का आरोप है कि दुकानदार ने किसान को बताया कि कंपनी के लोग नहीं आएंगे न ही हम लोग तुम्हारे खेत जाएंगे। किसान ने बताया कि दो बीघे खेत में फसल तैयार करने में डेढ़ लाख की लागत लगी थी। अब मजबूरन गोभी फूल की फसल को जोतकर बंद गोभी लगा रहे हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी से ऐसे नकली बीज दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की है। उसका कहना है कि ऐसे क्षेत्र में सैकड़ों पीड़ित किसान हैं। जो कार्रवाई के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने की बजाय शांत हैं।

## दुष्कर्म के आरोपी होमगार्ड पर दबाव बनाने का आरोप

**उन्नाव ।** बारासगवर थानाक्षेत्र निवासी एक होमगार्ड पर दुष्कर्म पीड़ित युवती ने जबरन सुलह का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने होमगार्ड पर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है।

सन-2023 में बारासगवर थानाक्षेत्र निवासी एक युवती ने एक होमगार्ड पर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। युवती ने होमगार्ड धीरज सिंह पुत्र ओम प्रकाश पर अब उसे परेशान कर जबरन सुलह करने का दबाव डालते हुए बात न मानने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। युवती के मुताबिक वह इसी डर से गांव छोड़कर मुंबई चली गई। लेकिन जब वह पेशी पर आती है तो होमगार्ड रास्ता रोककर उस पर सुलह के लिए दबाव डालता है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने होमगार्ड पर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि युवती की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# सीएमओ व सीएचसी अधीक्षक पर की गई कार्रवाई की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● डिप्टी सीएम ने सोशल मीडिया के माध्यम से दी सूचना

**अमृत विचार।** उच्चाधिकारियों को गलत सूचना देना सीएमओ व सीएचसी सफीपुर के अधीक्षक को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इसकी जानकारी साझा करते हुए दोनों अफसरों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

सफीपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश वर्मा का तबादला बीते वर्ष औरैया के 100 बेड अस्पताल किया गया था। लेकिन उन्हें सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश ने कार्यमुक्त नहीं किया था। सन-2024 में उनका तबादला जिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर किया गया। लेकिन, तब भी उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया। सीएमओ ने क्षेत्रीय विधायक का हवाला देते हुए शासन को रिपोर्ट भेजी दी थी। वहीं इसका ऑडियो भी वायरल हुआ था। जिसमें वह विधायक के कहने पर सीएचसी अधीक्षक को उन्हें सफीपुर में रखने का हवाला देते सुने गए थे। हालांकि, ऐसे किसी भी वायरल ऑडियो व पोस्ट की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

वहीं सीएचसी की एक महिला चिकित्सक लंबे अवकाश पर गई थी। जिसे सीएचसी अधीक्षक ने लौटने पर ज्वाइनिंग नहीं दी। सूत्र बताते हैं कि उस चिकित्सक ने भी सीएमओ से गुहार लगाई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद महिला चिकित्सक ने पूरे मामले की शिकायत डिप्टी सीएम से की थी। शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन न करने पर अपनी फेसबुक पोस्ट के जरिए उन्नाव सीएमओ व सफीपुर सीएचसी अधीक्षक पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो स्वास्थ्य अफसरों में हड़कंप मच गया। लेकिन अभी इस संबंध में कोई लिखित आदेश नहीं आया है।

## सार-संक्षेप


कटान देखते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

### विधायक ने गंगा की कटान रोकने को दिये निर्देश

**फतेहपुर चौरासी।** बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने शुक्रवार को गंगा नदी के सरैया घाट पर आयोजित भंडारे में शिरकत करने के बाद किसानों की कट रही भूमि को देखते हुए कहा कि यदि इसे रोका न गया तो शिवराज पुर-कालीमिट्टी मार्ग भी कट सकता है। गड़ाई गांव के प्रधान लक्ष्मी नारायण व जाजामऊ एहतमाली गांव के प्रधान रोशन ने बताया कि नया बंगला हिंदूपुर के सुशील, लछिमन, नन्हक्के, राकेश आदि के खेत कट रहे हैं। यदि कटान रोका न गया तो शिवराजपुर-कालीमिट्टी मार्ग भी कटान की भेंट चढ़ जाएगा। सिंचाई विभाग के एक्सईएन दीपक कुमार ने बताया कि विधायक द्वारा जानकारी मिली है। मौके की जांच कराकर कटान रोकने को जरूरी कदम उठाए जाएंगे।


खाद-बीज की दुकान के अभिलेख जांचते कृषि अधिकारी। अमृत विचार

### खाद-बीज की दुकानों पर छापेमारी से मचा हड़कंप

**उन्नाव।** शुक्रवार को कृषि विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे जिले में छापामारी की। इस दौरान 31 दुकानों में खाद व बीज के 32 नमूने भरे गए। वहीं कमियां मिलने पर 5 कारोबारियों को कारण बताओ नोटिस भी दिए गए। किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद व बीज उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर एसडीएम व कृषि विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को जिले भर में अभियान चलाया। सभी तहसीलों में स्थित खाद व बीज की 31 दुकानों पर छापेमारी की गई। अधिकारियों ने मौजूद स्टाक भी चेक किया। खाद व बीज के 32 नमूने जांच के लिए लिये गए। छापेमारी से कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा। छापामारी के दौरान एसडीएम के अलावा प्रभारी उपनिदेशक जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी, भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला व कृषि विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान 5 कारोबारियों को कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं।

### क्रिकेट खिलाड़ियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी चयनकर्ताओं पर पूर्वांचल व मध्य यूपी के खिलाड़ियों के साथ सौतेले व्यवहार को लेकर शांति मोहन मिल मैदान में प्रदर्शन किया। एसोसिएशन ने सरकार से क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पूर्वांचल को मान्यता दिये जाने की मांग भी की है। प्रदर्शनकारी खिलाड़ियों का नेतृत्व कर रहे क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि रणजी क्रिकेट टीम के चयन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर, मेरठ व गाजियाबाद आदि जिलों के खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जा रही है। जबकि पूर्वांचल व मध्य यूपी के खिलाड़ियों के साथ चयन के मामले में अन्याय हो रहा है। एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने रणजी टीम के चयन में पूर्वांचल के जिलों के खिलाड़ियों को 25 फीसदी कोटा तय किए जाने की मांग की। एसोसिएशन सचिव संदीप पांडेय ने प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 16, 19 व 23 क्रिकेट टीम के लिए सिर्फ 31 जिलों को मान्यता दी गई है। जबकि 34 जिले अभी तक मान्यता से वंचित हैं। उन्होंने बताया कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं तब पूर्वांचल व मध्य यूपी के जिलों व प्रमुख नगरों में प्रदर्शन जारी रहेंगे। प्रदर्शन में अमन सिंह, दिनेश यादव, रमेश, शिवेंद्र, आर्यन व कमलेश सहित करीब 50 क्रिकेट खिलाड़ी शामिल थे।

### युवक पर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**पुरवा।** कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 14 नवंबर को चार बजे दिन में वह खेत गयी थी। उसकी 13 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। तभी पड़ोसी युवक ने उसके घर में घुसकर बेटी से दुष्कर्म किया। वह जब खेत से घर आई तो बेटी ने पूरी घटना उसे बताई। पीड़िता अपनी बेटी को लेकर कोतवाली पहुंची। जहां गांव के युवक आकाश उर्फ घंटी के विरुद्ध शिकायतीपत्र सौंपा। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराया। कोतवाली प्रभारी राकेश गुप्ता ने बताया कि 13 वर्षीय कक्षा 7 की छात्रा से आरोपी युवक के विरुद्ध दुराचार, पाक्सो व एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी आकाश को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्व विधायक का जन्मदिन मनाया गया


जन्मदिन पर केक काटते पूर्व विधायक उदयराज यादव।

**नवाबगंज।** जिले की पुरवा विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के चार बार के विधायक व उत्तर प्रदेश विधानसभा के सार्वजनिक उपक्रम के पूर्व चेयरमैन उदयराज यादव का नवाबगंज स्थित एक रेस्टोरेंट में कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने केक काटकर बड़े ही उल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। इस दौरान सभी ने फूल-मालाओं व पुष्प गुच्छ से उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने ईश्वर से पूर्व विधायक की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार रावत, सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि सुनील रावत, आशीष यादव, हरिकेश यादव, समाजसेवी ब्रजेंद्र सिंह, विनोद वर्मा, आजाद कुशवाहा, अमित सिंह, नीलेश रावत, जयदीप यादव रहे।

# 24, 25 व 26 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव


पत्रकारों को संबोधित करते अशोक सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रयागराज में आगामी 14 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ आयोजन हो रहा है। महाकुंभ में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद द्वारा 24, 25 व 26 जनवरी को तीन दिवसीय विशाल हिंदू सम्मेलन का आह्वान किया गया है। भाजपा नेता रवि प्रताप सिंह ने प्रेसवार्ता आयोजित कर इससे संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी।

इसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर ने बताया कि तीन दिवसीय हिंदू सम्मेलन डॉ. प्रवीण तोगड़िया कैंसर सर्जन के नेतृत्व में होगा। सम्मेलन में जगद्गुरु शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलेगा। हिंदुओं को कोई समस्या होने पर समाधान व सहायता के लिए हिंदू हेल्पलाइन 2066803300 की स्थापना की जा रही है। कहा कि सम्मेलन में सनातन बोर्ड के गठन के बारे में रणनीति तैयार होगी। इस दौरान अनिल सिंह प्रांत उपाध्यक्ष, आशीष शुक्ला बजरंग दल, डॉ. दिनेश सैनी हिंदू हेल्पलाइन जिलाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

**आस्था का पर्व** — हाकिम टोला मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा से सुबह निकाली गई प्रभातफेरी, श्रद्धालुओं ने किया शबद कीर्तन

# धूमधाम से मनाया गुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** स्थानीय गुरुद्वारे में गुरु नानकदेव का प्रकाशोत्सव पर्व शुक्रवार को हाकिम टोला मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा में सुबह प्रभातफेरी निकाली गई। इसके बाद धूमधाम व पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सुबह गुरुग्रंथ साहिब के अखंड पाठ के समापन के बाद रागी जत्थों ने सबद-कीर्तन कर संगत को निहाल कर दिया। शुक्रवार को सिक्खों के पहले गुरु नानक देव का जन्मोत्सव कार्तिक पूर्णिमा पर मनाया गया। प्रकाश पर्व गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्रधान सरदार अरविंदर सिंह जी की अगुवाई में मनाया गया। कथा शब्द कीर्तन भाई शुभम सिंह व उनके सहयोगी, कथावाचक भाई अमर सिंह, कानपुर पांडूनगर से आए रागी भाई सिमरन जीत सिंह व हेडग्रंथी ज्ञानी बलविंदर सिंह ने संगतों को कथा कीर्तन से निहाल किया।


शहर के हाकिम टोला मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा में कीर्तन करते लोग। अमृत विचार


गुरुद्वारे में आयोजित भंडारे में प्रसाद चखते लोग। अमृत विचार

मुख्य अतिथि विधायक पंकज गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कटिहार, पालिका अध्यक्षा श्वेता भानु मिश्रा व इला दीक्षित आदि सम्मानित अतिथियों का स्वागत सत्कार सरदार जरनैल सिंह, इंद्रजीत सिंह एवं अरविंदर सिंह ने किया। उसके बाद अरदास हुई। दोपहर से शुरू हुआ लंगर देर शाम तक चलता रहा।

श्रद्धालुओं ने खूब श्रद्धा के साथ लंगर छका। सेवा करने वालों में गुरप्रीत सिंह रेशु, कुलदीप, गुरदेव, इंद्रजीत, सरदार जसमीत सिंह, अविरल, कुलवंत, नवजोत व ब्रह्मजोत सिंह आदि से सेवा की गई।

## महिला ने कीटनाशक निगलकर दी जान

**उन्नाव।** पारिवारिक विवाद के बाद महिला ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। परिजनों ने उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

माखी थानाक्षेत्र के गांव सरौंहा निवासी सोनी (45) पत्नी मदन मिश्रा ने घर में हुए पारिवारिक विवाद के बाद कीटनाशक निगल लिया था। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उसे पास के एक निजी अस्पताल लाया गया। लेकिन उसे गंभीर देख लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता अंबिका मिश्रा ने कोतवाली में तहरीर देकर बेटी के ससुरालियों पर जबरन कीटनाशक पिलाकर मारने का आरोप लगाया है।

# गंगा में स्नान को उमड़ा भक्तों का सैलाब



गंगा स्नान के दौरान तट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़। अमृत विचार

### मेले के दौरान यह अधिकारी रहे मौजूद

- कार्तिक मेले के दौरान मेले में कोई अप्रिय घटना न घटे, इसको लेकर एडीएम न्यायिक विकास सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, सीओ सोनम, सिंह, कानूनगो अरविंद श्रीवास्तव, लेखपाल अशोक सैनी, मुकेश दीक्षित, रविकांत, सत्यम शर्मा, चंदन, इंस्पेक्टर अनुराग सिंह, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, संदीप पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारी मेले का जायजा लेते रहे। वहीं ड्रोन से श्रद्धालुओं पर नजर रखी गई। इसके साथ ही गंगा रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने आने जाने वाले संदिग्ध यात्रियों के बैग चेक किये।

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कार्तिक पूणिमा के मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई भोर पहर से शुरू हुआ स्नान देर शाम तक चलता रहा, दूर-दराज से चलकर आने वाले श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लगा रहा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने तट पर बैठे पंडों को दान-दक्षिणा दी।

स्नान के बाद श्रद्धालुओ ने तट पर बैठे पंडो को दान दक्षिण देकर पुण्य लाभ कमाया। इसके बाद लोगों ने तट पर लगे मेले का जमकर आनन्द उठाया। मेले में चौपाहिया व टैक्टर ट्राली को रोकने के लिए नगर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस ने बैरीकेडिंग करवा दी थी।



मेले का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार



तट पर सत्यनारायण की कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

गंगाघाट क्षेत्र के अधिकांश घरों व मन्दिरों में कार्तिक पूर्णिमा के दिन बड़े ही धूमधाम से तुलसी की विदाई की गई। शुक्रवार को महिलाओं ने मन्दिरों व घरों में तुलसी की विदाई के लिए सारी तैयारियां की। जिसके बाद विभिन्न प्रकार के पकवान पूड़ियों और कुचइयों तथा बेसन के लडडू व नाना प्रकार के पकवान और मिष्ठान बनाकर तुलसी जी को वस्त्रादि पहनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पकवान व वस्त्र आदि के साथ सोलह श्रगांर का सामान समर्पित किया।

**चाट, चाउमीन और जलेबी का लिया लुत्फः** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगातट पर विभिन्न प्रकार की दुकानें लगी थी। जहां स्नान के बाद दूर दराज से आये लोगों ने मेले में चाट चाउमीन का लुत्फ लिया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में लाखों भक्तों ने लगाई डुबकी

## श्रद्धालुओं में दिखी जबरदस्त भक्ति-भावना, गंगा स्नान के बाद लोगों ने मेले का उठाया लुत्फ, जमकर की खरीदारी

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों लोगों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और पुण्य कमाया। भोरपहर से ही गंगातट पर स्नानार्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। जिले की परियर, बक्सर, नानामऊ व शुक्लागंज समेत दर्जनों घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ा। जिले के सभी गंगा घाटों पर सुबह से देरशाम तक भक्तों की भारी भीड़ रही। लोगों ने गंगा किनारे लगे मेलों में जमकर खरीदारी भी की।

कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान के लिए शुक्रवार सुबह सुबह लोग घरों से निकल पड़े। नगर के अलावा कानपुर, उन्नाव, बांगरमऊ, अचलगंज, बीघापुर, मौरावा, पुरवा, असोहा, नवाबगंज, लखनऊ आदि स्थानों से स्नानार्थियों के आने का सिलसिला सुबह से शुरू हो गया था। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने तट पर बैठे पंडों को दान देकर पुण्य लाभ कमाया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर भगवान सत्य नारायन की कथा सुनी फिर तट पर लगे मेले का आनंद उठाया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में दीपदान भी किया। गंगा मइया की विशेष आरती व हवन पूजन के कार्यक्रम हुए। गंगातट पर स्नान करने पहुंचे युवाओं ने मां गंगा के जयकारे लगाए। उठ रहे जयकारों से घाट पर भक्तिमय माहौल बना रहा। । मान्यता के अनुसार आषाढ़ शुक्ल एकादशी से भगवान श्रीहरि चार माह के लिए योगनिद्रा में लीन होकर कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागते है। तुलसी का विवाह विष्णु स्वरूप शालिग्राम से होता है। इसी खुशी में स्वर्गलोक में देव दीपावली मनाई जाती है। इस दिन तुलसी के पूजन का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं ने सुबह होते ही गंगा स्नान कर वापस लौट घरों में तुलसी देवी का पूजन अर्चन किया। महिलाओं ने भी सुबह घरों में पूजन अर्चन करने के लिए मिष्ठान आदि तैयार किए।



परियर स्थित गंगातट पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

परियर संवाददाता के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को स्थानीय गंगा तट पर श्रद्धालुओं ने ब्रम्हमुहूर्त से डुबकी लगाना शुरू कर दिया था। स्नान करने के बाद गंगा माता की आरती पूजन करने के बाद मौके पर मौजूद तीर्थपुरोहितों को दान दक्षिणा दी। इस बीच गंगा तट पर हर हर गंगे ,हर हर महादेव के उद्घोष से सभी घाट गुंजायमान रहे। श्रद्धालुओं ने वापस जाते समय बाबा बलखंडेश्वर मंदिर, जानकी कुण्ड आश्रम के मंदिरों में जलाभिषेक किया व स्थानीय मेले में घर गृहस्थी का सामान खरीदा। मेले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोसी द्वारा डा. सर्वेश यादव, रमाशंकर तिवारी, देव्य ज्योत गुप्ता, राजेश, प्रमोद सिंह, हैदर हसन, नरेश आदि ने स्वास्थ कैंप लगा कर लगभग दो सैकड़ा मरीजों को दवा वितरित की। इस मौके पर सदर उपजिलाधिकारी क्षितिज दिवेदी, सीओ सफीपुर माया राय, कोतवाल श्याम नारायण सिंह, चौकी प्रभारी दिनेश सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव, लेखपाल प्रदीप कमल, दीपचंद सहित अन्य विभागीय लोगों के साथ मौजूद रहे।

पुरवा संवाददाता के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा पर संत मीता साहब परिसर मे बने कुए मे गंगा जी की मान्यता के तहत अनुयायियों व क्षेत्रीय लोगो ने कुए से पानी भरकर सुबह से देर शाम तक स्नान किया। तथा भक्तों ने प्रसाद के रूप मे सब्जी पूडी का वितरण हुआ। संत मीता साहब के अनुयायियों मे बांदा फतेहपुर, कानपुर, उन्नाव, बालामऊ से आकर परिसर मे बने कुए मे गंगा जी की मान्यता मान कर स्नान करने के लिए आते है । तथा कुंए की लोगों ने पूजन किय। मुख्यग्रंथी डा. मदन सिंह द्वारा सतसंग सुनाया गया। अनुयायियों मे साहब दयाल मौर्य, राम सहाय, प्रभु दयाल, संतोष, सुनील , बाबू , सत्यपाल, रामभरोसे, गुरुदेई, ज्ञानवती ,शिखा, सोनी, ममता, महेंद्र श्रीवास्तव, मुन्नी व शान्ती ने सतसंग मे भाग लिया ।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा त्योहार पर शुकवार को क्षेत्र के विख्यात नानामऊ गंगातट पर हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगाजल का आचमन कर आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद पंडों को अन्न दान कर पुण्य कमाया। सुबह तीन बजे से ही गंगा तट पर पहुंचने के लिए नानामऊ मार्ग पर स्नानार्थियों का तांता लगा रहा। तमाम श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर कंडे की आग पर मिट्टी की हांडी में खिचड़ी पकाई और मां गंगा को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। एसडीएम नम्रता सिंह राजस्व कर्मियों के साथ मेला भ्रमण कर पल-पल का जायजा लेती रहीं। मेले में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार द्वारा कैंप लगाकर खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया गया। शिविर में सुबह से शाम तक डॉ सुनील कुमार राठौर अन्य चिकित्सा कर्मियों के साथ मरीजों की जांच और उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित करते रहे।



कैंप में मौजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

# सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने मेले में लगाए अपने शिविर

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कार्तिक मेले के दौरान शुक्रवार को भाजपा, सपा, कांग्रेस, भारत विकास परिषद, ब्रम्ह सभा की ओर से कैंप लगाये गये।

कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर ब्रह्मसभा शुक्लागंज द्वारा बालूघाट मोड पर एक कैंप कार्यालय आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की समस्याओं का निस्तारण किया गया और उन्हें सहयोग प्रदान किया गया।

इस आयोजन में ब्रह्म सभा अध्यक्ष अंजनीकांत मिश्रा, महामंत्री अनुज कुमार तिवारी, ओमप्रकाश मिश्रा, श्रीप्रकाश मिश्रा, बी.डी. त्रिवेदी, दीपू पंडित, सुरेश शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, अंजनी अग्निहोत्री, अंकुर शुक्ला, रवि शुक्ला, पिंटू मिश्रा, और सूर्यकुमार बाजपेई सहित ब्रह्म सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे। जहां श्रद्धालुओं को धार्मिक व सामाजिक मदद के साथ उनकी समस्याओं का समाधान किया गया।

# मेले के चलते लगा जाम, रेंगते रहे वाहन

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा स्नान को देखते हुये रूट डायवर्जन किया गया था; जिस पर पुलिस ने फोरलेन पर बेरीकेडिंग लगाकर बड़े वाहनों को नगर के अंदर घुसने नहीं दिया। वहीं रूट डायवर्जन होने के कारण सरैयां क्रासिंग पर रुक-रुक कर जाम लगता रहा। वहीं हाइवे पर भी जाम की स्थिति बनी रही।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान होने के कारण शुक्रवार भोर पहर से ही पुलिस ने रुट डायवर्जन किया। जहां शुक्लागंज से कानपुर जाने वाले वाहनों को बैराज मार्ग या फिर हाइवे से जाने दिया।

वहीं दोपहिया वाहनों को शुक्लागंज में प्रवेश दिया। इसके बावजूद श्रद्धालुओं का रैला चलने के कारण शुक्रवार को फोरलेन, नवीन पुल, पोनी रोड पर रुक-रुक कर दिनभर जाम लगता रहा। जाम छुड़ाने में पुलिस के पसीने छूट गये। वहीं रूट डायवर्जन होने के कारण बैराज मार्ग पर क्रासिंग बंद होने के कारण दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रही। वहीं भोर पहर चार बजे से बालूघाट मोड़, नवीन पुल और फोरलेन पर जाम लगा रहा। जिससे गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ी। साढ़े छह बजे ट्रैफिक पुलिस के पहुंचने के बाद यातायात सामान्य हो सका। जिससे लोग परेशान रहे। वहीं हाइवे पर भी चंदन घाट पर श्रद्धालुओं स्नान करने के लिये अपने वाहनों से आये थे। जहां उन्होंने सड़क के किनारे अपने वाहन खड़ कर दिये। जिससे वहां भी दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रही।



सुबह के समय बालूघाट मोड़ पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

- नगर की गलियों, नवीन पुल फोरलेन पर भी लगा रहा जाम
- रूट डायवर्जन से लगे जाम में फंसे रहे वीआईपी और एम्बुलेंस
- जाम में फंसने पर खिसियाते और झुंझलाते हुए दिखे लोग

## सार-संक्षेप



गंगाघाट स्टेशन पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़। अमृत विचार

### ट्रेन आने पर श्रद्धालुओं में मची अफरा-तफरी

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा स्नान के चलते गंगाघाट स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेनों की कमी होने के कारण हजारों की संख्या में गंगा स्नानार्थी ट्रेनों के इंतजार में बैठे रहे। ट्रेनें आने के दौरान अफरा तफरी मची रही। जिससे श्रद्धालु धक्का मुक्की करते हुये ट्रेनों में चढ़े। कई यात्री ट्रैक पर गिरते बचे। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान सुबह से ही गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। पैसेंजर ट्रेनें आने के बाद स्टेशन पर पैर रखने की तक जगह नहीं मिली। वहीं स्टेशन पर जब ट्रेन पहुंची तो यात्री चढ़ने को लेकर धक्का मुक्की करते नजर आए। जिससे अफरा तफरी मची रही।



राजधानी मार्ग पर होता भंडारा। अमृत विचार

### जगह-जगह हुए भंडारे में लोगों ने छका प्रसाद

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** कार्तिक पूर्णिमा को देखते हुये शुक्रवार को नगर में कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन हुआ। जहां आने आने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा।

कार्तिक पूर्णिमा को देखते हुये शुक्रवार को राजधानी मार्ग स्थित शिव शक्ति गैस सर्विस की ओर से प्रमोद त्रिवेदी, पप्पू त्रिवेदी, सोनू त्रिवेदी, सुनील दीक्षित, प्रशांत त्रिवेदी, अखिलेश त्रिवेदी ने भंडारे का आयोजन कराया। जो सुबह से शाम तक चलता रहा। इसके अलावा सब्जी मंडी, निषाद मार्केट, गंगा तट में पूड़ी सब्जी बांटी गई। इसके अलावा चंपापुरवा, पोनी रोड, गांधी नगर, नेहरू नगर, गोपीनाथपुरम, अंबिकापुरम, मिश्रा कॉलोनी, पुरानी बाजार, कंचन नगर, श्री नगर में भी भंडारा कराया गया।

### गंगातट पर खिचड़ी मेला आज, उमड़ेगी भीड़

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** कार्तिक पूर्णिमा के ठीक दूसरे दिन गंगातट पर नगर व आस पास के अलावा कानपुर के लोग अपने परिवारों के साथ सुबह सात बजे से ही गंगा तट पर गंगा स्नान करने के बाद परिवार के साथ गंगा की रेती में खिचड़ी पकाकर परिवार के साथ पिकनिक मनाते हैं। पिकनिक मनाने के लिये नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा उन्नाव कानपुर से लोग परिवार के साथ पहुंचते हैं और खिचड़ी पकाते हैं। जिसको लेकर गंगा रेती में भारी भीड़ रहती है। वहीं खिचड़ी मेला हो देखते हुये पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के बंदोबस्त किये हैं।

### देव दीपावली पर 5100 दीपों से कुशहरी मंदिर हुआ रोशन

**नवाबगंज।** क्षेत्र के पौराणिक कुशहरी देवी मंदिर के सामने तालाब में क्षेत्र के भक्तों ने 5100 दीप जलाकर देव दीपावली मनायी। पूरे तालाब में दीपोत्सव किया गया। इसका आयोजन क्षेत्र की महिलाओं ने एक समूह बनाकर किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय महिलाओं में सुमी गुप्ता, श्रेया, प्रिन्सी, लक्ष्मी गुप्ता, गांव के प्रधानपति मनोज पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह ने परिसर की साफ-सफाई कराकर व्यवस्था में सहयोग किया। दीपोत्सव के बाद सभी ने माता कुशहरी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

### आकर्षक किचेन वाले 58 स्कूलों को मिला प्रशस्तिपत्र

**उन्नाव।** विद्यालय किचन सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में अभिनव प्रयोग कर अपने किचन को सुंदर व आकर्षक बनाने वाले स्कूलों को प्रशस्तिपत्र दिया गया। विकासखंड बिछिया के 165 स्कूलों में एक सैकड़ा से अधिक विद्यालय किचन सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले किचनों में 58 का चयन होने पर उनके शिक्षकों को खंड शिक्षाधिकारी विनोद पांडेय ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। परिषदीय विद्यालयों की किचन सुंदरीकरण प्रतियोगिता में विभिन्न पैरामीटर्स तय किए गए थे। जिसमें गैस चूल्हा, सिलेंडर, पाइप, रेग्युलेटर आईएसआई कंपनी का व गुणवत्ता युक्त होने के साथ गुणवत्तायुक्त मसाला रखने को स्टील के डिब्बे कम से कम 2 लीटर साइज, साफ-सुथरे बर्तन का व्यवस्थित ढंग से रखरखाव, अग्निशमन यंत्र की स्थापना वैलिडिटी सहित, स्टील की छुरी, छलनी, डलिया अच्छी गुणवत्ता, किचन स्लैब पर 2 फुट ऊंचाई तक यथा संभव टाइल या प्लास्टिक शीट का प्रयोग, रसोईया के पास एप्रिन्न, गलब्स एवं मास्क, राशन भंडारण के लिए ड्रम की उपलब्धता जैसे पैरामीटर्स तय थे। जिन्हें पूरा करने में 58 स्कूल आगे रहे।



बिछिया ब्लाक के एक विद्यालय में सजाया गया किचेन।

धर्म -अध्यात्म

श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद मोबाइल से एक दूसरे की खूब खिंची फोटो और ली सेल्फी,वीडियो कॉल करके दूर बैठे लोगों को दिखाया गंगा तट का दृश्य

# गंगा स्नान में परंपरा और आधुनिकता का दिखाई दिया संगम

अमन सक्सेना शुक्लागंज

**अमृत विचार।** कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार, जो पहले एक पारंपरिक उत्सव के रूप में मनाया जाता था, अब मान्यताओं और आस्थाओं की पूर्णिमा बन चुका है।

एक समय था जब पूरा परिवार गंगा तट पर जाने के लिए लकड़ी, कंडे और बैल गाड़ियों में सामान लाद कर यात्रा पर निकलता था। दो दिन तक गंगा के किनारे पकवानों का आनंद लिया जाता था और खिचड़ी भोज की परंपरा निभाई जाती थी। लेकिन अब आधुनिक जीवनशैली और भागदौड़ के कारण लोग गंगा तट तक पहुंचने के लिए कारों और ट्रेनों का सहारा लेते हैं, और गंगा मइया में डुबकी लगाने के बाद तुरंत वापस लौट आते हैं।

कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा तट पर लगने वाले मेले में हजारों श्रद्धालु पहुंचे। मेले में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और हर-हर गंगे के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। वहीं आज के डिजिटल युग में, जब लोग अपने घरों से दूर रहते हैं, तो वे वीडियो कॉलिंग के माध्यम से अपने प्रियजनों को गंगा तट के दर्शन कराते हैं।

इससे यह भी साबित होता है कि आस्था और परंपरा अब डिजिटल दुनिया में भी अपना स्थान बना चुकी है। इस प्रकार, कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार अब एक ऐसा अवसर बन गया है, जहाँ पुरानी परंपराएँ और आधुनिक तकनीकी युग दोनों एक साथ दिखाई देते हैं।



गंगा स्नान के दौरान वीडियो कॉलिंग कर गंगा मइया के दर्शन करवाती महिला।



लक्ष्मण-परशुराम का संवाद करते पात्र।

### धनुष भंग का हुआ आयोजन

**शुक्लागंज।** मिश्रा कॉलोनी सत्संग भवन में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नारायणानंद ब्रम्हचारी के नेतृत्व में धनुष भंग का आयोजन किया गया। लक्ष्मण और परशुराम के बीच संवाद का आयोजन किया गया। स्वयंवर के दौरान जब शिव का धनुष टूटा, तो परशुराम क्रोधित होकर वहां पहुंचे। इस पर राम ने कहा कि जो शिव का धनुष तोड़ेगा, वह उनका सेवक होगा। लेकिन लक्ष्मण ने परशुराम को जवाब देते हुए कहा, छुई मुई का पेड़ नहीं जो छूते मुरझा जाए, वो माई का लाल नहीं जो फर्शा देख डरा जाए। इस संवाद ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मनोज तिवारी, धुरव अवस्थी, हरी पंडा, विष्णु आदि रहे।

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्यं चापि नियोजयेत्॥

मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मंत्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।

## संपादकीय

# भ्रामक दावों पर अंकुश

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थान सफलता के बड़े-बड़े दावे करते हैं। कोचिंग संस्थानों के बाहर होर्डिंग में सफलता की गारंटी के 100 प्रतिशत तक दावे किए जाते हैं। ऐसे दावों को पढ़कर आमजन भ्रमित होते हैं, लेकिन अब इन भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने का इंतजाम किया गया है। उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये दिशा-निर्देश झूठे या भ्रामक दावों, बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई सफलता दरों और उन अनुचित अनुबंधों को लेकर बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर तैयार किए गए हैं, जो कोचिंग संस्थान अक्सर छात्रों पर थोपते हैं। इस तरह के तौर-तरीकों को छात्रों को गुमराह करने, महत्वपूर्ण जानकारी छुपाने, झूठी गारंटी देने आदि के माध्यम से उनके निर्णयों को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। ये दिशा निर्देश कोचिंग में लगे प्रत्येक व्यक्ति पर लागू होंगे, जिसका मतलब सिर्फ कोचिंग सेंटर ही नहीं है, बल्कि विज्ञापनों के माध्यम से अपनी सेवाओं को बढ़ावा देने वाले सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित व्यक्ति पर भी लागू होंगे।

इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेने वाले छात्रों को अनुचित दबावों से बचाना है। ऐसे माता-पिता जो अक्सर अपने बच्चों की पढ़ाई में मदद करने में असमर्थ होते हैं, कोचिंग सेंटर को ही एकमात्र उपाय मानते हैं। ट्यूशन की बढ़ती मांग भारत की शिक्षा प्रणाली में गहरी समस्या की ओर इशारा करती है। कुछ लोग अपने बच्चों को कम उम्र से ही कोचिंग क्लास में भेजना शुरु कर देते हैं। इससे कई बच्चों की परफॉर्मेंस में सुधार होता है तो कई पर अतिरिक्त दबाव भी पड़ने लगता है। कहना गलत न होगा कि देशभर में कोचिंग मंडियों का विस्तार हो रहा है। उनके लुभावने विज्ञापन अभिभावकों को काफी आकर्षित करते हैं। उन्हें लगने लगता है कि इसमें पढ़ाई करके ही उनके बच्चे का जीवन सुधर जाएगा। बच्चों के सपने पूरे करने के लिए किसी के मां-बाप जमीन बेच देते हैं तो किसी के कर्ज लेकर उन्हें भेजते हैं। कुछ वर्किंग पेरेंट्स अपने व्यस्त रूटीन की वजह से भी बच्चों को कम उम्र से कोचिंग भेजने लगते हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बच्चों पर कभी भी पढ़ाई का प्रेशर नहीं बनाना चाहिए। प्रेशर डालने से वह पढ़ाई से कतराने लगेगा। इसी वजह से इन दिनों बच्चों के डिप्रेशन में जाने की खबरें भी पढ़ने को मिलती हैं। सरकार की ओर से इस सख्ती से निश्चित ही भ्रम फैलाने वाले विज्ञापन देकर स्टूडेंट्स को फंसाने वाले कोचिंग सेंटर्स पर नकेल कसेगी।

# भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं आधुनिक प्रबंधन सिद्धांत



प्रो .एच .सी .पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

आज जब वैज्ञानिक समुदाय भारतीय वेदों, पुराणों, उपनिषदों, महाभारत, रामायण, भगवत गीता जैसे ग्रंथों का अध्ययन कर इनके शोध परक तथ्यों को मानव समाज के समक्ष प्रस्तुत कर रहा है तो इन ग्रंथो के विषय में लोगों की धारणा एवं अवधारणाएं बदल रही हैं।



भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित आयामों एवं सिद्धांतों को विशेष तौर पर ईमानदार एवं नैतिकता से परिपूर्ण नेतृत्व क्षमता एवं गुणों को विकसित कर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। हाल ही में हम सब से विदा हुए टाटा ग्रुप के रतन टाटा जी की नेतृत्व शैली इन मूल्यों का एक सजीव उदाहरण है। आचार्य चाणक्य द्वारा प्रतिपादित अर्थशास्त्र भी नेतृत्व व गवर्नेंस के लिए नैतिकता से परिपूर्ण कई सिद्धांतों की वकालत करता है।

भारतीय ज्ञान परंपरा आदि-अनादि काल से गंगा नदी की तरह अनवरत प्रवाहित होती चली आ रही है। भारतीय ज्ञान दर्शन विश्व के सबसे पुराने दर्शनों में से एक है, इन ग्रंथों में हर विषय से संबंधित ज्ञान के विशाल स्रोत उपलब्ध हैं, परंतु ब्रिटिश उपनिवेशवाद की उपेक्षा के कारण कई वर्षों तक समाज ज्ञान के इन स्रोतों से पूरी तरह अनभिज्ञ रहा और आज तक इनका भरपूर लाभ नहीं ले पाया।

आज जब वैज्ञानिक समुदाय भारतीय वेदों, पुराणों, उपनिषदों, महाभारत, रामायण, भगवत गीता जैसे ग्रंथों का अध्ययन कर इनके शोध परक तथ्यों को मानव समाज के समक्ष प्रस्तुत कर रहा है तो इन ग्रंथों के विषय में लोगों की धारणा एवं अवधारणाएं बदल रही हैं इसलिए आवश्यकता है कि इन ग्रंथों में वर्णित सिद्धांतों की वैज्ञानिक विधि से अध्ययन एवं व्याख्या के लिए स्कूल स्तर से अनुकूल वातावरण का निर्माण किया जाए, जिससे इनमें उपलब्ध सिद्धांतों को वैज्ञानिक प्रामाणिकता के साथ मानविकी के विकास व समाज कल्याण हेतु बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया जा सके। व्यवसाय प्रबंधन के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा विशेष रूप से भगवत गीता के उद्धरणों को आज सार्वभौमिक तौर पर प्रयोग किया जा रहा है, जिसमें व्यावसायिक एवं कारपोरेट प्रबंधन हेतु नेतृत्व को विकसित करने, प्रतिष्ठान में कार्यरत मानव संसाधनों को संस्थान की कार्य संस्कृति के अनुरूप प्रशिक्षण देने के साथ ही व्यवसाय में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा तथा नैतिक मूल्यों का समावेश करने की दृष्टि से समय-समय पर प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है।

व्यवसाय प्रबंधन के अधिकांश पश्चिमी सिद्धांत 'गला काट प्रतिस्पर्धा' व 'सर्वाइवल ऑफ द फिट्टेस्ट' को बढ़ावा देने की ओर प्रेरित करते हैं, जिससे उपभोक्तावाद व बाजारबाद को बढ़ावा मिल रहा है और समाज में आर्थिक विषमता एवं कमजोर के शोषण को बढ़ावा मिलने के साथ ही प्राकृतिक संसाधनों तथा संपदाओं का अनियोजित विदोहन तथा अत्यधिक क्षरण हो रहा है, जिसके कारण वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संकट एक गंभीर समस्या बन गई है। विकास की बाजारवाद आधारित नीति को सतत विकास की दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता है, समग्र एवं सतत विकास के मानदडों को प्रकृति संरक्षण व मानव कल्याण पर केंद्रित करना होगा, जिसे प्रबंधन के बाजारवाद की नीति से प्रेरित सिद्धांतों से प्राप्त करना संभव नहीं है। इसके विपरीत भारतीय ज्ञान परंपरा 'वसुधैव कुटंबकम' और 'सर्व जन हिताय- सर्व जन सुखाय' के सिद्धांत व सतत विकास की मूल अवधारणा को अंगीकार करते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने के आर्थिक विकास मॉडल को अपनाना होगा।

आर्थिक विकास के मानदंडों को भारतीय दर्शन के साथ परिभाषित करने की जरूरत है। साथ ही विभिन्न संस्थानों व प्रतिष्ठानों में कार्यरत कार्मिकों का कल्याण एवं उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण प्राथमिकता हो, इसके लिए भारतीय ज्ञान की विशालता को गवर्नेंस में अपनाकर भविष्य की प्रबंधन प्रथाओं के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करना होगा, क्योंकि भारतीय ज्ञान परंपरा मुख्य रूप से मनुष्य जीवन की चार अवधारणाओं पर आधारित है, जिसका समुचित प्रशिक्षण होने से न सिर्फ व्यावसायिक प्रतिष्ठान विकसित होंगे, बल्कि सभी तरह के संस्थानों में बेहतर प्रबंधन होगा और समाज का हर एक नागरिक को उत्तरदायित्व का बोध होगा। इन अवधारणाओं में, धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष प्रमुख हैं। 'धर्म' कोई उपासना विधि न होकर व्यक्ति की सामाजिक जिम्मेदारी एवं नैतिक नेतृत्व की क्षमता को विकसित करने पर केंद्रित है। अर्थ, यानी आर्थिक समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए सतत विकास के साथ आर्थिक उन्नति की पैरोकारी करना है यानी 'जीरो डिफेक्ट और जीरो इफेक्ट' की नीति के आधार पर 'इकोलॉजी और इकोनॉमी' के संरक्षण व उत्थान की नीति समाहित है। मनुष्य को व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में इच्छाओं के बीच सामंजस्य कायम करने हेतु लालच की प्रवृत्ति का त्याग करने हेतु 'काम' की प्रवृत्ति से छुटकारा पाना होगा, इसके लिए इन्द्रियों पर नियंत्रण कर व्यावसायिक और निजी जीवन में सयंमित जीवनशैली अपनाने हेतु सामंजस्य स्थापित करने की सीख आवश्यक है और इसका प्रशिक्षण किया जाना चाहिए। चौथी एवं अंतिम अवधारणा 'मोक्ष' है, मोक्ष प्राप्ति हर व्यक्ति को जन कल्याण की भावना से कार्य करने हेतु प्रेरित करता है, इसके लिए संस्थान में कार्यरत कार्मिकों को प्रशिक्षित कर उन्हें जनकल्याण एवं समाज कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की जिम्मेदारी एवं प्रेरणा दी जानी चाहिए।

जन-जन के कल्याण के लक्ष्य भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रेरित प्रबंधन सिद्धांतों को अपनाने से ही संभव होगा, क्योंकि इसके अंतर्गत मुख्य रूप से निम्न आयाम समाहित हैंः समग्र दृष्टिकोणः आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और आध्यात्मिक पहलुओं को मानव कल्याण के उपयोग हेतु समग्र व एकीकृत भाव से सतत विकास के लिए समाहित करना है। हितधारक अभिविन्यासः समाज में सभी वर्गों व हितधारकों के हितों पर विचार करना शामिल है, न कि सिर्फ शेयरधारकों के हितों को ही साधना पर्याप्त है। दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्यः अल्पकालिक लाभों के मुकाबले दीर्घकालीन प्रगति और लाभ के स्थायित्व को प्राथमिकता देना है। उदाहरण द्वारा नेतृत्वः नैतिक नेतृत्व को प्रोत्साहित करना, समाज द्वारा अनुकरणीय आचरण और आत्म-जागरूकता पर आधारित नेतृत्व को विकसित करने की जरूरत है। समग्र एवं सतत विकास के लिए व्यवसाय प्रबंधन को निम्न आयाम अपनाने की आवश्यकता है। आध्यात्मिक नेतृत्वः यह आध्यात्मिकता, नैतिकता और व्यवसाय के उद्देश्यों को एकीकृत करने में सहायक है। स्थायी व्यवसाय मॉडलः पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारी को प्राथमिकता देता है। हितधारक पूंजीवादः आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय लक्ष्यों को संतुलित कर सतत विकास को प्रोत्साहित करना है। कल्याण अभिविन्यासः कर्मचारी कल्याण, ग्राहक कल्याण पर ध्यान देने से समाज कल्याण के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित आयामों एवं सिद्धांतों को विशेष तौर पर ईमानदार एवं नैतिकता से परिपूर्ण नेतृत्व क्षमता एवं गुणों को विकसित कर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। हाल ही में हम सब से विदा हुए टाटा ग्रुप के रतन टाटा जी की नेतृत्वशैली इन मूल्यों का एक सजीव उदाहरण है। आचार्य चाणक्य द्वारा प्रतिपादित अर्थशास्त्र भी नेतृत्व व गवर्नेंस के लिए नैतिकता से परिपूर्ण कई सिद्धांतों की वकालत करता है। रामचरितमानस में नेतृत्व द्वारा सहयोगियों की क्षमता को बढ़ाकर विजय प्राप्त करने की सीख के साथ ही समाज में अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा और प्रकृति संरक्षण से समग्र विकास व मानव कल्याण के हितकारी गवर्नेंस की सीख प्रस्तुत करता है।

## प्रसंगवश

# कांटे से कांटा निकलता है



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

प्राचीन भारत से लेकर प्राचीन यूनान तक प्रकृति के त्रिगुणमयी होने की बात सुनी जाती है। यहां सत्व, रज, तम है तो वहां कारण, सोच, भूख, लेकिन यह कोई नहीं बताता कि किसी भी दौर में तम की मात्रा रज से कई गुना अधिक होती है और रज की मात्रा सत्व से कई गुना अधिक। कारण? रज की अपेक्षा सत्व सूक्ष्म है और तम की अपेक्षा रज सूक्ष्म है। प्रकृति का नियम है कि सूक्ष्म मात्रा में स्थूल से कम होता है। हमेशा, हर जगह। इतने बड़े स्थूल शरीर के जटिल ताने-बाने में सूक्ष्म चेतना का अभिनिवेश होता है। ऐसा भी नहीं कि हर आदमी के माथे पर सत्व, रज या तम का निशान लगाकर भेजा गया है। हर एक में तीनों का अनुपात अलग है और इतना अलग कि हर आदमी कुछ भिन्न और ख़ास है। मनुष्य के अतिरिक्त वह एक 'व्यक्ति' भी है, जिसका एक ख़ास व्यक्तित्व है। व्यक्तियों का उनके अंतर्निहित गुणों के आधार पर मोटा-मोटा विभाजन। गुण आनुवंशिक नहीं होते, वे जीनोम से आते हैं, भाई-भाई तक के गुण अलग होते हैं। किसी भी समाज का विभाजन जन्म के आधार पर नहीं हो सकता। गुण के आधार पर व्यक्ति-व्यक्ति को परखकर उसे काम दिया जाए, सिद्धांततः तो यह संभव है, किंतु व्यवहार में ऐसी कोई संस्था नहीं बन सकती, जो समाज के हर व्यक्ति का चारित्रिक परीक्षण कर उसकी श्रेणी और तदनुरूप उसका कर्म निर्धारित कर सके। प्रतियोगी परीक्षाएं ऐसी संस्था की एक अपूर्ण और अक्षम नकल मात्र है। इसलिए गीता का ("जन्मकर्म विभागशः" के बजाय) "गुणकर्म विभागशः" सिद्धांत में भले एक कवच की तरह इस्तेमाल किया जा सके, व्यवहार्य नहीं है। पुरानी कहावत है, कांटा-कांटे से ही निकलता है। सत्व के मान का नहीं कि वह रज को बेदखल कर सके, न रज के मान का है कि वह तम को बेदखल कर सके। सत्व और रज मिलकर भी तम को बेदखल नहीं कर सकते। आधुनिक रोशनी की चकाचौंध में आप मानें, न मानें, सत्व में कम-ज्यादा वैराग्य भाव निहित ही होता है तो कांटा जब भी निकलेगा, कांटे से ही निकलेगा। फिर निकालने वाले कांटे के टेढ़ेपन के अनुपात में, कम ज्यादा समय के लिए अच्छा-बुरा होगा। कायापलट (परिवर्तन के अर्थ में) कभी नहीं होगा। परिवर्तन में सब कुछ और हमेशा के लिए बदल जाने का जो भाव निहित है वह मानव सृष्टि के लिए अजूबा है।

# गंगा से हम हैं, हमसे गंगा नहीं



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

गंगा करुणा की कविता भी है। कविता गंगा की तरह प्रतिज्ञा नहीं होती। गंगा के कविता आचरण में आर्द्रता, पवित्रता और अंतहीन प्रवाह की अनुगूंज है।



नदी का ढुलकना मां की कोख से शिशु के पैदा होने जैसी कुदरती, रोमांचक घटना है। पहाड़ी कोख से छिटककर, किलकारी भरती, फिर लुढ़क पुढ़क कर, घुटनों घुटनों रेंग कर, फिर तेज दौड़ती जीवन में समा जाने, फिर आत्ममुग्धा युवती कटि की हलचलों में जीवन का उद्दाम भूचाल समेटने की कोशिश करते करते नदी कब मां बन जाती है, उसे भी नहीं मालूम होता। मां बनना उसकी सोच भले न हो, हासिल जरूर होता है। यही उसका लक्ष्य, अर्थ और अस्तित्व है। इंसानी सभ्यताएं नदी पर निर्भर रही हैं। नदी के बहाव बदलने, सूखने, मौसमों के तेवर अनुकूल प्रतिकूल होने में सभ्यताएं कभी कालातीत, कभी कालजयी हुई हैं। नदी बहते समय की संस्कृति घड़ी है। वह समय और सभ्यता के आयाम का बहाव है। कितनी मुश्किलें हों, सभ्यता के समीकरण बदलें, विकास की कहानियां या प्रयोग लिखे गए, नदी का ईमान और मातृत्व बहते समय की तरह समय की धड़कनों में तब्दील होता रहा है। सभ्यता ने नदी को बांझ भी बनाया। बांधने की कोशिश की। पथभ्रष्ट, प्रदूषित किया, लेकिन नदी का मूल चरित्र और मिथक नहीं बदला। पानी तक की बानगी बदली, लेकिन नदी आख्यान की नहीं। जब नदी भौतिक रूप में नहीं रही। तब भी नदी की मान्यता। उसका मिथक बरकरार रहे।

नदी को पहचाना जवाहरलाल ने। नेहरू की गंगा सामान्य समझ की गंगा नहीं है। वह शायद भगीरथ की भी नहीं। गंगा भारतीय अंधविश्वासों, दंतकथाओं और अनुष्ठानों में भी रही ही है। गंगा आखिर है क्या? गंगा औरों की माता है, नेहरू की नहीं। वह दृष्य छटा, पानी का बहाव और जीवनदायिनी रही है। नेहरू के लिए गंगा इतिहास का स्निग्ध अहसास, उनके सोच का संबल और जीवन रक्त है। शायद ही कोई वसीयत नेहरू की गंगा वसीयत से ज्यादा आत्मपरक हो। प्राणवान होना स्थायी होना है जबकि वसीयतें मृत्यु बाद का लोक दस्तावेज बनकर अफसाना हैं। गंगा वसीयत शरीर के नष्ट होने पर हासिल जली राख का जल तर्पण भर नहीं है। राख यादनामा होती है। वह आचमन योग्य नहीं होती। स्मृतियां तक बोझ नहीं बनें। इससे उनका इतिहास में वक्त के आयाम में बहता हुआ अहसास बन जाए। यह वसीयतकार जवाहरलाल का इच्छा लेख है। इसलिए गंगा एक पहेली, अबूझा, हरदिल अज़ीज़ फलसफा, आत्मा से उठता सवाल, हिचकोले जैसा भूचाल सभी कुछ है। उसमें एक साथ थपकियां, थपेड़े, रुद्र गायन, रूमान, मदमस्त यौवन और संन्यस्त जीवन है। सभ्यताएं नदी की तरह विकसित होती हैं। बचपन और यौवन की रोमांटिकता से संन्यस्त जीवन के वीतराग होने तक। नदी सभ्यता की तरह बिगड़ती नहीं। अनंत होने पर भी रोज आदिम बनी रहती है। नदी की नेहरू की ऐसी मान्यता संस्कृति को भी मान्य हुई। गंगा हमारी सबसे बड़ी राष्ट्रीय धरोहर भर नहीं है। वह हमारी सभ्यता और संस्कृति का जन थर्मामीटर या बैरोमीटर है। गंगा से हम हैं, हमसे गंगा नहीं। जवाहरलाल की वसीयत का प्रतिमान कोई प्रतीक जलांश नहीं है। वह हमारी पूरी अस्मिता का लगातार पानी की कद्दावर काठी में मनुष्यता का गायन है। गंगा का बहना भारत का गतिमान होना है। भारतीयों के बहुमत का रास्ता भटक जाना गंगा से परे हो जाना है।

गंगा की आवाज में मात्रा, छंद, लय, संगीत, गेयता है। अतुकांत नई कविता और छंदबद्ध कोख भी है। उसका कालजयी कैनवस भारत के काल-वैभव की भूगोल, इतिहास की सरहदों तक फैला है। गंगा कविता होते रहने की कोशिश में हर समय गंगा होते रहने की कोशिश ही है। गंगा पुरातन होकर भी समकालीनता में अप्रासंगिक नहीं है। नेहरू की गंगा दास कबीर की चादर की तरह सबको ओढ़ती अपनी मातृत्व पहचान बनाए हुए है। उसके गर्भ में हमारा अतीत रोज जीवित है। गंगा हमारे भविष्य का आईना है।

गंगा करुणा की कविता भी है। कविता गंगा की तरह प्रतिज्ञा नहीं होती। गंगा के कविता आचरण में आर्द्रता, पवित्रता और अंतहीन प्रवाह की अनुगूंज है। कविता की भी धरती और आसमान विशाल हैं। गंगा की तरह बहुविध सृष्टि का आयोजन नेहरू की तरह और कहीं नहीं दिखता। गंगा बने रहना मनुष्य, बल्कि स्त्री बने रहने की प्रतिबद्धता भी है। स्त्री का स्त्री बने रहना कविता बने रहना ही तो है। गंगा जब तक मन में हहराती नहीं है। कविता कहां तरल होती है? वह कब प्रौढ़, होकर अनंत होती है? गंगा का कविता बने रहना कविता के संदेश को समझने का उपक्रम है। नदी केवल जल नहीं है। समय भी केवल पल नहीं है। गंगा का होना संस्कृति की धड़कन होना है।

## सोशल फोरम

# क्यों महत्वपूर्ण है कार्तिक पूर्णिमा

तमाम शहरीकरण के बावजूद मेले में आज भी ऐसी बहुत सारी चीजें बची हुई हैं, जिन्हें देख और महसूस कर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का सुख मिलता है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

कार्तिक पूर्णिमा के दिन को पवित्र मानने का ऐतिहासिक कारण है। प्राचीन भारत वैष्णवों और शैव भक्तों के बीच सदियों चलने वाली लड़ाई का साक्षी रहा था। अपने-अपने आराध्यों की श्रेष्ठता स्थापित करने के इस संघर्ष ने बहुत लोगों की बलि ली थी। इस संघर्ष की समाप्ति की एक पहल गुप्त वंश के शासन काल में हुई थी।

एक किसी कार्तिक पूर्णिमा को वैष्णव और शैव आचार्यों का एक सम्मेलन बिहार में सोनपुर के गंडक तट पर आयोजित किया गया। दोनों संप्रदायों के बीच समन्वय की यह विराट कोशिश थी, जिसमें विष्णु और शिव दोनों को ईश्वर के ही रूप मानकर विवाद का सदा के लिए अंत कर दिया गया। सम्मेलन में लिए गए एक निर्णय के अनुसार सोनपुर में पहली बार विष्णु और शिव की संयुक्त मूर्तियों के साथ हरिहर नाथ मंदिर की स्थापना हुई। तब से श्रद्धालुओं द्वारा हर साल कार्तिक पूर्णिमा को सोनपुर में गंडक और गंगा नदियों के संगम में स्नान करने के बाद हरिहर नाथ मंदिर में श्रद्धा निवेदित करने की परंपरा चली आ रही है। प्राचीन काल से ही हरिहर नाथ मंदिर के पास एक बड़ा पशु मेला लगता रहा है। इसे एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला कहा गया है। एक माह तक चलने वाला यह मेला कुछ दशकों पहले तक बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता था। आज इसने बड़े व्यावसायिक मेले का रूप धर लिया है, जहां बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की रुचि की हर चीज उपलब्ध है। खेल-खिलौने भी, मनोरंजन भी, सांस्कृतिक आयोजन भी, धर्म-कर्म भी, घुमक्कड़ी भी और खेती-किसानी तथा पशुपालन के सामान भी।

तमाम शहरीकरण के बावजूद मेले में आज भी ऐसी बहुत सारी चीजें बची हुई हैं, जिन्हें देख और महसूस कर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का सुख मिलता है।

-फेसबुक वॉल से

# पेड़ की रस्म तेरहवीं से क्या हासिल होगा



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

बेलड़ा गांव हरिद्वार से निकलने वाली गंग नहर के किनारे स्थित है। गंग नहर की एक पटरी काफी वर्षों पहले कांवड़ मार्ग घोषित कर दी गई थी। अब गंग नहर की दूसरी पटरी पर भी कांवड़ मार्ग का निर्माण हो रहा है। इस परियोजना के लिए गाजियाबाद के मुरादनगर से मुजफ्फरनगर के पुरकाजी तक लगभग 111 किलोमीटर पटरी पर पेड़ काटे जा रहे हैं।



पिछले दिनों पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद स्थित गांव बेलड़ा में सेमल के 150 वर्ष पुराने पेड़ की रस्म तेरहवीं का आयोजन किया गया। अखबारों में जोर-शोर से इस आयोजन की खबरें प्रकाशित हुईं। बेलड़ा गांव में सिंचाई विभाग का निरीक्षण भवन है। कुछ दिनों पहले इस निरीक्षण भवन की दीवार से सटा हुआ सेमल का 150 वर्ष पुराना पेड़ अचानक धराशायी हो गया। काफी पुराना होने के कारण इस पेड़ से ग्राणीणों का आत्मीय जुड़ाव रहा है। इस आयोजन में एक अच्छी बात यह हुई कि सेमल के पेड़ की स्मृति में ग्रामीणों और यहां आए अन्य लोगों ने कई पौधे लगाए। इस प्रयास की सराहना की जानी चाहिए। एक समाजसेविका ने इस पेड़ की कुछ टहनियां मुजफ्फरनगर लाकर प्रतीकात्मक रूप से पेड़ का दाह संस्कार किया। पेड़ के दाह संस्कार से यह समाजसेविका क्या साबित करना चाहती थी, यह समझ से परे है।

निश्चित रूप से पेड़ की रस्म तेरहवीं आयोजित करने के पीछे ग्रामीणों का भाव मुख्य रूप से पेड़ को सम्मान और श्रद्धा अर्पित करने का ही रहा होगा। इस सम्मान तथा श्रद्धा पर किसी भी तरह से शक नहीं किया जा सकता है। श्रद्धा तक तो ठीक है, लेकिन जब श्रद्धा एक नाटकीय रूप ले लेती है तो उसकी पीछे छिपा भाव भी नाटकीय हो जाता है। ऐसा भाव वास्तविक नहीं रह जाता। श्रद्धा को जब इंवेट बना दिया जाता है तो यह सवाल उठना लाजमी है कि एक पेड़ की रस्म तेरहवीं आयोजित करने से क्या हासिल होगा? इस दौर में हर बात को धर्म और संस्कृति से जोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, भले ही हम धर्म और संस्कृति के मूल तत्वों के बारे में कुछ भी न जानते हों। ऐसे आयोजनों से एक खास विचारधारा वाले लोगों का स्वार्थ भी सध जाता है। क्या पेड़ की रस्म तेरहवीं करने से पुरानी और नई पीढ़ी में वृक्षों को बचाने के लिए एक नई चेतना पैदा हो सकेगी? जब जनसरोकार के किसी मुद्दे को इंवेट बनाने की कोशिश की जाती है तो उसके पीछे छिपा मूल भाव समाप्त हो जाता है और हमारा सारा ध्यान इंवेट के प्रबंधन पर लग जाता है। इस तरह हम भविष्य में भी इसी रास्ते पर चलने लगते हैं।

हिन्दू मान्यताओं के अनुसार मृतक की आत्मा की शांति के लिए तेरहवीं भोज को जरूरी माना गया है। इसका अर्थ यह है कि बेलड़ा गांव में पेड़ की आत्मा की शांति के लिए रस्म तेरहवीं और यज्ञ का आयोजन किया गया। इंसान की आत्मा का जिक्र तो हमारे ग्रंथों और परिवारिक-सामाजिक वार्तालाप में होता है, लेकिन जब इस प्रगतिशील दौर में जानबूझकर पेड़ की आत्मा का निर्माण भी कर दिया जाए तो यह विचार करना जरूरी हो जाता है कि हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं? क्या किसी भी वृक्ष के संबंध में ऐसी अवैज्ञानिक बातों को बढ़ावा देना चाहिए? विज्ञान के इस समय में ऐसी अवैज्ञानिक बातों को बढ़ावा देकर हम नई पीढ़ी को क्या शिक्षा देंगे? आज युवा वर्ग वनस्पति विज्ञान के अंतर्गत पादप-क्रिया-विज्ञान (प्लांट फिजियोलॉजी) में प्रकाश संश्लेषण, श्वसन और वाष्पोत्सर्जन जैसी अनेक क्रियाओं का अध्ययन करता है। ऐसे युवाओं को किस मुंह से एक वृक्ष की रस्म तेरहवीं का महत्व समझाया जाएगा? बेलड़ा गांव हरिद्वार से निकलने वाली गंग नहर के किनारे स्थित है। गंग नहर की एक पटरी काफी वर्षों पहले कांवड़ मार्ग घोषित कर दी गई थी। अब गंग नहर की दूसरी पटरी पर भी कांवड़ मार्ग का निर्माण हो रहा है। इस परियोजना के लिए गाजियाबाद के मुरादनगर से मुजफ्फरनगर के पुरकाजी तक लगभग 111 किलोमीटर पटरी पर पेड़ काटे जा रहे हैं। पहले यह खबर आई थी कि इस परियोजना के लिए एक लाख से ज्यादा पेड़ काटे जाने की उम्मीद है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सूचित किया कि गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर तक फैली इस पटरी पर 33,000 से ज्यादा पूर्ण विकसित पेड़ों को काटना पड़ेगा। आरोप है कि इस पटरी पर अवैध रूप से भी पेड़ों का कटान किया गया। इस मुद्दे पर अभी जांच चल रही है। पर्यावरणविदों ने इस मुद्दे पर चिंता जाहिर की।

सवाल यह है कि क्या आम जनता या ग्रामीण कांवड़ पर अवैध रूप से कट रहे पेड़ों को बचाने के लिए आगे आए? क्या उन्होंने अवैध रूप से कट रहे पेड़ों को बचाने की कोई पहल की? एक तरफ इसी कांवड़ मार्ग पर स्थित बेलड़ा गांव में 150 वर्ष पुराने सेमल के पेड़ को श्रद्धांजलि देने के लिए रस्म तेरहवीं का आयोजन होता है तो दूसरी तरफ इसी कांवड़ पर अवैध रूप से कटने वाले पेड़ों को लेकर कोई हलचल नहीं होती है। यह खोखला आदर्शवाद नहीं तो और क्या है? यह सुखद है कि सरधना के विधायक और कुछ पर्यावरणविदों ने इस मुद्दे पर आवाज उठाई तब जाकर प्रशासन हरकत में आया। हमारी संस्कृति में प्रारंभ से ही वृक्षों की पूजा करने की परंपरा रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ यह समाज वृक्षों को पूजता रहा तो दूसरी तरफ बड़ी ही बेरहमी से वृक्षों को काटता भी रहा। इस तरह वृक्षों की पूजा सिर्फ अपनी स्वार्थसिद्धि तक ही सीमित रह गई। यही कारण है कि भौतिक रूप से विकसित होती इस दुनिया में प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन ने स्थिति को भयावह बना दिया।

# मार रही महंगाई



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अक्टूबर में उपभोक्ता महंगाई दर 6.21 प्रतिशत और खाद्य पदार्थों को मंहगाई 10.87 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है गरीब और मिडिल क्लास लोगों की आय का बड़ा हिस्सा खाद्य पदार्थों पर खर्च होता है एक तरफ वेतन न बढ़ने से लोग त्रस्त हैं तो दूसरी तरफ सितंबर के बाद त्योहारों पर महंगाई में जनता की कमर तोड़ दी है। खुदरा मंहगाई दर पिछले 14 महीने में सबसे ज्यादा हो गई है इस दौरान तेल सब्जी दूध अनाज फल और मांस जैसी सभी खाने की वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं। पिछले दो महीने में महंगाई के कारण जेब से कितने पैसे ज्यादा गए इसका अंदाजा केवल उन्हें ही हो सकता है जो बाजार में मोल भाव करते हैं वस्तुओं के दाम पूछ कर ही खरीदारी करते हैं। दाम काबू में नहीं आ रहे, खाद्य पदार्थों की महंगाई डबल डिजिट में पहुंच गई है आलू टमाटर, प्याज लहसुन सभी महंगे हो चुके हैं, लेकिन न तो प्रधानमंत्री और ने ही वित्त मंत्री इस विषय में कुछ बोलने को तैयार है। शायद इनके लिए बहुत हुई महंगाई की मार का नारा ही अब भुलाया जा चुका है।

एनएसओ के अकड़े और भी डराने वाले लग रहे हैं इसके अनुसार सितंबर में महंगाई काफी ज्यादा थी और त्योहारी सीजन में अक्टूबर में यह और भी बढ़ गई। सितंबर जो खाद्य वस्तुओं की मंहगाई दर 9.24 प्रतिशत थी अक्टूबर में 10.87 प्रतिशत हो गई है। गांव हो या शहर मंहगाई सभी जगह बढ़ रही है जिससे डिमांड कम हो रही है और जिससे कंपनियों के उत्पाद की बिक्री कम हो गई है, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि लोग इस विषय में चुप हैं आखिर यह चुप्पी कब टूटेगी?

# गल्ला व्यापारी की बेटी की गला रेतकर हत्या

## लूटपाट के इरादे से घुसे बदमाशों ने की वारदात, घटना के समय घर में अकेली थी बेटी, कर्वी कोतवाली के बनवारीपुर मोड़ का मामला

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** बदमाशों ने शुक्रवार शाम घर के अंदर घुसकर एक चौदह वर्षीया किशोरी की गला रेतकर हत्या कर दी। माना जा रहा है कि बदमाश लूट के इरादे से घुसे थे और उसने उनको पहचान लिया, जिससे उसकी हत्या कर दी। शाम को हुई वारदात से शहर में सनसनी फैल गई।

कर्वी कोतवाली अंतर्गत बनवारीपुर मोड़ के पास रहने वाले गल्ला व्यापारी शिवनरेश अग्रहरि शुक्रवार को रोज की तरह पत्नी नीतू और बच्चों के साथ दुकान पर थे। उनकी गल्ले की दुकान घर से लगभग आधा किमी दूर मुलायमनगर में है। 14 वर्षीया मुस्कान घर में अकेली थी। शाम लगभग पांच बजे जब मुस्कान की ट्यूशन टीचर कोमल घर पहुंची और दरवाजा खटखटाने पर नहीं खुला तो उसे शंका हुई। उसने इस बात की जानकारी परिजनों को दी। इस पर दुकान से माता-पिता भागकर घर पहुंचे। वहां स्टोर रूम में मुस्कान का रक्तरंजित शव पड़ा देख बेहाल हो गए। मुस्कान का धारदार हथियार से गला रेता गया था। सरेशाम हुई वारदात की सूचना मिलने पर एसपी अरुण कुमार सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह, एसओजी टीम के साथ डाग स्क्वायड, सर्विलांस आदि टीमें मौके पर पहुंचीं। एसपी ने जल्द ही वारदात का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ने की बात कही।


जहां से बदमाश घुसे, वहां का मुआयना करते एसपी अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार


मुस्कान।


ट्यूशन टीचर से जानकारी लेती पुलिस।

### शाम को हुई वारदात से उठे कई सवाल

सरेशाम मुख्यालय में हुई इस सनसनीखेज वारदात ने एक बार फिर पुलिस की सक्रियता पर सवालिया निशान लगा दिए। घटना को लेकर लोगों में जबर्दस्त आक्रोश नजर आया। लोगों का कहना था कि जब दिन में इस तरह की वारदात हो सकती है तो फिर पुलिस की चौकसी का बदमाशों में कितना भय है, अंदाजा लगाया जा सकता है।

### जान पहचान वालों का हो सकता है काम

जिस तरह से वारदात का समय चुना गया और इसे अंजाम दिया गया, उससे ऐसा लगता है कि पहले पूरी साजिश रची गई और फिर वारदात की गई। पुलिस भी इस बिंदु को लेकर चल रही है।


स्टोर रूम, जहां पड़ा था मुस्कान का शव। अमृत विचार


बदहवास मां को संभालते परिजन। अमृत विचार

### टीचर आई तब हुई जानकारी

रोज इस समय मुस्कान की टीचर कोमल पढ़ाने आती थी। कोमल मुस्कान की बुआ की बेटी है। उसके आने की वजह से शाम को घर पर मुस्कान ही रहती थी।

### पीछे के दरवाजे से घुसे बदमाश

घरवालों के अनुसार, बदमाश पीछे के दरवाजे से घुसे थे। बदमाशों ने अलमारी का ताला तोड़ा और जेवर ले गए। नकदी भी गई है पर कितनी इसका फिलहाल पता नहीं लग सका।

### पहचाने जाने पर की होगी हत्या

पुलिस और लोग यह मान रहे हैं कि लूटपाट के इरादे से घुसे बदमाशों को मुस्कान ने पहचान लिया। भेद खुल जाने के डर से उन्होंने मासूम मुस्कान की हत्या कर दी। मुस्कान वीपी कान्वेंट पब्लिक स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा थी।

### कई बिंदुओं पर हो रही जांच

एसपी ने बताया कि व्यापारी ने बताया है कि उसने व्यापार के लिए बीस लाख रुपये लोन लिया था। इसमें से काफी पैसा खर्च हो गया था पर लगभग पांच लाख बचा था। एसपी ने बताया कि यह भी पता चला है कि वह लोगों का सामान गिरवी रखते हैं। घर से इस संबंध में पर्चियां और गहने वगैरह मिले हैं। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### बदहवास हो गए घरवाले

मुस्कान की बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। घर में छोटी होने की वजह से मुस्कान सबकी चहेती थी। उसकी असमय और दर्दनाक मौत ने घरवालों को बेहाल कर दिया। माता-पिता और भाई बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।


पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश को लेकर जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# पुलिस मुठभेड़ में 2 गिरफ्तार दोनों के पैर में लगी गोली

संवाददाता किशनपुर,फतेहपुर

● पुलिस ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोचनपुर गांव के समीप स्थित मां शीतला ब्रिक फील्ड के समीप देर रात पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें पुलिस ने हत्या के आरोप में फरार चल रहे 25000 के इनामी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गुरुवार की देर रात खागा कोतवाली प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा अपने पुलिस टीम व इंटेलिजेंस विंग की टीम द्वारा किशनपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोचनपुर गांव के समीप चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान पुलिस को एक बाइक पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने बाइक सवार लोगों को रोकने का इशारा किया। इस दौरान बाइक सवार भागने लगे। पुलिस ने दोनों बाइक सवारों को संदिग्ध समझते हुए पीछा किया। जिस पर बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी गई। कुछ दूर आगे जाकर खैरई पुलिया पलवाहार के समीप अनियंत्रित होकर गिर गए। अपने आपको को पुलिस से घिरता देख दोबारा पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने बचाव में जवाबी फायरिंग शुरू की इस दौरान दिलशाद (29) व इस्तायाक 24 के पैर में गोली लग गई। जिसके बाद दोनों को पुलिस ने इलाज के लिये नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दोनों के पास से पुलिस को दो तमंचा, कारतूस, एक मोटर साइकिल व 1700 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी हत्या के आरोपी है जो फरार चल रहे थे। जिस पर सरकार द्वारा 25 - 25 हजार का इनाम भी घोषित था। देर रात पुलिस मुठभेड़ में दोनों के पैर में गोली लगी है। इनपर पूर्व में भी कई मुकदमें दर्ज है।

## डंपर की टक्कर से ऑटो सवार 2 महिलाओं की मौत, 10 घायल

**बसरेहर।** मैनपुरी जिले के करहल थाना क्षेत्र के घिरोर रोड पर शुक्रवार सुबह डंपर ने एक में ऑटो को टक्कर मार दी, इससे ऑटो सवार 2 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हैं। ये सभी लोग इटवा के बसरेहर थाना क्षेत्र के ग्राम पत्तापुरा गांव के थे। पत्तापुरा गांव निवासी रामगोपाल यादव, जयराम यादव, सुखबीर यादव, सुदामा देवी, रामाऔतार, मिलन देवी, मानव कुमार, पदम सिंह, जगदीशचंद्र, अजय कुमार के अलावा पप्पी देवी पत्नी अवनीश यादव व रेखा देवी पत्नी बृजेश कुमार बाथम स्नान करने के लिए दो ऑटो से मारकंड जा रहे थे। हादसे में पप्पी देवी व रेखा देवी की मौत हो गई।

# अगवा कर दसवीं के छात्र को पीटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी बाईपास रोड के समीप दबंगों ने कक्षा दस में पढ़ने वाले छात्र को अगवा कर जमकर पीटा। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित छात्र की तहरीर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस अभियुक्तों की पहचान करने में जुट गई है। दबंगों द्वारा मारपीट किए जाने के बाद से छात्र बुरी तरह डरा और सहमा हुआ है।

कस्बा कबरई निवासी अच्छेलाल का पुत्र राज कुशवाहा ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि वह शहर के मोहल्ला कस्बाथाई में किराए के मकान में रहकर डीएवी इंटर कालेज से हाईस्कूल की पढ़ाई कर रहा है। बताया कि जहां पर वह रहता है उस इलाके के कुछ दबंगों द्वारा उसके रूम में आकर अक्सर उसके साथ अभद्रता कर गाली गलौज की जाती, लेकिन वह चुपचाप रहता। कुछ दिन पूर्व जब वह कोचिंग जा रहा था तभी उक्त दबंगों ने जबरन अपने साथ चरखारी बाईपास के सुनसान इलाके में चलने की बात कहने लगे। मना करने पर जबरन अपने साथ ले गए और लात घूंसों और बेल्ट से मारपीट कर घायल कर दिया।


मारपीट दौरान जमीन पर बैठा छात्र।

पीड़ित छात्र ने बताया कि इसके बाद जबरन सभी दबंगों के पैर छूने की बात कही और पैर छूने के बाद फिर से मारपीट कर भाग गए। बताया कि सूनसान इलाका होने के कारण उसकी चीख पुकार किसी ने नहीं सुनी और घायल अवस्था में उसने एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार कराने के बाद कमरे पहुंचकर परिजनों को सूचना दी। छात्र ने पूरे मामले की लिखित तहरीर सदर कोतवाली में देकर करण साहू, भूपेंद्र, आर्यन व चार अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शहर कोतवाल अर्जुन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबन्धित धाराओं में मुदकमा दर्ज कर लिया गया है और वायरल वीडिया से अभियुक्तों की पहचान कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# डंपर में घुसी बस, युवती की चली गई जान

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** कोहरे के कारण रोडवेज बस डंपर में घुस गयी। बस के पीछे चल रही एक अर्टिगा कार भी बस से भिड़ गए। हादसे में बस में सवार युवती की मौत हो गयी जबकि 20 लोग घायल हो गईं। दो घायलों को नाजुक हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है।

राजेपुर थाना क्षेत्र में इटावा-बरेली हाईवे पर जैनापुर के पास लगभग रात लगभग 3 बजे सड़क पर खड़े डंपर में पीछे से रोडवेज बस संख्या यूपी-78 आईएन 8759 टकरा गई। पीछे चल रही अर्टिगा कार संख्या यूपी-78 एचडब्ल्यू 9359 भी रोडवेज बस में घुस गई। रोडवेज बस में लगभग 50 यात्री सफर कर रहे थे। जिसमें 7 यात्री समेत अर्टिगा कार में एक व्यक्ति घायल हो गया। एक्सीडेंट होने के कारण मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर स्थानीय ग्रामीण इकट्ठे हो गए। पुलिस को फोन पर हादसे की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया में भर्ती कराया गया।


डंपर में घुसी रोडवेज बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़े। अमृत विचार

जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. वैभव यादव ने 20 वर्षीय शहाना को मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां नूरजहां ने बताया कि मेरे ससुर की मौत हो गई थी। उसी में शामिल होने के लिए नोएडा से परिवार के 13 लोग रोडवेज बस से जनपद हरदोई के थाना सुरसा क्षेत्र के गांव मरसा जा रहे थे। तभी हादसा हो गया। सूचना पाते ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक डाक्टर संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी रविंद्रनाथ राय मौके पर पहुंचे।

आयोजन | 5 दिसंबर को खजुराहो में आयोजित होगा 10वां महोत्सव

# राजेश खन्ना को समर्पित होगा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मप्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो में होने जा रहा 10वां इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल दोस्तों में काका कहकर पुकारे जाने वाले प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता स्व. राजेश खन्ना को समर्पित होगा। पांच दिसंबर से 11 दिसंबर तक होने जा रहे इस समारोह में मायानगरी के तमाम हीरो-हीरोइनों के अलावा विदेशी कलाकार भी आएंगे।

फिल्म फेस्टिवल के उत्तर प्रदेश प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि आयोजन की युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू हैं। पिछला समारोह जहां फिल्म अभिनेत्री श्रीदेवी की याद में था, इस बार राजेश खन्ना को समर्पित रहेगा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव इस फेस्टिवल का उद्घाटन करेंगे। संयोजक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने शानदार आयोजन के लिए कमर कस ली है। मुंबई में फिल्मी कलाकारों को आमंत्रित किया जा रहा है तो वहीं खजुराहो में मंच और साजसज्जा आदि काम तेजी पर चल रहा है। महोत्सव की गवर्निंग काउंसिल में शामिल मनमोहन शेट्टी, रजत बेदी, रमेश सिप्पी, प्रकाश झा एवं चंद्रप्रकाश द्विवेदी भी फेस्टिवल की शोभा बढ़ाएंगे। रंगमंच तकनीकी कार्यशाला एवं मास्टर क्लास का विशेष आयोजन होगा, जिसमें देश-विदेश के प्रतिभागी भाग लेंगे। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली, भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। व्याख्यान सत्र में फिल्म समीक्षक एवं विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। मुख्य मंच पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। कला, साहित्य, पत्रकारिता, समाजसेवा एवं सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान छह भाषाओं की ज्ञाता अर्थशास्त्री एजलिन एड्रोविक, लेखक अनुराग आनंद भी आएंगे।



पिछले समारोह की तस्वीर, जो फिल्म अभिनेत्री श्रीदेवी को समर्पित था। फाइल फोटो


राजा बुंदेला।


अजीत सिंह।

● मुंबई के फिल्मी कलाकारों को भेजे जा रहे आमंत्रण

### इन कलाकारों के आने की उम्मीद

अजीत ने बताया कि फिल्म फेस्टिवल में फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, डिंपल कपाड़िया, सुनील शेट्टी, ट्विंकल खन्ना, रघुवीर यादव, अनंत महादेवन, महेश मांजरेकर, अनीश बादमेंई, पद्मिनी कोल्हापुरी, मनोज पाहवा-सीमा पाहवा, पंकज त्रिपाठी, बोमन ईरानी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, नवीन पांडव एवं सुनील लहरी आदि की आने की सहमति मिल चुकी है। इसके अलावा विदेशी फिल्म कलाकार भी आएंगे। इनमें केरोलिन फ्रांसिस, विल्मा एलिस, लौरा शामिल हैं।

### बन रही 5 टपरा टाकीज

यूपी प्रभारी ने बताया कि खजुराहो परिक्षेत्र में पांच टपरा टॉकीज बनाई जा रही हैं। इनके नाम राजेश खन्ना अभिनीत फिल्मों के नाम पर होंगे। इन टाकीजों में नवोदित कलाकारों की फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी।

### टूरिंग टाकीज होगा नया आकर्षण

अजीत ने बताया कि इस बार सिनेमा गांव गांव टूरिंग टाकीज की शुरुआत भी कर रहे हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में फिल्म प्रदर्शन करेगी। बुंदेलखंड की युवा प्रतिभाओं को अधिकाधिक मंच प्रदान किया जाएगा। यूपी अंतर्गत बुंदेलखंड के सात जिलों की प्रतिभाओं को भी अपनी कला कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा।

## बाइक की टक्कर से आरजीबीईएल कर्मचारी की मौत

**सौरिख,कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर किलोमीटर 154 पर शुक्रवार को आरजीबीईएल कर्मचारी एक अन्य कर्मचारी के साथ एक्सप्रेस वे पर लगे पौधों की गिनती कर रहा था। तभी आगरा की तरफ से आई तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। मिनी पीजीआई सैफई में इलाज के दौरान घायल कर्मी की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के नगला वीरभान गांव निवासी धर्मेंद्र दुबे (45) एक्सप्रेस वे की रखरखाव करने वाली संस्था आरजीबीईएल में सुपरवाइजर था। शुक्रवार को सकरावा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी मोहित उर्फ मोनू के साथ बाइक से एक्सप्रेस वे किलोमीटर 154 पर पीली पट्टी पर बाइक खड़ी कर किनारे लगे पौधों की गिनती कर रहा था। तभी आगरा की तरफ से बाइक लेकर आ रहे बिहार के सिवान के चैनपुर गांव निवासी अरुण कुमार ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे मिनी पीजीआई सैफई में भर्ती कराया गया जहां मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### रोटावेटर में फंसकर किसान की मौत

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम मुसाफा में गुरुवार की रात खेत जोतते समय रोटावेटर में फंसकर 50 वर्षीय अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। मुसाफा गांव निवासी बाबूराम बीते रात खेत की जोताई कर रहा था। तभी अचानक रोटावेटर में फस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदनगृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भतीजे विमलेश ने बताया कि रात ननकू का पुत्र कल्लू के साथ खेत की जोताई कर रहा था। तब ये हादसा हुआ है।

### बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत

**किशनपुर,फतेहपुर।** सरौली गांव निवासी प्रेम पासवान का 19 वर्षीय पुत्र सोनू पासवान रारी मोड़ के समीप स्थित एक भट्ठे में मजदूरी करता था। गुरुवार की देर शाम वह भट्ठे से काम खत्म करने के बाद सब्जी लेने रारी मोड़ गया हुआ था। उसी दौरान रास्ते में उसे बाइक सवार व्यक्ति ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह घायल हो कर अचेत अवस्था में गिर गया। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार मौके पर बाइक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो भेजा। जहां चिकित्सकों ने युवक प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। परिजन उसे लेकर जा रहे थे कि उसी दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।

### हत्या के प्रयास में दो दोषियों को 10 साल की सजा

**इटावा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर आठ ने हत्या के प्रयास के 8 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को दोषी पाया। दोनों को दस साल की सजा सुनाई व 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। प्रीती शुक्ला पत्नी अभिषेक शुक्ला निवासी आनन्दनगर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसके ही मोहल्ले के रहने वाले राजेश पुत्र सिकंदर मिश्रा व राजा पुत्र राजेश मिश्रा ने एक अप्रैल 2016 को उसके पति को आपसी विवाद के चलते गोली मार दी जिससे वह घायल हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने राजेश कुमार व राजा को दोषी पाया और उन्हें 10-10 साल की सजा दी।

### लालपुरा हत्याकांड में पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

**इटावा।** बहुचर्चित लालपुरा में सर्राफाकारोबारी के द्वारा अपनी पत्नी व बच्चों की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी के भाई व उसके बुआ के लडके को गिरफ्तार कर लिया है। सर्राफा कारोबारी मुकेश वर्मा निवासी लालपुरा ने अपनी पत्नी दो बेटियों व बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मुकेश वर्मा ने सुसाइड नोट भेजा था जिसमें उसने अपने भाई अखिलेश व बुआ के लड़के मनोज पर उसकी रकम लेकर वापस नहीं करने की बात कही थी।

### हादसे में युवती की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मंगलवार को ग्राम पालपुर रोड पर कार की टक्कर से घायल हुई युवती ने 4 दिन बाद दम तोड़ दिया। परिजनों ने कार चालक व उसके साथियों के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। ग्राम पालपुर निवासी रामनरेश राजपूत की पुत्री कुसुम लता उर्फ रिंकी फर्रुखाबाद के मेडिकल कॉलेज में एएनएम का कोर्स कर रही थी। मंगलवार को कार की टक्कर से घायल हो गई। घटना के चौथे दिन शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। पिता का आरोप है की पुत्री को कॉलेज आते-जाते समय एक युवक परेशान करता था। युवक के घर पर शिकायत करने गए तो मारपीट कर भगा दिया। मंगलवार को रिंकी कॉलेज जाने के लिए घर से सुबह निकली थी। तभी गांव के ही रोड पर उक्त लोगों ने उसे कार से टक्कर मार दी थी।

### रुदौली में हादसा, कन्नौज निवासी दो युवतियों की मौत

**कन्नौज।** कार में बैठकर अयोध्या में जा रहीं दो अस्पताल कर्मियों व लैब टैक्नीशियन की रुदौली में सड़क हादसे में मौत हो गई। महिलाकर्मी जनपद कन्नौज की रहने वाली हैं जबकि लैब टैक्नीशियन देवरिया का बताया गया है। हादसे की खबर पाकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बताया गया है कि हादसे में दो अन्य छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं जिनका इलाज हादसे स्थल के निकट सीएचसी में किया जा रहा है। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में कार्यरत देवरिया के ग्राम सेमरी निवासी लैब टेक्नीशियन मोहम्मद हुसैन अपनी सहकर्मियों कन्नौज जिले के तिर्वा कोतवाली के ग्राम भदुरिया लोहामढ निवासी उपासना सिंह 24 वर्ष पुत्री राकेश सिंह तथा ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम मिरुअन मढ़हा निवासी रचना 25 वर्ष पुत्री धर्मवीर आदि के साथ शुक्रवार की सुबह कार से अयोध्या जा रहे थे। घने कोहरे में सुबह करीब पांच बजे जब वह रुदौली कोतवाली क्षेत्र के कूड़ा सदात कट पर पहुंचे तभी कार के आगे जा रहे एक ट्रैवलर बस आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई। इस वजह से कार भी वाहनों से भिड़ गई। इससे लैब टैक्नीशियन व कन्नौज की दोनों युवतियों की मौत हो गई।

### 3 दुकानों में लाखों का माल जला

**इटावा।** वैदपुरा बाजार की तीन दुकानों में शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे रात का सन्नाटा हाहाकार में परिवर्तित हो गया। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत करके जब तक आग पर काबू पाया तब तक तीन दुकानों में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकानदारों के मुताबिक 37 लाख का नुकसान हुआ है। थाना व कस्बा वैदपुरा में गुरुवार देर रात साढ़े 12 बजे बिजली शॉर्ट सर्किट से एक बीज भंडार की दुकान में धुआं उठने लगा। इस घटना को देख पड़ोस में रहने वाले युवक ने इसकी जानकारी दुकान स्वामी को दी। इस दौरान आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे तीन दुकानें आग की चपेट में आ गई। आग की निरंतर बढ़ रही लपटों से हाहाकार मच गया। चीख पुकार सुनकर चौराहा पर से पुलिस फोर्स आ गया पहले आसपास के लोगों के साथ आग बुझाने का प्रयास किया गया जिससे आग आगे बढ़ने से थम गई। इस दौरान फायर ब्रिगेड आ गई जिसने लगातार कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया। आग से सबसे अधिक नुकसान खाद, बीज, कीटनाशक भंडार में हुआ है। पीड़ित तेज सिंह ने बताया कि मेरा कम से कम 30 लाख रुपए का खाद बीज कीटनाशक जलकर राख हो गया है। श्याम बेकरी के मालिक दिनेश कुमार ने बताया मेरी दुकान का पांच लाख रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया है। जनरल स्टोर स्वामी प्रमोद कुमार ने बताया दुकान में लगभग दो लाख का नुकसान हुआ है। तीन फ्रीज सहित काफी माल जल गया।

### कार लूट में दोषी को जेल में बिताए 4 साल की सजा

**कन्नौज।** करीब चार साल पहले हुई कार लूट की घटना के मामले में अभियुक्त ने जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके बाद दोष सिद्ध पाते हुए विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) इंद्रजीत सिंह ने उसे जेल में बितायी अवधि चार साल की सजा से दंडित किया। इसके साथ ही आठ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर 10 दिन की जेल और भुगतने का आदेश दिया है। शासकीय अधिवक्ता ब्रजेश शुक्ल ने बताया कि इंदरगढ़ थाने में हिमांशु भटनागगर पुत्र जयपाल भटनगर निवासी ज्ञानलोक कालोनी, खुर्जा, जनपद बुलंदशहर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि उसकी गाड़ी मारुति डिजायर भाई आकाश के नाम पर पंजीकृत है। उसे बुकिंग के लिए चालक मोनू पुत्र रोहताश निवासी खुर्जा को देकर भेजा था। गाड़ी दो लोगों जिनमें से एक का नाम अमित है ने बुकिंग कराई थी। अमित पहले भी गाड़ी बुक कराकर ले जा चुका था इसलिए उसकी आईडी नहीं ली। 17 दिसंबर 2019 को शाम चार बजे चालक उक्त दोनों लोगों को लेकर खुर्जा से लखनऊ के लिए निकला था। कन्नौज में जसोदा स्थित गुप्ता होटल पर सभी लोग रुके। खाना खाने के बाद चालक गाड़ी चलाने चला तो अमित ने खुद गाड़ी चलाने की बात कही। इस पर चालक ने स्टेयरिंग उसे थमा दी। आरोप लगाया कि जब गाड़ी उमर्दा-बेला रोड बड़नपुर वीरहार लिंक रोड पर पहुंची तो दोनों ने चालक को गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देकर रात साढ़े 11 बजे उतारकर गाड़ी लूटकर भाग गए। मामले की विवेचना के दौरान संजय उर्फ मौसम का नाम सामने आया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए कार भी बरामद कर ली थी।

### एसडीएम की गाड़ी पर बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो वायरल

**मौदहा (हमीरपुर)।** सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ युवा एसडीएम की गाड़ी पर बर्थडे सेलिब्रेट करते हुए नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि एसडीएम के ड्राइवर या उसके परिवार का कोई सदस्य गाड़ी लेकर गया था। अपने दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी मनाई। कहा जा रहा है कि रील बनाने के लिए ऐसा किया गया। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में गाड़ी के बोनट पर कई केक रखे गए। साथ ही बर्थडे ब्वॉय बोनट पर बैठा है, केक काटने के बाद युवाओं ने उनका आनंद लिया। अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। घटना 13 नवंबर की रात की बताई जा रही है। जो कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज के ग्राउंड पर हुई। वीडियो में जो गाड़ी दिखाई दे रही है, उसके नंबर प्लेट, गाड़ी में लिखा एसडीएम और ऊपर लगी लाल-नीली लाइट से यह पुष्टि होती है कि यह एसडीएम की गाड़ी है। हालांकि, मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने इस पर चुप्पी साध रखी है। अब देखने वाली बात है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जाती हैं।


एसडीएम लिखी गाड़ी के बोनट पर बर्थडे मनाते युवक।

### नमो घाट पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रज्ज्वलित किया पहला दीप

# देव दीपावली पर 21 लाख दीपों से रोशन हुई शिव की नगरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** देव दीपावली पर शुक्रवार को वाराणसी में पहला दीप नमो घाट पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रज्वलित किया। इस दौरान घाट पर भव्य आतिशबाजी भी हुई। इसके बाद उपराष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य मेहमानों ने क्रूज़ पर सवार होकर गंगा की महाआरती का दर्शन किया। इस दौरान पर्यटकों ने हर-हर महादेव एवं जय श्रीराम के उद्घोष से उनका स्वागत किया।

सरकारी प्रवक्ता ने यहां बताया कि, उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री समेत क्रूज़ पर सवार सभी गणमान्य लोगो ने हाथ हिलाकर और हाथ जोड़कर पर्यटकों का अभिवादन स्वीकार किया। वहीं चेत सिंह घाट पर 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग, लेजर शो और गंगा पार रेत पर आतिशबाजी के भव्य दृश्य ने उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी घाटों पर शंखनाद, घण्ट-घड़ियालों की ध्वनि में भव्य महाआरतिआं काशी की धरती पर देवताओं का स्वागत करती दिखीं।


डमरू बजाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़।


रंग बिरंगी रोशनी से नहाया घाट। अमृत विचार

- दशाश्वमेध घाट पर अमर जवान ज्योति के जरिए वीरों को दी गई श्रद्धांजलि

### नमो घाट पर योगी और धनखड़ ने बजाया डमरू

काशी में देव दीपावली के पर्व पर नमो घाट का उद्घाटन करने के बाद उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों से मुलाकात की। इसी दौरान डमरू दल के युवाओं से भी उन्होंने मुलाकात कर उनकी हौसलाफजाई की। वहीं स्वयं जगदीप धनखड़ और योगी डमरू बजाकर महोत्सव के उल्लास में शामिल हुए।

### उप राष्ट्रपति ने किया नमो घाट की शुरुआत

- उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को विश्व के सबसे बड़े और सुंदर घाट "नमो घाट" की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उप राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सनातन की भूमि है और काशी इसका केंद्र है। सनातन धर्म सभी को समाहित करता है और इसने आक्रमणकारियों को भी समाहित करने का कार्य किया है। यह हमें एकता और दृढ़ता की सीख देता है। उप राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि संरक्षण, सृजन, दूरदर्शी और सराहनीय विकास के लिए जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी समर्पित हैं, उत्तर प्रदेश में यही काम तपस्वी के रूप में योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं। वहीं उन्होंने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे उनके मार्गदर्शन का लाभ कई अवसरों पर मिला है।

### 51 हजार दीपों से सजा योगी का स्लोगन "बंटोगे तो कटोगे"

काशी में इस बार की देव दीपावली पर पांडेय घाट विशेष आकर्षण का केंद्र बना, जहां योगी आदित्यनाथ का प्रसिद्ध नारा 'बटोगे तो कटोगे' 51 हजार दीपों से उकेरा गया। पांडेय घाट पर जलाए गए इन दीपों ने लोगों का ध्यान खींचा और चर्चाओं का विषय बन गया। वहीं, दशाश्वमेध घाट पर इस बार की महाआरती कारगिल युद्ध के शहीदों को समर्पित रही और "भगीरथ शौर्य सम्मान" के तहत वीर योद्धाओं को सम्मानित किया गया।

# धान की बढ़ी आवक, लक्ष्य से अधिक खुले केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूर्वी जिलों में तेजी आने से बढ़ा खरीद का फीसद
- चार हजार के सापेक्ष 4,085 केंद्र खुले, बढ़ेगी संख्या

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में धान की आवक होने से खरीद का फीसद बढ़ा है। दो दिन में तेजी को देखते हुए चार हजार केंद्र के सापेक्ष 85 और बढ़ाए गए हैं। किसानों की सुविधा के लिए आगे जरूरत पड़ने पर केंद्र और बढ़ाए जाएंगे।

शुक्रवार शाम तक पूर्वी व पश्चिम जिलों में संचालित 4,085 केंद्रों पर 48,745 किसानों से 3,27,145 मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा गया। सभी केंद्र संचालित होने से केंद्र प्रभारियों ने राहत की सांस ली। वहीं, सरकार द्वारा केंद्र पर वाजिब दाम मिलता देख किसानों में उत्सुकता आई है। कई जिलों की स्थिति यह है कि किसानों ने बिक्री के लिए टोकन लिए हैं। इसकी रोजाना मॉनीटरिंग होने लगी है। पूर्वी जिलों में लखनऊ की बात करें तो डिप्टी आरएमओ विपुल सिन्हा के मुताबिक 30 केंद्र संचालित हैं। दो दिन में रोजाना 100 मीट्रिक टन की बढ़त हुई है। 15 दिनों में 175 किसानों से 531 मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा है। 90 फीसद तक भुगतान कर दिया है।

**प्रदेश में खरीद की स्थिति**

**पशिचम क्षेत्र :** केंद्र 1376, किसान 36,847, खरीद 2,63,659 एमटी

**पूर्वी क्षेत्र :** केंद्र 2709, किसान 11,898, खरीद 63,486 एमटी

**3,70,774 किसानों ने कराया पंजीयन, 1479 मिल तैयार:** प्रदेश को चार हजार केंद्र संचालित करके 70 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य मिला है। केंद्रों पर धान बेचने के लिए 3,70,774 किसानों ने पंजीयन कराया है और प्रक्रिया जारी है। इस बार संख्या अधिक होते देख पिछले वर्षों से अधिक धान खरीद होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। साथ ही खाद्य व रसद विभाग ने 1479 मिलों में धान भेजने के इंतजाम किए हैं।

# निजी निकायों के प्रबंधन का हिस्सा नहीं हो सकते अफसर

### उल्लंघन करने वाले को आचरण नियमावली का दोषी पाया जाएगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


मनोज कुमार सिंह।

- मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जारी किया दिशा निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी सरकारी अधिकारी और कर्मचारी गैर सरकारी समितियों, ट्रस्ट जैसे निजी निकायों के प्रबंधन का हिस्सा नहीं बन सकता। न ही कोई भी सरकारी कर्मचारी, सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना कंपनी अधिनियम 1956 या उस समय लागू किसी अन्य कानून के तहत पंजीकृत किसी बैंक या अन्य कंपनी के पंजीकरण, प्रचार या प्रबंधन में भाग लेगा।

सरकारी कर्मचारी उप्र. सहकारी समिति अधिनियम, 1965 के तहत या किसी अन्य कानून के तहत पंजीकृत सहकारी समिति के पंजीकरण, प्रचार या प्रबंधन में भाग ले सकता है। इसका उल्लंघन करने वाले को आचरण नियमावली नियम-16 का दोषी पाया जाएगा और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस संबंध में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश का हवाला भी दिया गया है।

गुरुवार को जारी शासनादेश के मुताबिक राज्य सरकार एक सामान्य दिशा निर्देश भी जारी करेगी, जिसमें सभी सरकारी अधिकारियों को निर्देश दिया जाएगा कि वे प्रावधानों के विपरीत, किसी भी सूरत में गैर-सरकारी समितियों, ट्रस्टों आदि जैसे निजी निकायों के प्रबंधन निकायों का हिस्सा न बनें। अखिल भारतीय सेवा के सदस्यों के संबंध में, मुख्य सचिव मामले की जांच करेंगे और देखेंगे कि कितने मामलों में सरकार की पूर्व मंजूरी प्राप्त की गई है। यदि अनुपालन नहीं मिलेगा तो कार्रवाई करेंगे। छह माह की अवधि के भीतर इस संबंध में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जागी। कोई भी अधिकारी या कर्मचारी सोसायटी धन संग्रह या शेयर बेचने या किसी अन्य वित्तीय लेनदेन की सदस्यता बढ़ाने में भाग नहीं लेगा।इतना ही नहीं, सरकारी कर्मचारी किसी भी बड़ी सहकारी समिति या निकाय के प्रतिनिधि के रूप में, वह उस बड़ी समिति या निकाय के किसी भी पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेगा।

# देशवासी हमेशा बिरसा मुंडा के अभारी रहेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनी बिरसा मुंडा की जयंती

**अमृत विचार।** भाजपा ने बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी। प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए, अत्याचार एवं अनाचार के विरूद्ध संघर्ष के लिए तथा धर्मांतरण के खिलाफ आन्दोलन के लिए देश सदैव बिरसा मुंडा जी का अभारी रहेगा। जल, जंगल, जमीन की रक्षा तथा मातृभूमि के लिए उनका संघर्ष सदैव हम सभी का मार्ग प्रशस्त करेगा।

भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में राम प्रताप सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली में बिरसा मुंडा की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया है। दिल्ली के सरांय काले खां चौक का नाम बिरसा मुंडा के नाम पर रखने का निर्णय सराहनीय है।

# सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

**प्रतापगढ़ :** एसीजेएम कोर्ट ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज को राजा भैया पर टिप्पणी किए जाने के मामले दोष मुक्त कर दिया है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान इंद्रजीत सरोज ने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया पर टिप्पणी की थी। टिप्पणी से नाराज कुंडा विधायक व जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह ने एसीजेएम कोर्ट में पूर्व सांसद इंद्रजीत सरोज के खिलाफ वाद दायर किया था।

# ऑल इंडिया ओपेन शूटिंग प्रतियोगिता शुरू

**अयोध्या:** जिला रायफल क्लब के तत्वावधान में अयोध्या शूटिंग रेंज में शुक्रवार को तीन दिवसीय ऑल इंडिया ओपेन शूटिंग प्रतियोगिता शुरू हुई। पहले दिन प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लगभग 200 शूटिंग खिलाड़ियों ने निशाना साधा। एयर रायफल व एयर पिस्टल में 10 मीटर इंडोर ऑल इंडिया ओपेन शूटिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध सिंह ने पिस्टल से निशाना लगाते हुए किया। कहा कि खेल की कोई उम्र नहीं होती। खेल से मानसिक व शारीरिक वृद्धि के साथ निर्णय लेने की क्षमता का भी विकास होता है।

अयोध्या शूटिंग रेंज के कोच व प्रतियोगिता संयोजक शनि कुमार वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रांतों के लगभग 1000 खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में भाग लेंगे। सर्वाधिक खिलाड़ी उप्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, जम्मू, चंडीगढ़ आदि के होंगे। आयु वर्ग के साथ प्रशासन, पुलिस, आर्मी आदि कैटेगरी में खिलाड़ी भाग कर रहे।

# हाईवे पर हादसा : मेदांता लैब के 3 कर्मियों की मौत, 16 घायल

रुदौली (अयोध्या)।

**अमृत विचार।** लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह रुदौली कोतवाली क्षेत्र के कुढ़ा सादात कट के पास हुए हादसे में लखनऊ मेदांता में तैनात एक चिकित्सक समेत तीन की मौत हो गई, जबकि कार सवार और ट्रैवलर सवार 16 लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी रुदौली भजवाया। जहां से हालत गंभीर देख डॉक्टर ने वृद्धा को जिला अस्पताल और युवक को लखनऊ रेफर किया है। हादसा कट पर मुड़ रहे ट्रक से कार के टकराने और फिर पीछे से ट्रैवलर के कार से टकरा जाने के चलते हुआ। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ तथा जाम लगा गया। रुदौली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि घायलों को अस्पताल भिजवाया है। कार सवार अयोध्या दर्शन करने और ट्रैवलर सवार सभी चंद्रनगर, थाना क्षेत्र लाल बंगला, कानपुर निवासी गोरखपुर शादी में शामिल होने जा रहे थे।


**गुमशुदा**



विनोद कुमार निषाद पुत्र स्वर्गीय राजू निषाद उम्र करीब 15 वर्ष पिता की मृत्यु हो जाने के पश्चात अपने नाना राम बहोरी पुत्र राम कृपाल निषाद, निवासी– ग्राम–अरछा बरेठी, थाना– सरधुवा, जनपद–चित्रकूट के यहां रहता था, दिनांक 22.7.2024 को अपने नाना के घर अरछा बरेठी से सुबह 7: 30 बजे कहीं चला गया। इसके संबंध में थाना सरधुवा में मुकदमा अपराध संख्या 123/2024 धारा 137(2) bns गुमशुदगी पंजीकृत है विनोद कुमार गुमशुदा जन्म से गूंगा बहरा है।

**पहनावा ...** गोल गले की लाल रंग की टी शर्ट व हाफ निकर पहने हुए हैं

**हुलिया....** लंबा चेहरा रंग गेहुआ लंबाई करीब साढ़े चार फीट आंखें काली बाल काला है

**पहचान......** गुमशुदा विनोद कुमार जन्म से गूंगा बहरा है बोल नहीं पाता है। दाहिने हाथ की बीच वाली उंगली थोड़ी सी कटी हुई है

जिस किसी को मिले निम्न नम्बर पर सूचना दे

**क्षेत्राधिकारी, राजापुर चित्रकूट,**
**मो0–9305101114**
**प्रभारी निरीक्षक, थाना सरधुवा चित्रकूट**
**मो0–9305101075**
**सब इंस्पेक्टर शिवमणि मिश्रा (विवेचक)**
**थाना( सरधुवा**
**मो0–9140292378**


# लाखों ने लगाई सरयू में आस्था की डुबकी

अयोध्या कार्यालय

- भीड़ के चलते रामपथ पर चलना हुआ मुश्किल, हनुमानगढ़ी पर उमड़ी भीड़

**अमृत विचार:** कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर अयोध्या में मोक्षदायिनी सरयू में लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। सरयू तट पर जै श्री राम का जयघोष, सरयू तट पर दीपदान करतीं महिलाएं और बछिया की पूंछ पकड़े श्रद्धालु सनातन आस्था का संकेत कर रहे थे। स्नान दान के बाद रामलला के दर्शन किया। हनुमानगढ़ी पर दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी। सरयू के घाटों से लता चौक और राम पथ पर भीड़ के कारण चल पाना मुश्किल हो रहा था। मजिस्ट्रेटों के साथ पुलिस अफसर निगरानी कर रहे थे। सुरक्षा के लिए भारी संख्या में फोर्स की तैनाती रही।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला परिक्रमा और कार्तिक पूर्णिमा मेला था। मेले की शुरूआत से ही श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा रही। सरयू में पूर्णिमा स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के जै श्री राम के उद्घोष से घाट गूंजने रहे थे। श्रद्धा हिलोरे ले रही थी।

कोई राम–राम कहते नदी में स्नान के लिए उतर रहा था तो कोई हर-हर महादेव कहकर। सरयू का तट दोपहर तक श्रद्धालुओं से आबाद रहा। सरयू स्नान के बाद दर्शन पूजन के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु मठ-मंदिरों की ओर घूम रहे थे। राम लला के दर्शन को कतार रही तो हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी। अन्य मंदिरों में भी भीड़ दिखाई दी।

# राजू दास को मिली धमकी, तहरीर दी

**अयोध्या।** पौराणिक पीठ हनुमानगढ़ के उज्जैनिया पट्टी के संत राजू दास को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई है।

थाना राम जन्मभूमि पुलिस को दी तहरीर में संत राजू दास का कहना है कि वह सनातन धर्म के प्रचार प्रसार और इसकी रक्षा के लिए सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं,जो सनातन विरोधियों को अच्छा नहीं लगता। आरोप है कि गुरुवार की शाम करीब चार बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 9156368825 से उनको फोन कर गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सात बजे नेट कॉल के माध्यम से भी धमकाया गया। राम जन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच साइबर हेल्प केंद्र के सहयोग से कराई जा रही है।

# रामनगरी में लगेगा चिकित्सकों का कुंभ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रयागराज में महाकुंभ से पहले रामनगरी में चिकित्सकों का कुंभ लगने जा रहा है। राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय वर्ल्ड क्रोनोमेडिसिन 2024 कॉन्फ्रेंस में सात समुंदर पार से बड़ी संख्या में चिकित्सक शामिल होंगे। देश के कोने-कोने से मेडिसिन के महारथियों का भी जमावड़ा लगेगा।

तीन दिवसीय कांफ्रेंस का आयोजन 29 नवम्बर से शुरू होगा। एक दिसंबर को इसका समापन होगा। कॉन्फ्रेंस में देश के ही नहीं बल्कि विदेशों के भी चिकित्सकों को आमंत्रित किया गया है। पहली बार अयोध्या में होने जा रही इस कॉन्फ्रेंस को लेकर वृहद तैयारियां शुरू हो गई हैं। गंजा कैम्पस के मल्टीपर्पज हाल में 29 नवम्बर को कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ होगा। पहले दिन साइंटिफिक पर चर्चा होगी। दूसरे दिन वर्कशॉप, पेपर और पोस्टर प्रेजेंटेशन होगा। तीसरे दिन एक दिसंबर को दोपहर बाद कार्यक्रम का समापन हो जाएगा।


राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में होगी कॉन्फ्रेंस। अमृत विचार

### क्या है क्रोनोमेडिसिन

क्रोनोमेडिसिन पर इससे पहले कॉन्फ्रेंस जैसलमेर में हुई थी। दअरसल क्रोनोमेडिसिन मानव स्वास्थ्य व बीमारी को समझने के लिए एक अनुशासन है। आज कल लोगों की खराब दिनचर्या की वजह से बिगड़ रहे स्वास्थ्य पर बातचीत होगी। इनसे निजात दिलाने के लिए चिकित्सक अपनी–अपनी राय व सुझाव देंगे।

### ये नामी चिकित्सक रहेंगे मौजूद

वर्ल्ड क्रोनोमेडिसिन 2024 के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी व मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए यूएसए के अमेरिका कॉलेज ऑफ फिजिशियन की वाइस प्रेसिडेंट डॉ.मुक्ता पांडा, यूएसए से डॉ.देवेंद्र अग्रवाल, चेन्नई से डॉ. कृष्णा शेषादोई, अमेरिका से डॉ. सुरेश सी त्यागी, यूएसए से डॉ. देवाशीष बगेची, डॉ. के राय चौधरी रहेंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बैहार वि०ख० कर्वी, चित्रकूट**

पंत्राक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 13.11.2024

**निविदा सूचना**

राज्यवित्त/पंद्रहवां वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत बैहार द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 20.11.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 14.11.2024 से 20.11.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रक्कलन की धनराशि (लाख में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बैहार में संजय के घर से कंपोजिट विद्यालय इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2.74 | 5480 | 1000 |

निविदा शर्तें:–
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** / **ग्राम पंचायत बैहार** / **विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट**

**खण्ड विकास अधिकारी** / **ग्राम पंचायत बैहार** / **विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट**



**कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, उरई**

पत्रांक:– 770 / राज्य वित्त/ई–निविदा प्रणाली / (2024–25) उरई दिनांक:– 14/11/2024

**ई–निविदा सूचना**

सर्वसाधारण फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य, वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष–2024–25 में प्राप्त अनुदान की धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो की ई–निविदा दिनांक 05.12.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे तक ई–निविदायें (टेक्निकल /फाईनेन्शियल) आमंत्रित की जाती है। दिनांक 06.12.2024 को अपरान्ह 03.00 बजे नगर पालिका परिषद, उरई कार्यालय में निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। जिसमें टेक्निकल बिड क्वालीफाइंग करने वाले निविदादाताओं को ही फाइनेन्शिल बिड / प्रतिस्पर्धा में शामिल किया जायेगा। उक्त ई–निविदा www.etender.up.nic.in से डाउनलोड की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर ई निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 14.11.2024 अपरान्ह 03:00 बजे से |
| 2 | ई निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 14.11.2024 अपरान्ह 03:00 बजे से |
| 3 | ई निविदा डाउनलोड की अन्तिम तिथि / समय | 05.12.2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक |
| 4 | ई निविदा टेक्निकल बिड खोले जाने की तिथि / समय | 06.12.2024 अपरान्ह 03:00 बजे |
| 5 | ई निविदा फाइनेन्सियल बिड खोले जाने | टेक्निकल बिड खोले जाने के उपरान्त |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (जी0एस0 टी0 संहित) | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (मय जी0एस0 टी0) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 09 में सोनू याज्ञिक के मकान से राजकुमार द्विवेदी के मकान तक एवं फौजी के मकान के पास सी0सी0 सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 18.67 | 18700 0 | 2205.00 | 2 माह |

**नोट–**1. ई–निविदा के साथ 10 प्रतिशत प्रतिभूति धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, उरई के नाम आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान नगर पालिका परिषद के इंडियन बैंक जिला परिषद, उरई के खाता संख्या– 50434880603 (IFSC CODE-IDIB0000512) में जमा कराकर ई–निविदा में स्कैन कॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. शेष नियम व शर्तें ई–निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in की वेवसाइड एवं कार्यालय समय में कभी भी देखी जा सकती है।

**राम अचल कुरील** / **अधिशासी अधिकारी** / **नगर पालिका परिषद, उरई**

**(गिरजा चौधरी)** / **अध्यक्ष** / **नगर पालिका परिषद, उरई**


**अहम फैसला** श्रीराम टेंपल फाउंडेशन करेगी निर्माण, राम मंदिर के आर्किटेक्ट सोमपुरा बनाएंगे डिजाइन

# आस्ट्रेलिया में बनेगा 721 फिट ऊंचा राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय

- 150 एकड़ जमीन में बनाया जाएगा राम मंदिर, 101 फिट
- ऊंची हनुमान जी की मूर्ति भी लगाने की तैयारी

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के बाद अब ऑस्ट्रेलिया में भी विश्व का सबसे ऊंचा राम मंदिर बनाया जाएगा। जिसके लिए भूमि पूजन वर्ष 2025 में हो सकता है। इस कार्य को श्रीराम टेंपल फाउंडेशन करने की तैयारी में है।

अयोध्या पहुंचे ट्रस्ट के सचिव अमोद प्रकाश कटियार ने शुक्रवार को बताया कि 150 एकड़ जमीन में 721 फिट ऊंचा पांच मंजिल का राम मंदिर होगा। जिसकी डिजाइन भी राम मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा बनाएंगे। इसमें खास होगा कि राम मंदिर जाने के मार्ग में 101 फिट ऊंची हनुमान जी की मूर्ति भी लगाई जाएगी। इस मंदिर के लिए भूमि पूजन 2025 में होने की संभावना है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रण पत्र भेजा जाएगा।



आस्ट्रेलिया में बनने वाले राम मंदिर की प्रस्तावित डिजाइन। अमृत विचार

### सप्त सागर के निकट स्थापित होगी 51 फिट शिव मूर्ति

श्री राम टेंपल फाउंडेशन रामनगरी अयोध्या में भी अपनी पहचान स्थापित करेगी। जिसके लिए सप्तसागर कॉलोनी के पास भगवान शिव की 51 फिट मूर्ति भी स्थापित होगी। इसके अलावा एक सनातन विश्वविद्यालय का भी निर्माण कराएगी। ट्रस्ट के सचिव अमोद प्रकाश कटियार ने बताया कि इसके लिए अयोध्या आया हूं। जल्दी यह कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। वहीं श्रीराम मंदिर की डिजाइन तैयार करने वाले गुजरात के मशहूर आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा विशाल मंदिर निर्माण तैयार करने को लेकर चर्चा किया गया है। भूमि देखने के बाद डिजाइन तैयार करने का कार्य प्रारंभ होगा। कहा कि अभी ट्रस्ट के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक अयोध्या के राम मंदिर से मिलता जुलता ही यह मॉडल होगा।

# औद्योगिक क्षेत्रों में बनेगा महिलाओं के लिए हॉस्टल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रावास का नाम सखी भवन होगा, सरोजनीनगर और चिनहट में मिली भूमि

**अमृत विचार :** औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं के लिए किराए के मकान में छात्रावास संचालित होगा। किराए पर दो भवन लेने के लिए महिला कल्याण विभाग की ओर से प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। दोनों भवनों में 500 महिलाएं रुक सकेंगी।

लखनऊ और नोएडा में औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं के लिए चार-चार श्रमजीवी छात्रावास बनाए जाने हैं। शासन से इसके निर्माण को लेकर आदेश जारी हो चुका है। छात्रावास के निर्माण में काफी समय लग सकता है। निर्माण होने तक छात्रावास को किराए के भवन में चलाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही भवन के लिए किराया निर्धारित कर दिया गया है। अधिकारी छात्रावास के लिए किराए के भवन की तलाश में लगे हैं। नए वर्ष से छात्रावास शुरू करना है। दूसरी ओर प्रशासन छात्रावास के निर्माण के लिए जमीन चिह्नित कर रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि चिनहट और सरोजनीनगर क्षेत्र में दो जगहों पर नया छात्रावास बनाने के लिए जमीन चिह्नित की गई है।

## एक नजर

### महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर शुरू होगा तीन दिवसीय आर्यकुंभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** आर्य समाज के संस्थापक तथा महान चिंतक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती स्मरणोत्सव दिवस के रूप में मनायी जाएगी। इस अवसर पर शनिवार से तीन दिवसीय आर्य महाकुंभ की शुरुआत होगी। कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल मो. आरिफ खान, कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णन समेत बाबा रामदेव शामिल होंगे। फिरोजाबाद के सिरसागंज स्थित आर्य गुरुकुल महाविद्यालय में आर्य प्रतिनिधि सभा, उप्र. द्वारा आयोजित आर्य महाकुंभ का उद्घाटन पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा शनिवार को किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने शुक्रवार को बताया कि पहले दिन दिव्य ज्ञान ज्योति रथयात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद योगाभ्यास तथा राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। अगले दिन वेद विज्ञान सम्मेलन, मातृ शक्ति सम्मेलन, व्यायाम प्रदर्शन, आदर्श परिवार सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा अंतिम दिन पर्यावरण एवं विश्व कल्याण अग्निहोत्र तथा समापन सत्र का आयोजन होगा।

### उत्तराखंड के लेखक गांव में शुरू होगी अटल व्याख्यान माला

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने बताया कि आगामी 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उत्तराखंड के 'लेखक गांव' में अटल व्याख्यान माला की शुरुआत की जाएगी। यह व्याख्यानमाला साहित्य और संस्कृति के माध्यम से युवा पीढ़ी को प्रेरित करेगी। डॉ. निशंक शुक्रवार को वीवीआईपी गेस्ट हाउस में स्पर्श हिमालय महोत्सव 2024 की अद्वितीय सफलता और आगामी अटल जयंती समारोह के आयोजन को लेकर बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि लेखक गांव में ही नालंदा विश्वविद्यालय की तर्ज पर एक पुस्तकालय का निर्माण किया जाएगा। जिसमें एक लाख से अधिक पुस्तकों का संग्रह होगा, जो साहित्य प्रेमियों और शोधकर्ताओं के लिए एक अमूल्य धरोहर होगी। उन्होंने बताया कि विश्व स्तर पर साहित्य और कला के क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### मेटा के अलर्ट पर पुलिस ने युवक की बचाई जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मेटा कंपनी से डीजीपी कार्यालय को मिले अलर्ट पर पुलिस ने एक युवक को खुदकुशी करने से बचा लिया। शाहजहांपुर के युवक ने गुरुवार देर रात को गुस्से में नींद की गोलियों का ओवरडोज ले लिया। इसके बाद खुदकुशी करने की बात कहते हुए वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। अलर्ट मिलते ही डीजीपी प्रशांत कुमार ने एसटीएफ कंट्रोल रूम से लोकेशन मंगाई। इसके बाद शाहजहांपुर के सोशल मीडिया सेल को अलर्ट किया। 15 मिनट में पुलिस युवक के घर पहुंची और अस्पताल में भर्ती कराया। जहां अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

शाहजहांपुर के कटरा में रहने वाले इस युवक की काउंसिलिंग भी की गई। युवक ने बताया कि घर वालों ने ठीक से काम न करने पर उसे डांट दिया था। इस पर ही उसने गुरुवार रात 11 बजे नींद की गोलियां ज्यादा खा ली थीं। अब युवक ने भविष्य में दोबारा इस तरह की हरकत न करने का वादा किया है। घर वालों ने पुलिस की काफी सराहना की। मेटा कंपनी की तरफ से भेजे जाने वाले अलर्ट से पुलिस अब तक कई लोगों की जान बचा चुकी है। डीजीपी ने तत्काल मौके पर पहुंचने वाले पुलिस कर्मियों की भी प्रशंसा की है।

# विरासत से प्रेरणा लेने वाला गुलाम नहीं हो सकता

## जनजातीय गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री योगी ने की अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव के दौरान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को नमन करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनजातीय समाज की गौरवपूर्ण संस्कृति और उनकी मातृभूमि के प्रति अपार निष्ठा को सम्मान देते हुए बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव की शुरुआत की। कहा कि विरासत और आदर्शों से प्रेरणा लेने वाला समाज कभी गुलाम नहीं हो सकता है।

योगी ने शुक्रवार को गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में 15 से 20 नवंबर तक आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जनजातीय समुदाय के मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता प्रेरणा का स्रोत है। जनजातीय समाज न केवल भारत का मूल संप्रदाय है, बल्कि मातृभूमि के प्रति उच्च भाव से प्रेरित होकर देश की सेवा में सदैव तत्पर रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब देश पर विदेशी सत्ता का शिकंजा था, तब भगवान बिरसा मुंडा ने अपने समुदाय के अधिकारों की रक्षा और स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया।

उन्होंने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह बिरसा मुंडा के बलिदान को देशभर में सम्मान देने का महत्वपूर्ण कदम है। कहा कि जनजातीय समाज की सशक्तीकरण के लिए सदैव डबल इंजन की सरकार तत्पर है। जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और विकास के लिए विशेष योजनाएं चल रही हैं। जनजातीय समाज के शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में सरकार ठोस कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 15 से 20 नवंबर तक चलने वाले इस छह दिवसीय महोत्सव में देश के 22 राज्यों के जनजातीय कलाकार भाग ले रहे हैं, वहीं स्लोवाकिया और वियतनाम के कलाकार भी इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। प्रदेश के 11 जिलों में जनजातीय समुदाय का निवास है, जिसमें सोनभद्र का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि जनजातीय समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जा रहा है।

इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग मुकेश कुमार मेश्राम सहित कई अधिकारी और जनजातीय समाज से जुड़े गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# निजी संस्थान को नहीं बनाया जाएगा परीक्षा केंद्र

▸▸ **पीसीएस-प्री की परीक्षा को लेकर मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दिए निर्देश**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि पीसीएस-प्री की परीक्षा आगामी 22 दिसम्बर को प्रस्तावित है। शासनादेश के अनुसार परीक्षा केन्द्र मुख्य मार्ग पर होना चाहिये। सरकारी एवं वित्त पोषित संस्थानों को ही परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा। परीक्षा के लिये निजी संस्थान को सेंटर नहीं बनाया जायेगा। कोषागार से परीक्षा केन्द्र की दूरी 10 किमी. होने की अनिवार्यता में शिथिलता प्रदान की गई।

शुक्रवार लोकभवन में उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को सभी मुख्य मार्गों पर स्थित सरकारी एवं वित्त पोषित संस्थानों की सूची अनिवार्य रूप से 18 नवंबर तक उप्र. लोक सेवा आयोग एवं कार्मिक विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

**भविष्य के लिए तैयार होगा सेंटर्स का डेटाबेस :** मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिये कि सेंटर्स की सूची पीसीएस-प्री परीक्षा को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि मुख्य मार्ग पर स्थित सभी निजी एवं वित्त पोषित संस्थाओं की सूची भेजा जाये। प्राप्त सूचना के आधार पर कार्मिक विभाग द्वारा एनआईसी की मदद से डाटाबेस तैयार किया जाए। इस डाटाबेस का प्रयोग प्रदेश में आयोजित होने वाली अन्य परीक्षाओं में किया जायेगा और सेंटर्स के लिये बार-बार एक्सरसाइज करने की आवश्यकता नहीं होगी।

# उन्नाव के सीएमओ पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकीय कार्यों में हीलाहवाली हो या प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही, कोई बख्शा नहीं जाएगा। यह बात शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्नाव सीएमओ समेत कई चिकित्साधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश देते हुए कही। उन्होंने सोशल मीडिया में अस्पताल संबन्धी वायरल वीडियो का भी संज्ञान लिया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने उन्नाव सीएमओ डॉ.सत्य प्रकाश और सीएचसी सफीपुर के अधीक्षक डॉ.राजेश कुमार वर्मा के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इन अधिकारियों पर अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने, उच्च स्तर पर भ्रमित सूचना देने और उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन न करने के आरोप हैं। ब्रजेश पाठक ने कहा कि शासन एवं उच्च स्तर से मिले निर्देशों पर अगर अमल नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### लेबर रूम व ओटी में मोबाइल-कैमरा प्रतिबंधित

**अमृत विचार :** महिला अस्पताल के लेबर रूम एवं ओटी में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ के अतिरिक्त कोई भी कर्मचारी व अन्य पुरुष प्रवेश नहीं कर सकेंगे। यह निर्देश शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सीतापुर के हरगांव सीएचसी के लेबर रूम एवं ओटी कक्ष के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए कही है। उप मुख्यमंत्री ने लेबर रूम में मोबाइल एवं कैमरे को पूरी तरह से प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को दिए हैं। उन्होंने कहा कि लेबर रूम में चिकित्सक के अतिरिक्त अन्य किसी भी पुरुष कर्मचारी, चाहे वो कोई ट्रेनी हो या कोई अन्य कर्मचारी, उसका प्रवेश पूरी तरह से निषेध रहेगा। साथ ही लेबर रूम में रोगी की निजता का पूरा ख्याल रखा जाए। मानकों के अनुरूप साफ-सफाई की जाए।



"अस्पताल आरोग्यता का मन्दिर हैं, इसमें केवल मरीज रूपी ईश्वर की सेवा की जानी चाहिए, इसकी गरिमा को धूमिल करने वाले दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

–ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री

### वाराणसी प्रकरण की जांच के निर्देश

**अमृत विचार :** वाराणसी के जिला अस्पताल के वायरल वीडियो की जांच होगी, जांच में जो दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल में स्टाफ नर्स एवं कर्मचारियों के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए दिये हैं। उन्होंने वाराणसी के ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रकरण की जांचकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। वीडियो की जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रेषित करनी होगी।

## कृषि भारत मेले में समर्थ 1.0 लांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए डेयरी फार्मिंग करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करते हुए गिर गाय का पालन करने का सुझाव दिया है। गिर गाय एक ऐसी नस्ल है, जो रोजाना औसतन 12-20 लीटर तक दूध देती है।

मुख्य सचिव शुक्रवार शाम भारत के अग्रणी एफएमसीजी ब्रांड्स में से एक बीएल एग्रो और इसके एग्रीटेक वेंचर लीड्स कनेक्ट ने जोखिम प्रबंधन, जलवायु और स्थिरता समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लखनऊ के कृषि भारत 2024 मेले में समर्थ 1.0 लांच किया। इससे पूर्व, मुख्य सचिव ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की। उन्होंने कहा कि खेती के लिए किसानों को नई तकनीक का उपयोग करना चाहिए। गांव में युवा खेती से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव आईएएस के. रविन्द्र नायक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी भर्ती प्रकिया जल्द शुरू हो

▸▸ **मुख्य सचिव ने बांदा, गोरखपुर, कानपुर देहात व बहराइच के जिलाधिकारियों को दिए निर्देश**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बांदा, गोरखपुर, कानपुर देहात व बहराइच जिले के जिलाधिकारियों को आंगनबाड़ी भर्ती का विज्ञापन जल्द से जल्द प्रकाशित कराने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा उन्होंने शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित एक बैठक में बलिया को आंगनबाड़ी सहायक से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर प्रमोशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द से जल्द पूरा कराकर विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर नगर, मैनपुरी व मुरादाबाद में विज्ञापन प्रकाशित करने से पूर्व की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जायें और आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद विज्ञापन का प्रकाशन किया जाये।

उन्होंने जिलाधिकारियों को स्वीकृत 171 बाल विकास परियोजना कार्यालय सहगोदाम के निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद, फिरोजाबाद व बलरामपुर में एक-एक भवन का निर्माण कार्य भूमि अनुपलब्ध होने के कारण शुरू नहीं हुआ है, वहां पर प्राथमिकता पर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर निर्माण कार्य चालू कराया जाये। उन्होंने कहा कि उप्र. रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष द्वारा 9 जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं को 1 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक की क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। सभी जिलाधिकारियों द्वारा सभी लम्बित प्रकरणों का आगामी 15 दिनों में निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये ताकि क्षतिपूर्ति की धनराशि पीड़िता के खाते में भेजी जा सके। साथ ही शक्ति सदन योजना के अन्तर्गत लाभार्थी महिलाओं के लिए 10 जिलों -अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, चित्रकूट, झांसी, गोंडा, बस्ती, मिर्जापुर, वाराणसी एवं सहारनपुर में किराये के भवन में 50-50 की क्षमता के शक्ति सदन का संचालन किया जाना है। यहां 50 महिलाओं के ठहरने के लिए उपयुक्त भवन के चयन तथा इनके संचालन को सेवाप्रदाता के माध्यम से कार्मिकों के चयन शीघ्रता से पूरा कराया जाये।

# गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## कहा- ईश्वर की आराधना के प्रति गुरु नानक ने सभी को लगातार प्रेरित किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को आलमबाग एवं गुरुद्वारा पटेल नगर में गुरु नानक देव के 555वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान कहा कि ईश्वर की आराधना के प्रति गुरु नानक देव ने सभी को लगातार प्रेरित किया। साथ ही सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया। यही परंपरा आगे चलकर भक्ति से शक्ति के तेज पुंज के रूप में बदल गई और गुरु गोविंद सिंह के नेतृत्व में नए आयाम मिले। पिछले चार वर्षों से गुरु गोविंद सिंह के चार साहेबजादों के बलिदानी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा कर इसे राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम घोषित किया। योगी ने प्रदेशवासियों को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि उनके आदर्शों से प्रेरित होकर समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।


गुरु नानक देव के 555वें प्रकाश पर्व पर राजधानी स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा, पटेल नगर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते पदाधिकारी।

### मनरेगा पर 98 करोड़ बकाया मानदेय भी फंसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मनरेगा की बकायेदारी फिर बढ़ गई है। बजट के अभाव में निर्माण सामग्री समेत 98 करोड़ रुपये बकाया है। साथ ही जिलों पर तैनात अधिकारी व कर्मचारियों का जुलाई से मानदेय बकाया है। मनरेगा में निर्माण सामग्री व श्रमिकों का पर्याप्त बजट न मिलने के कारण करीब 98 करोड़ रुपये बकाया है। वहीं, धान की कटाई के कारण काम भी कम है। करीब 85 करोड़ रुपये फर्मों को निर्माण सामग्री का देना है। वहीं, कुशल श्रमिकों का 11.18 करोड़ व श्रमिकों का 36.40 करोड़ बाकी है। इनके अलावा जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर संविदा व आउटसोर्स पर तैनात अधिकारी व कर्मचारियों को भी जुलाई से मानदेय नहीं मिला है। इससे इनकी आर्थिक स्थिति दिन पर दिन खराब हो रही है। मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने बताया कि 500 करोड़ रुपये मिलें, तभी सभी देनदारी उतर सकेंगी।

## वर्ग पहेली-253

**बाएं से दाएं**

1. जिसे जीता न जा सके, अजेय।
2. 1. मुहल्ला, टोला 2. खेत की सीमा; हद 3. भैंस का नर बच्चा।
3. 1. बालक, पुत्र, शिशु 2. तर्पण, पितरों को जल देना।
5. ईख
6. 'चुर-चुर' ध्वनि उत्पन्न होना।
8. प्रकाश, उजाला।
10. कपड़े आदि के दो भागों को आपस में मिलाने और अलग करने वाला एक छोटा उपकरण, (चेन)।
11. 1. वेद-विधि अनुसार अनुष्ठान करना, यज्ञ करना 2. यज्ञभूमि 3. यज्ञस्थल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पाश्चात्य दार्शनिक मेलब्रांश तथा ज्यूलोक का सिद्धांत 2. अवसर के अनुरूप कार्य कर अपना मतलब साधने का सिद्धांत।
4. 1. वह सोता जहां से पानी लगातार गिरता है 2. किसी चीज़ का लगातार गिरना 3. लगातार बहने वाली छोटी जल-धारा 4. अनाज छानने की एक छलनी 5. लंबी डंडी की एक झंझरीदार चपटी कलछी, पौना।
5. 1. दीपक, चिराग 2. सूर्य।
7. 1. बचपन, कम उम्र की अवस्था, लड़कपन 2. लघुता, छोटापन, छोटाई।
9. 1. नीति, ले जाना 2. अगुआ, नेता 3. युक्ति, उपाय 4. नेतृत्व।

### वर्ग पहेली -252 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अ | | | 2 त |
| | 3 इ | बा | द | त | ख़ा | ना |
| 4 टा | | | ल | | | सु |
| प | | | ब | | 5 ले | ख |
| ना | | 6 ग | द | न | | |
| | 7 पा | य | ल | | | 8 फे |
| 9 गै | ली | | | 10 को | स | र |

## सुडोकू -166

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | 7 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| 8 | | 3 | | | | | 6 | 2 |
| 1 | | | | | | | | |
| 9 | | | 4 | | | | | 1 |
| | 7 | | | | 9 | 3 | | |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| 5 | | 6 | | | | 1 | | 7 |

### सुडोकू - 165 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 |
| 1 | 3 | 5 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 नवंबर, शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 23.50 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष** – आज आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी ज्यादा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। अनैतिक कार्यों की तरफ आपका रूझान बढ़ सकता है। आपको ऐसे लोगों से मिलना पड़ सकता है, जिन्हें आप बिल्कुल पसंद नहीं करते हैं।

**वृष** – आज रुके हुए मामलों में गति आएगी। विवाहित जोड़े रोमांटिक समय का आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र में लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे। आपका मन काफी प्रसन्न रहने वाला है। एक साथ कई कार्य करने से काम बिगड़ सकते हैं।

**मिथुन** – आज मनमाना व्यवहार करने से बचें। व्यर्थ की बातों में ज्यादा ध्यान न दें। आंखों में कुछ समस्या हो सकती है। सरकारी नियमों का कड़ाई से पालन करें। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। किसी बात को लेकर बहस की स्थिति बन सकती है।

**कर्क** – आज नई योजनाओं पर धन निवेश कर सकते हैं। रिश्तेदारों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। थोड़ी सी मेहनत से अधिक लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह** – आज कारोबार में आपको अचानक कुछ फैसले लेने पड़ सकते हैं। विरोधियों से आपको सावधान हो जाना चाहिए। आवश्यक कार्यों को सुबह शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लें। अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। जीवन के नए अनुभव प्राप्त होंगे।

**कन्या** – आज सरकारी काम देरी से पूर्ण होंगे। अति आत्मविश्वास के कारण लोगों के निशाने में आ सकते हैं। नजदीकी मित्रों के साथ अपने सम्बन्ध मधुर रखें। मित्रों के साथ संबंधों में खटास उत्पन्न हो सकती है। अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें।

**तुला** – आज आपको शाम को कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। लोगों के प्रति आपके सहयोगात्मक व मैत्रीपूर्ण व्यवहार की सराहना होगी। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से लाभ होगा। विदेशी भूमि पर व्यापार में वृद्धि होगी। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा।

**वृश्चिक** – आज परिवार में आपको अधिक ध्यान देना पड़ेगा। आपके व्यावसायिक संपर्क बढ़ेंगे। ऑफिस में बॉस आपसे काफी खुश रहने वाले हैं। सामान्य गलतियों को नजरअंदाज न करें। दिनचर्या में नई आदतों को शामिल न करें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद दूर होंगे।

**धनु** – आज यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो अतिरिक्त धन लेकर निकलें। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र की सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी। बाहरी लोगों को अपने व्यक्तिगत कार्यों में ज्यादा न उलझने दें।

**मकर** – आज वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। बजट के असंतुलन के कारण काम बिगड़ सकते हैं। प्रेम संबंधों में गलतफहमी उत्पन्न होने की आशंका है। बॉलीवुड और फिल्म क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**कुंभ** – आज आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। जिन विषयों के बारे में आपके पास पर्याप्त ज्ञान नहीं है, उसको लेकर कोई दावा न करें। व्यवसाय में इच्छित लाभ नहीं होगा। कारोबार में विस्तार को लेकर बड़ा लोन लेने का विचार बना सकते हैं।

**मीन** – आज सहकर्मियों का व्यवहार आपके प्रति बहुत अच्छा रहेगा। सभी कार्य आपके अनुसार ही होते प्रतीत होंगे। मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा। जॉब में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**–पूर्व। **ऋतु**–हेमंत।
चन्द्रबल– वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल– भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र– कृत्तिका 19.28 तक तत्पश्चात रोहिणी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- धड़कन – सुबह : 11.11
- यमला पगला दीवाना – शाम : 06.11

&pictures
- वलाटी – सुबह : 09.40
- जुदाई – रात : 08.30

SONY PIX
- स्पाइडर मैन – सुबह : 11.26
- वंडर वूमैन – रात : 09.41

ZEE CINEMA
- पड़ोसन – सुबह : 08.15
- मोहरा – रात : 08.25

ZEE ACTION
- प्लेयर्स – सुबह : 10.48
- हिम्मतवर – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पड़ोसी– भाभी जी भाई साहब नहीं दिख रहे हैं।
भाभी– हमारा झगड़ा हो गया है वह गार्डन में हैं।
पड़ोसी– मैंने देखा गार्डन में नहीं हैं वो।
भाभी– खोदकर देखा।
पड़ोसी बेहोश...

भिखारी– बाबूजी आप मुझे 150 रुपये देकर मेरी मदद कीजिए।
मैं अपने परिवार से बिछुड़ गया हूं।
मोनू– पहले बताओ तुम्हारा परिवार कहां है?
भिखारी– मल्टीप्लेक्स में फिल्म देख रहा है।

## एक नजर

### चीनी उत्पादन 44 प्रतिशत घटकर 7.10 लाख टन

**नई दिल्ली।** भारत का चीनी उत्पादन 2024-25 सत्र के पहले छह सप्ताह में 44 प्रतिशत घटकर 7.10 लाख टन रह गया है। एक साल पहले समान अवधि में यह 12.70 लाख टन रहा था। उद्योग निकाय एनएफसीएसएफएल ने शुक्रवार को कहा कि चीनी उत्पादन घटने की वजह यह है कि अभी काफी कम मिलों ने पेराई परिचालन शुरू किया है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड (एनएफसीएसएफएल) ने कहा कि 15 नवंबर तक केवल 144 चीनी मिलें चालू थीं। पिछले साल की समान अवधि में 264 मिलें परिचालन कर रही थीं। भारत के शीर्ष तीन चीनी उत्पादक राज्यों में से एक महाराष्ट्र ने अभी तक पेराई शुरू नहीं की है।

### जीईएम से सार्वजनिक खरीद तीन लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** जीईएम पोर्टल के माध्यम से सरकारी खरीद इस वित्त वर्ष में अबतक तीन लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है। सरकार की विभिन्न इकाइयां सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के जरिये वस्तुओं और सेवाओं की खरीद करती हैं। एक अधिकारी ने कहा कि विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की खरीद गतिविधियां बढ़ने से आंकड़ा तीन लाख करोड़ पार कर गया है।

### पारेषण लाइन से नेपाल से बांग्लादेश को बिजली निर्यात

**नई दिल्ली।** नेपाल से भारतीय पारेषण लाइन से बांग्लादेश को बिजली निर्यात शुक्रवार को शुरू हुआ। यह पहला मौका है जब भारतीय ग्रिड के माध्यम से त्रिपक्षीय बिजली सौदा हुआ है। आधिकारिक बयान के अनुसार, बिजली मंत्री मनोहर लाल ने डिजिटल माध्यम से बांग्लादेश के बिजली, ऊर्जा और खनिज संसाधन मंत्रालय के सलाहकार मोहम्मद फौजुल कबीर खान और नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री दीपक खड़का के साथ इस व्यवस्था का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम की मेजबानी नेपाल सरकार के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय ने की।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.2% वृद्धि का अनुमान

## अगले साल 6.6% की दर से बढ़ने का मूडीज ने लगाया अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी



रेटिंग एजेंसी ने वैश्विक वृहद परिदृश्य 2025-26 किया जारी

भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है और इसके कैलेंडर वर्ष 2024 में 7.2 प्रतिशत और इसके अगले साल 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। मूडीज रेटिंस ने यह बात कही है। मूडीज ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ठोस वृद्धि और नरम मुद्रास्फीति के साथ आगे बढ़ रही है। रेटिंग एजेंसी ने अपने वैश्विक वृहद परिदृश्य 2025-26 में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था ने महामारी के दौरान आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान, रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ऊर्जा और खाद्य संकट, उच्च मुद्रास्फीति और इसके चलते सख्त मौद्रिक नीति से उबरने में उल्लेखनीय जुझारू क्षमता दिखाई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकांश जी-20 अर्थव्यवस्थाएं स्थिर वृद्धि दर्ज करेंगी और नीतिगत मोर्चे पर नरमी तथा अनुकूल जिंस कीमतों से उन्हें समर्थन मिलेगा। एजेंसी ने कहा कि अमेरिकी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय नीतियों में चुनाव के बाद के बदलाव के चलते वैश्विक आर्थिक चुनौतियां बढ़ सकती हैं। मूडीज ने भारत के बारे में कहा कि घरेलू खपत में सुधार, मजबूत निवेश और मजबूत विनिर्माण गतिविधि के कारण 2024 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें आगे कहा गया कि विनिर्माण और सेवा पीएमआई का विस्तार, मजबूत ऋण वृद्धि और उपभोक्ता भरोसे जैसे उच्च आवृत्ति संकेतक, तीसरी तिमाही में स्थिर आर्थिक गति का संकेत देते हैं। मूडीज ने कहा कि वास्तव में, एक व्यापक आर्थिक नजरिये से भारतीय अर्थव्यवस्था ठोस वृद्धि और नरम मुद्रास्फीति के साथ अच्छी स्थिति में है।

# हीरे की मांग से रत्न, आभूषण निर्यात 9.18 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई, एजेंसी

तराशे और पॉलिश हीरे की मांग में सुधार से अक्टूबर में भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 9.18 प्रतिशत बढ़कर 299.80 करोड़ डॉलर (25,194.41 करोड़ रुपये) हो गया है। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गत वर्ष के अक्टूबर में कुल निर्यात 274.61 करोड़ डॉलर (22,857.16 करोड़ रुपये) था।

उसने कहा कि इस वर्ष अक्टूबर में सीपीडी (तराशे गये एवं पॉलिश हीरे) का निर्यात 11.32 प्रतिशत बढ़कर 140.36 करोड़ डॉलर (11,795.83 करोड़ रुपये) का हो गया, जबकि गत वर्ष इसी माह में यह 126.1 करोड़ डॉलर (10,495.06 करोड़ रुपये) रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने कहा कि यह हमारे उद्योग के लिए स्वागतयोग्य राहत है, क्योंकि हमने अक्टूबर में 9.18 प्रतिशत की निर्यात वृद्धि दर्ज की है। उल्लेखनीय रूप से, तराशे गये और पॉलिश किए गए हीरे का निर्यात अक्टूबर, 2023 की तुलना में 11.32 प्रतिशत बढ़ा है। हमें उम्मीद है कि खासकर पश्चिम में छुट्टियों के मौसम को देखते हुए बढ़त की यह प्रवृत्ति जारी रहेगी जो रत्न और आभूषण की मांग को और बढ़ाएगा। शाह ने कहा कि परिषद मौजूदा बाजारों में मांग को मजबूत करते हुए नए बाजारों में विस्तार करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने के साथ, हम भू-राजनीतिक परिदृश्य को स्थिर करने और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उनके वादे के प्रति आशावादी हैं, जो व्यापार, व्यवसाय और आपूर्ति श्रृंखलाओं में पुनरुद्धार का समर्थन करेगा, और अंततः रत्न और आभूषणों की वैश्विक मांग को बढ़ायेगा।



अक्टूबर में सीपीडी का निर्यात 11.32 प्रतिशत बढ़कर 140.36 करोड़ डॉलर हुआ

जीजेईपीसी के अनुसार, अक्टूबर, में सोने के आभूषणों का निर्यात भी 8.8 प्रतिशत बढ़कर 112.45 करोड़ डॉलर (9,449.37 करोड़ रुपये) का हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 103.36 करोड़ डॉलर (8,603.33 करोड़ रुपये) रहा था। प्रयोगशाला में विकसित हीरों का निर्यात पिछले महीने 1.27 प्रतिशत बढ़कर 13.81 करोड़ डॉलर (1,160.70 करोड़ रुपये) का हो गया, जबकि पिछले साल अक्टूबर में 13.64 करोड़ डॉलर (1,135.16 करोड़ रुपये) का निर्यात हुआ था।

### टिकाऊ विनिर्माण पर ध्यान देने से निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

परिधान निर्यात निकाय के अनुसार अक्टूबर में 35 प्रतिशत की हुई वृद्धि

**नई दिल्ली।** गुणवत्तापूर्ण उत्पादों तथा टिकाऊ विनिर्माण प्रथाओं पर उद्योग का ध्यान भारत के सिले-सिलाए परिधान निर्यात को बढ़ाने में मदद कर रहा है, जो अक्टूबर में 35 प्रतिशत बढ़ा। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि भारत का जिन देशों (जैसे दक्षिण कोरिया, जापान और ऑस्ट्रेलिया) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है, उन्हें निर्यात करने से निर्यात में उसकी हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिल रही है। सिले-सिलाए परिधानों का निर्यात अक्टूबर में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर 1.22 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 8.73 अरब डॉलर हो गया। सेखरी ने इस वृद्धि का श्रेय उद्योग द्वारा गुणवत्ता, स्थिरता तथा सामर्थ्य पर दिए गए जोर को दिया, जिससे अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों की ओर से मांग बढ़ी है।

# यूएई से भारत का आयात 70% बढ़कर 7.2 अरब डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

व्यापार घाटा करीब 3.5 अरब डॉलर पहुंचा

भारत का अपने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आयात अक्टूबर में सालाना आधार पर 70.37 प्रतिशत बढ़कर 7.2 अरब डॉलर हो गया। माह के दौरान व्यापार घाटा करीब 3.5 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी व्यापार घाटा सितंबर में 2.47 अरब अमेरिकी डॉलर था। यूएई से कुल मिलाकर अप्रैल-अक्टूबर में आयात सालाना आधार पर 24.91 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 55.12 प्रतिशत बढ़कर 38.64 अरब डॉलर हो गया। वहीं निर्यात सालाना आधार पर 15.86 प्रतिशत बढ़कर 20.93 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल समान अवधि में यह 18 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा अप्रैल-अक्टूबर में बढ़कर 17.71 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 6.85 अरब अमेरिकी डॉलर था।

# विदेशी मुद्रा भंडार 6.48 अरब डॉलर घटकर 675.65 अरब डॉलर आया

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार आठ नवंबर को समाप्त सप्ताह में 6.48 अरब डॉलर घटकर 675.65 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह, विदेशी मुद्रा भंडार 2.67 अरब डॉलर घटकर 682.13 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा था जो कई हफ्ते से घट रहा है। रिजर्व बैंक के अनुसार, समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली मुद्रा आस्तियां 4.47 अरब डॉलर घटकर 585.38 अरब अमेरिकी डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.94 अरब डॉलर घटकर 67.81 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया।

# कई रिकॉर्ड बनाने वाला शेयर बाजार उच्चस्तर से 10 प्रतिशत आया नीचे

नई दिल्ली, एजेंसी

बीएसई का सेंसेक्स और एनएससी का निफ्टी इस साल रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद भारी गिरावट से गुजर रहे हैं। विदेशी निवेशकों की निकासी, दूसरी तिमाही के कमजोर नतीजों और बढ़े हुए मूल्यांकन के बीच निफ्टी सितंबर में अपने रिकॉर्ड उच्चस्तर से 10 प्रतिशत से अधिक नीचे आ चुका है।

बीएसई सेंसेक्स इस साल 27 सितंबर को 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंचा था। निफ्टी ने भी इसी दिन 26,277.35 के उच्चस्तर को छुआ था। अक्टूबर के बाद से बाजार मंदी की गिरफ्त में है। सेंसेक्स अपने सर्वकालिक उच्चस्तर से 8,397.94 अंक या 9.76 प्रतिशत नीचे है। निफ्टी भी उच्चस्तर से 2,744.65 अंक या 10.44 प्रतिशत नीचे है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि ऊंचे मूल्यांकन ने पहले ही चिंताएं बढ़ा दी थीं, लेकिन चीन में प्रोत्साहन पैकेज ने विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह को भारत से चीन की ओर मोड़ दिया।



विदेशी निवेशकों की निकासी, दूसरी तिमाही के नतीजों और बढ़े मूल्यांकन के बीच निफ्टी में भी 10 प्रतिशत की गिरावट

# एबीबी इंडिया को उल्लंघन पर सेबी ने किया आगाह

**नई दिल्ली।** एबीबी इंडिया को उसके दो कर्मचारियों के भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन के मामले में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आगाह किया है। एबीबी इंडिया ने शेयर बाजार को शुक्रवार को दी सूचना में बताया कि उसे आठ नवंबर, 2024 की तारीख वाला चेतावनी पत्र 14 नवंबर, 2024 को मिला। कंपनी के अनुसार, कंपनी सचिव को कंपनी के दो नामित व्यक्तियों द्वारा सेबी (भेदिया कारोबार निषेध) विनियम, 2015 के उल्लंघन के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के उप-महाप्रबंधक से प्रशासनिक चेतावनी पत्र मिला है।

## राष्ट्रीय

# वक्फ कानून बदलेंगे, नक्सलवाद का होगा अंत : शाह

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव**

## गृहमंत्री बोले- उद्धव ठाकरे, शरद पवार जैसे नेता कर रहे वक्फ संशोधन का विरोध

चंद्रपुर/यवतमाल/हिंगोली,एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी वक्फ अधिनियम में संशोधन करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं और वह ऐसा करके रहेंगे और छत्तीसगढ़ में मार्च 2026 तक नक्सलवाद का अंत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री वक्फ अधिनियम में संशोधन करना चाहते हैं लेकिन उद्धव ठाकरे और शरद पवार जैसे विपक्ष के प्रमुख नेता इस कदम का विरोध कर रहे हैं।

महाराष्ट्र में शुक्रवार को महायुति के समर्थन में तीन चुनावी रैलियों में शाह ने घोषणा की कि मोदी सरकार 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा कर देगी। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को वीडी सावरकर और शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की प्रशंसा करने की चुनौती दे डाली। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के विरोध के बावजूद वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन को आगे बढ़ाएगी। यवतमाल जिले के उमरखेड़ की रैली में शाह ने कहा कि मोदी वक्फ बोर्ड के कानून को बदलना चाहते हैं। लेकिन उद्धव, शरद पवार और सुप्रिया सुले इसका विरोध कर रहे हैं। ये सभी जितना विरोध करना चाहते हैं कर लें, लेकिन मोदी वक्फ कानून बदलकर रहेंगे। चंद्रपुर की रैली में कहा कि मोदी ने आतंकवाद और नक्सलवाद से देश को मुक्त कराने के लिए काम किया है। हिंगोली में अपनी तीसरी रैली में शाह ने राहुल गांधी को वीर सावरकर और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के बारे में अच्छे शब्दबोलने की चुनौती दी।

वहीं, शाह ने कहा है कि हिंगोली में चुनाव प्रचार के दौरान निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने उनके हेलीकॉप्टर की जांच की। उन्होंने सभी से स्वस्थ चुनाव प्रणाली में योगदान देने की अपील की। इस जांच से जुड़ा वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ चुनाव प्रणाली में विश्वास करती है और निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करती है।



राहुल गांधी को सावरकर और बाल ठाकरे की प्रशंसा करने की दी चुनौती

### आरक्षण के बंटवारे की योजना पेश करे कांग्रेस : राजनाथ



**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जाति जनगणना कराने के वादे के लिए शुक्रवार को कांग्रेस तथा राहुल गांधी की आलोचना की और उन पर राजनीतिक लाभ के लिए मतदाताओं को लुभाने के हथकंडे के रूप में इस मुद्दे को इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। झारखंड के महगामा की रैली में सिंह ने कांग्रेस को देश में कई जातियों और उप-जातियों को आरक्षण का लाभ देने के लिए ठोस योजना पेश करने की चुनौती दी। सिंह ने पूछा कि 2011 में, सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना की गई थी, जिसमें 46 लाख जातियों, उप-जातियों और गोत्रों के बारे में जानकारी सामने आई थी। समाज कल्याण मंत्रालय के अनुसार, लगभग 1,200 एससी, 750 से अधिक एसटी और 2,500 के आसपास ओबीसी जातियां हैं। कांग्रेस इन सभी समूहों के बीच आरक्षण के वितरण का प्रबंधन कैसे करेगी?" उन्होंने मांग की कि कांग्रेस ऐसी प्रणाली को लागू करने के लिए एक स्पष्ट खाका पेश करे। सिंह ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें जवाब देना चाहिए कि भारत में कितनी जातियां रहती हैं।

# संविधान को कूड़ेदान में डालने की कोशिश कर रही है भाजपा: राहुल

सिमडेगा/ बेरमो (झारखंड), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर संविधान को कूड़ेदान में डालने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान पढ़ा होता तो उन्होंने नफरत नहीं फैलाई होती और समाज को नहीं बांटा होता।

कांग्रेस नेता ने चुनावी रैली में दावा किया कि भाजपा संविधान को कूड़ेदान में डालने की कोशिश कर रही है। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि हमारी मोहब्बत की दुकान है, उनका नफरत का बाजार है, हम भाजपा की नफरत और हिंसा को मोहब्बत से खत्म कर सकते हैं। राहुल ने कहा कि मोदी कहते हैं कि वह गरीबों का सम्मान करते हैं लेकिन वह कृषि ऋण तो माफ नहीं करते। मोदी पर उन्होंने मुंबई के धारावी में एक लाख करोड़ की जमीन उद्योगपतियों को सौंपने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि हम मोदी से नहीं डरते, वह तो अरबपतियों की कठपुतली हैं। जाति आधारित जनगणना पर कांग्रेस नेता ने कहा कि यह जनगणना तो होकर रहेगी। जाति आधारित जनगणना भारत की तस्वीर बदल देगी।

### अरबपतियों के हितों की पूर्ति कर रहे प्रधानमंत्री

**महगामा।** कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए उन पर भारत के गरीबों की कीमत पर अरबपतियों के हितों की पूर्ति करने का आरोप लगाया। गोड्डा जिले की चुनावी रैली में गांधी ने दावा किया कि विपक्ष संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहा है जबकि भाजपा उसे कूड़ेदान में डालने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि राहुल गांधी लाल किताब दिखा रहा है। मोदी, इस किताब का रंग जरूरी नहीं है। इसमें जो लिखा है, वह जरूरी है। अगर आपने इसे पढ़ा होता तो आप लोगों में नफरत नहीं फैलाते, सबको एक दूसरे से नहीं लड़ाते। उन्होंने कहा कि हमारे सामने विचारधारा की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी के लोग और गठबंधन संविधान को बचाने का काम कर रहे हैं। वहीं भाजपा-आरएसएस, आंबेडकर जी के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।



## एक नजर

### तेजस्वी सूर्या के खिलाफ जांच पर लगी अंतरिम रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने हावेरी जिले में किसान की आत्महत्या में सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के खिलाफ जांच पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायालय ने पुलिस द्वारा सांसद के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की जांच पर रोक लगाई है। इसमें सोशल मीडिया पोस्ट में झूठी सूचना प्रसारित कर समूहों एवं धर्मों के बीच दुश्मनी पैदा करने का आरोप लगाया गया है।

### सड़क हादसे में एक परिवार के चार सदस्यों की मौत

**कोल्हापुर।** राजस्थान के पाली जिले के केनपुरा में शुक्रवार तड़के कार के खाई में गिरने से महाराष्ट्र के एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर हैं। कोल्हापुर पुलिस ने बताया कि सुबह पाली पुलिस ने इसकी जानकारी दी। हादसा तब हुआ, जब कोल्हापुर के हुपारी कस्बे से एक परिवार के छह लोग जोधपुर में रिश्तेदारों से मिलने के बाद शिवगंज की ओर लौट रहे थे।

### सेवाओं में कटौती पर यात्रियों ने रेलवे ट्रैक किया जाम

**कोलकाता।** पूर्वी रेलवे के दमदम छावनी-मछलंमन्द पुर खंड के अशोक नगर स्टेशन पर शुक्रवार को यात्रियों और पुलिस में झड़प हुई जिसमें कई घायल हो गए। विवाद तब हुआ जब यात्रियों को जानकारी मिली कि बनगांव-माझेरहाट लोकल ट्रेन माझेरहाट स्टेशन के बजाय शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित ताला स्टेशन तक ही जाएगी।

# मोदी समाज को बांट रहे, भाजपा से गठजोड़ करने वालों से संबंध नहीं रखेंगे : शरद पवार

पुणे,एजेंसी

राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी पर समाज को बांटने का आरोप लगाया और चुनाव प्रचार अभियान में दिए उनके भाषणों की आलोचना की। उन्होंने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ लोगों में बेचैनी महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) को सत्ता में लौटने में मदद करेगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने महाराष्ट्र चुनाव के बाद अजित पवार के फिर से उनके साथ आने की संभावना पर कहा कि भाजपा से गठजोड़ करने वालों से कोई संबंध नहीं रखा जाएगा। एमवीए में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शरद पवार ने कहा कि महायुति लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए नकदी अंतरण योजनाओं का इस्तेमाल कर रही है। शरद पवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीखी आलोचना की, जिनके बंटेंगे तो कटेंगे नारे की कुछ भाजपा नेताओं और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार जैसे सहयोगियों ने भी आलोचना की है।



बोले- महायुति लोस चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद विस चुनाव को प्रभावित करने को नकदी अंतरण का कर रही प्रयोग

# जिरीबाम मुठभेड़ में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन

चुराचांदपुर, एजेंसी

कुकी वुमन ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स के बैनर तले मणिपुर में सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे

जिरीबाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग को लेकर शुक्रवार को मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सैकड़ों लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

कुकी वुमन ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स द्वारा आयोजित रैली पूर्वाह्न करीब 11 बजे कोइटे खेल के मैदान में शुरू हुई। सीआरपीएफ की निंदा करने वाले नारे लिखीं तख्तियों के साथ, क्षेत्रों के सैकड़ों लोगों ने वॉल ऑफ रिमेंबरेंस तक मार्च किया, जो पिछले साल मई से जातीय हिंसा में मारे कुकी लोगों के लिए स्मारक है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को जिरीबाम जिले के बोरोबेक्रा थाने पर विद्रोहियों के हमले के बाद सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 10 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। हालांकि, राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मरने वालों की संख्या 11 बताई थी।

# गोद लिए बच्चे की उम्र 3 माह से अधिक तो मातृत्व अवकाश क्यों नही : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से उस प्रावधान के पीछे का औचित्य बताने को कहा है, जिसके तहत केवल उन्हीं महिलाओं को मातृत्व अवकाश का लाभ लेने का अधिकार है, जिन्होंने तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लिया है।

न्यायालय मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के एक प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसके अनुसार केवल वही महिलाएं 12 सप्ताह के लिए मातृत्व अवकाश की हकदार हैं, जो तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद ले रही हों। पीठ ने कहा कि दूसरे शब्दों में यदि कोई महिला तीन महीने से अधिक उम्र के बच्चे को गोद लेती है, तो वह मातृत्व अवकाश की हकदार नहीं होगी। पीठ ने कहा कि केंद्र ने तीन महीने की उम्र तय करने को उचित ठहराते हुए जवाब दाखिल किया है, लेकिन सुनवाई के दौरान कई मुद्दे सामने आए हैं जिन पर विचार की जरूरत है।



मातृत्व लाभ अधिनियम के एक प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र से पूछा सवाल

# सीआईएसएफ में पहली महिला बटालियन को मिली मंजूरी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की पहली महिला बटालियन स्थापित करने को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य केंद्रीय बलों में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना है। उन महिलाओं के लिए सीआईएसएफ पसंदीदा विकल्प रहा है जो देश सेवा करना चाहती हैं। बल में फिलहाल महिलाएं सात प्रतिशत हैं। नई बटालियन के प्रधान कार्यालय के लिए सीआईएसएफ मुख्यालय ने प्रारंभिक भर्ती, प्रशिक्षण और स्थानों के चयन की तैयारी शुरू कर दी है। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से उत्कृष्ट बटालियन तैयार करने के लिए है, जो वीआईपी सुरक्षा के साथ हवाई अड्डों और दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा में विविध भूमिकाएं निभाने में सक्षम हो।

# लॉटरी किंग के कार्यालय से 8.8 करोड़ जब्त

चेन्नई, एजेंसी

ईडी ने चेन्नई में रहने वाले लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के कार्यालय से शुक्रवार को 8.8 करोड़ रुपये जब्त किए। मार्टिन राजनीतिक दलों को सबसे ज्यादा चंदा देने वालों में से था। उसने अब रद की जा चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के तहत 1,300 करोड़ से अधिक का चंदा दिया था।

अधिकारियों ने कहा कि लॉटरी किंग के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले की जांच के तहत कई राज्यों में छापे मारे गए। यह कार्रवाई मद्रास हाईकोर्ट द्वारा ईडी को मार्टिन के खिलाफ जांच की अनुमति के बाद हुई है। इससे पहले तमिलनाडु पुलिस ने मार्टिन व कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मामले को बंद करने का फैसला लिया था और निचली अदालत ने पुलिस की इस याचिका को स्वीकार कर लिया था।

### लाटरी घोटाले में 3 करोड़ जब्त

**कोलकाता।** ईडी ने शुक्रवार को हाई-प्रोफाइल लाटरी घोटाले की जांच में कोलकाता के कारोबारी के घर से तीन करोड़ रुपये जब्त किए। ईडी के अधिकारी ने बताया कि एजेंसी घोटाले के सिलसिले में बंगाल में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही है। छापेमारी में तीन करोड़ नकद बरामद हुए, हालांकि रुपयों की गिनती जारी है। जब्त धनराशि की गिनती के लिए दक्षिणी भाग में कवि भारती सरणी स्थित कारोबारी के आवास पर नोट गिनने की मशीन लाई गई।

# हाथियों की मौत के मामले में एनजीटी ने जारी की नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने मप्र के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 हाथियों की मौत पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारतीय वन्यजीव संस्थान और अन्य से जवाब मांगा है। एनजीटी ने मीडिया में आई खबर का संज्ञान लिया था। खबर अनुसार प्रारंभिक जांच में कोदो का बड़ी मात्रा में सेवन करने से हाथियों के शरीर में विषाक्तता उत्पन्न हुआ, जिससे उनकी मौत हो गई।

# गुजरात के तट के निकट 700 किलो मादक पदार्थ जब्त, 8 ईरानी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

मादक पदार्थ रोधी एजेंसियों के शुक्रवार को गुजरात के तट के पास 700 किलो मादक पदार्थ जब्त होने के बाद 8 ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने कहा कि सागर मंथन- 4 नाम से अभियान शुरू हुआ था। नौसेना ने एक जहाज रोका और भारतीय जलक्षेत्र में 700 किलो मेथामफेटामाइन की खेप जब्त की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह अभियान सहज समन्वय का एक शानदार उदाहरण है।

### 14 क्विंटल चूरा पोस्त के साथ तीन गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब पुलिस ने 14 क्विंटल चूरा पोस्त और दो वाहनों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार करके अंतर्राष्ट्रीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

# चीन के खिलाफ खेलना भारत के लिए कठिन चुनौती

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

**महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी**

- **सेमीफाइनल मुकाबले में आज चीन से भिड़ेंगी भारतीय महिलाएं**



गत चैंपियन भारत के सामने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की सबसे कठिन चुनौती होगी जब शनिवार को उसका सामना ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन से होगा। भारत और चीन दोनों अभी तक टूर्नामेंट में अपराजेय रहे हैं और तीनों मैच जीते हैं।

चीन बेहतर गोल औसत के आधार पर भारत से आगे हैं। चीन का गोल औसत 21 है जबकि भारत का 18 है। राउंड रॉबिन दौर के बाद चार टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला इस साल फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में हुआ था और दोनों बार चीन जीता था। भारत के पास अब बदला चुकता करने का सुनहरा मौका है। भारत और चीन दोनों ने इस टूर्नामेंट में अब तक ढेरों गोल दागे हैं।

# राहुल की कोहनी में लगी चोट पहले टेस्ट मैच में खेलने पर संशय

**पर्थ।** भारतीय टीम के आपस में खेले गए मैच के दौरान शुक्रवार को केएल राहुल की कोहनी में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा जिससे उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध है।

राहुल तब 29 रन बनाकर खेल रहे थे जब तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की उठती गेंद उनकी कोहनी पर लगी। इस बल्लेबाज ने फिजियो से सलाह मशविरा करने के बाद मैदान छोड़ दिया। भारतीय कप्तान रोहित अगर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैच की शृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाते हैं तो राहुल टीम में उनकी जगह लेने की दौड़ में शामिल हैं।



मैग्नस कार्लसन (बाएं) और नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने अंत में मिलाया हाथ। ● एजेंसी

## कार्लसन ने जीता टाटा स्टील शतरंज रैपिड टूर्नामेंट

**कोलकाता।** दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने शुक्रवार को यहां टाटा स्टील शतरंज इंडिया रैपिड टूर्नामेंट के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए ओपन वर्ग का खिताब अपने नाम किया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा दूसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में रूस की एलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना ने अपना लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए 7.5 अंक से खिताब अपने नाम किया। बीती रात शीर्ष पर चल रहे कार्लसन ने सातवें दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया जिन्होंने टूर्नामेंट के दौरान अपना जन्मदिन मनाया था। नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने आठवें दौर में डेनियल डुबोव को हराया और नौवें दौर में नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रा खेला। कार्लसन नौ में से 7.5 अंक से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से दो अंक आगे रहे और खिताब अपने नाम किया। प्रज्ञानानंदा और वेस्ली सो 5.5 अंक के साथ बराबरी पर रहे लेकिन भारतीय खिलाड़ी को बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर ने उपविजेता बनाया।

# श्रेयस अय्यर, पंत, राहुल सहित 12 नाम आईपीएल नीलामी के मार्की खिलाड़ी

**दुबई, एजेंसी**



- **24 और 25 को जेद्दाह में होगी आईपीएल 2025 की बड़ी नीलामी**

जेद्दाह में 24 और 25 नवंबर को होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की बड़ी नीलामी में अपनी-अपनी टीमों द्वारा रिलीज किए गए कप्तान श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत और केएल राहुल सहित 12 मार्की खिलाड़ियों में शामिल हैं। मार्की खिलाड़ियों की सूची में सात भारतीय हैं।

अय्यर, पंत और अर्शदीप सिंह छह मार्की खिलाड़ियों के पहले सेट में शामिल हैं। युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज दूसरे सेट में शामिल हैं। पांच विदेशी खिलाड़ियों में आईपीएल नीलामी इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिचेल स्टार्क, इंग्लैंड के जॉस बटलर, लियम लिविंगस्टन, साउथ अफ्रीका के डेविड मिलर और तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा शामिल हैं। 574 खिलाड़ियों की नीलामी सूची में जोफ्रा आर्चर नहीं हैं, जिन्होंने चोट से उबरने के बाद हाल ही में वापसी की है। मुंबई इंडियंस ने 2022 की नीलामी में उनको आठ करोड़ रूपये में खरीदा था।

केकेआर और आरआर ने सभी छह खिलाड़ियों को रिटेन किया था, जिसके कारण उनके पास नीलामी में राइट-टू-मैच का विकल्प नहीं होगा। पीबीकेएस के पास चार, आरसीबी के पास तीन, डीसी के पास दो, सीएसके, जीटी, लखनऊ एलएसजी और एमआई के पास एक-एक आरटीएम विकल्प होगा। इस बार की बड़ी नीलामी में 366 भारतीय जबकि 208 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। बड़ी नीलामी 24 नवंबर को भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे शुरू होगी।

# संजू-तिलक ने जड़े शतक, चोक हुए चोकर्स

## दक्षिण अफ्रीका को दिया 284 का लक्ष्य, भारतीय टीम ने 3-1 से कब्जाई शृंखला, अर्शदीप ने लिए तीन विकेट

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी**




संजू सैमसन (नाबाद 109) और तिलक वर्मा (नाबाद 120) रनों की रिकार्ड आतिशी शतकीय पारियों की बदौलत भारत ने शुक्रवार को चौथे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 284 रनों का लक्ष्य दिया है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और उसके सलामी बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। खबर लिखे जाने तक मेजबान टीम 18 ओवर में 148 रन बना सकी। भारत ने 135 रनों से मैच जीतकर 3-1 से शृंखला पर कब्जा किया।

आज यहां भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़े। छठे ओवर में लुथो सिपामला ने अभिषेक शर्मा को विकेटकीपर क्लासन के हाथों कैच आउट कराकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में 34 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा ने संजू सैमसन के साथ रिकार्ड 210 रनों की अवजित साझेदारी करते हुए मैदान पर छक्के और चौको बारिश कर दी। संजू सैमसन ने 56 गेंदों में नाबाद 109 रनों की पारी खेली। वहीं तिलक वर्मा ने 47 गेंदों में नाबाद 120 रनों की रिकार्ड पारी खेली। विदेशी जमीन पर भारत ने सबसे बड़ा टी-20 स्कोर खड़ा किया है। यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। यह सिर्फ तीसरा मौका है कि टी-20 की एक पारी में दो शतक लगे हों। भारत की ओर यह पहली बार हुआ है। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में सात गेंदबाजों को मैदान में उतरा लेकिन सफलता केवल लुथो सिपामला को मिली।



अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

| भारत | 283/1 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| संजू सैमसन नाबाद | 109 | 65 | 6/9 |
| अभिषेक शर्मा कैच क्लासेन बो सिपामले | 36 | 18 | 2/4 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 120 | 47 | 9/10 |

**अतिरिक्त :** 18 गेंदबाजी : यानसेन 4-0-42-0, कोएत्जी 3-0-43-0, सिपामले 4-0-58-1, सिमेलाने 3-0-47-0, महाराज 3-0-42-0, मार्कराम 2-0-30-0, स्टब्स 1-0-21-0




## खेल डायरी

### घरेलू टेस्ट शृंखला के बाद क्रिकेट से विदा लेंगे साउदी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी इंग्लैंड के खिलाफ दिसंबर में घरेलू टेस्ट शृंखला के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेंगे। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में रिचर्ड हैडली (385) के बाद दूसरे स्थान पर काबिज साउदी ने कहा कि हैमिल्टन में घरेलू मैदान पर तीसरा टेस्ट उनका आखिरी होगा। भारत दौरे पर 3-0 से मिली जीत से पहले साउदी ने टॉम लैथम को टेस्ट कप्तानी सौंप दी थी। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सौ से अधिक टेस्ट, 161 वनडे और 126 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने कहा मैने बचपन से हमेशा न्यूजीलैंड के लिए खेलने का सपना देखा था। 18 साल तक न्यूजीलैंड के लिये खेलना फख्र की बात रही लेकिन अब आगे बढने का समय है। यह शानदार सफर रहा और मैं इसमें कोई बदलाव नहीं चाहूंगा। इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला 28 नवंबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होगा।

### गुणेश्वरन ने की टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा

**चेन्नई।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रजनेश गुणेश्वरन ने शुक्रवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की। जकार्ता एशियाई खेलों 2018 में एकल कांस्य पदक जीतने वाले 35 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा मैं खेल को अलविदा कह रहा हूं। धन्यवाद।गुणेश्वरन 2019 में एटीपी रैंकिंग में अपने सर्वश्रेष्ठ 75 वें पायदान पर पहुंचे थे। उन्होंने कई वर्षों तक शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होने के लिए आभार व्यक्त किया। मैं जब यह लिख रहा हूं तो मेरा दिल कृतज्ञता, गर्व और पुरानी यादों के स्पर्श से भर रहा है। आज, मैं आखिरी बार प्रतिस्पर्धी टेनिस कोर्ट से बाहर निकल रहा हूं। तीन दशकों से अधिक समय से, यह खेल मेरा जीवन, मेरा सबसे



बड़ा शिक्षक और मेरा सबसे वफादार साथी रहा है। पहली बार रैकेट पकड़ने से लेकर बड़े टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व करने तक की यात्रा मेरे लिए असाधारण रही है। चेन्नई में जन्मा यह खिलाड़ी 2010 में पेशेवर बना था। एकल मैचों में उनके जीत-हार का रिकॉर्ड 11-28 है जबकि युगल में उनका रिकॉर्ड 1-1 का रहा है।

### बिली जीन किंग कप : स्लोवाकिया ने अमेरिका को हराया

**मालागा (स्पेन)।** एशलिन क्रूएगर और टेलर टाउनसेंड निर्णायक युगल मैच हार गए और स्लोवाकिया ने इस जीत के साथ बिली जीन किंग्स कप टेनिस फाइनल्स में अमेरिका को मात दी। क्रूएगर और टेलर को टेरेजा मिहालिकोवा और विक्टोरिया एच ने 6-3, 3-6, 10-8 से हराया। इससे पहले टाउनसेंड ने एकल मुकाबले में रेनाटा जैमरिचोवा को 7-5, 6-4 से हराया लेकिन रेबेका एस ने डेनियेले कोलिंगस को 6-2, 7-5 से हराकर स्कोर बराबर कर दिया। स्लोवाकिया का सामना क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से होगा। जापान भी रोमानिया को 2-1 से हराकर 2013 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। अब उसका सामना इटली से होगा।

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर टी-20 शृंखला जीती

**ग्रोस आइलेट।** तेज गेंदबाज साकिब महमूद के शानदार प्रदर्शन की मदद से इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर दो मैच बाकी रहते शृंखला जीत ली। जीत के लिए 146 रन का लक्ष्य इंग्लैंड ने चार गेंद और तीन विकेट बाकी रहते हासिल कर लिया। सैम कुरेन (41) ने विल जैक्स (32) के साथ 38 और लियाम लिविंगस्टोन (39) के साथ 39 रन की साझेदारी की। लिविंगस्टोन को छह, आठ और 21 रन के स्कोर पर जीवनदान भी मिला था। प्लेयर ऑफ द मैच महमूद ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने मैच के पहले ही ओवर में एविन लुईस (तीन) को आउट किया। इसके बाद रोस्टन चेस (सात) और शिमरोन हेटमायेर (दो) के विकेट चटकाए। वेस्टइंडीज ने पावरप्ले के भीतर छह ओवर में पांच विकेट 39 रन पर गंवा दिये थे। कप्तान रोवमैन पावेल ने 54 रन बनाकर वेस्टइंडीज को आठ विकेट पर 145 रन तक पहुंचाया। चौथा मैच शनिवार को यहीं खेला जाएगा।

# अर्जेंटीना हारा, ब्राजील ने ड्रॉ खेला

**विश्व कप क्वालीफायर**

**एसनसियोन (पराग्वे), एजेंसी**

अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी और ब्राजील के विनिशियस जूनियर के लिए दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग दौर का मैच निराशाजनक रहा। मेस्सी की अर्जेंटीना को पराग्वे ने 2-1 से हराया जबकि ब्राजील ने वेनेजुएला से 1-1 से ड्रॉ खेला।

अर्जेंटीना इस हार के बावजूद दस टीमों के राउंड रॉबिन दौर में 11 मैचों में 22 अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं ब्राजील 17 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। अन्य मैचों में इक्वाडोर ने बोलिविया को 4-0 से हराया। इक्वाडोर 16 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि बोलिविया 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है। अर्जेंटीना ने पराग्वे में मैच खेला और मेजबान टीम ने स्थानीय प्रशंसकों के मेस्सी की शर्ट पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया था। अधिकांश दर्शक पराग्वे की लाल और सफेद रंग की जर्सी पहने थे। अर्जेंटीना के लिये लौटारो मार्तिनेज ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। पराग्वे के अंतोनियो सनाब्रिया ने आठ मिनट बाद बराबरी का गोल दागा। मेजबान खिलाड़ी एल्डेरेटे ने 47वें मिनट में विजयी गोल किया।



फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ अपनी टीम का दूसरा गोल दागने के बाद जश्न मनाते पैराग्वे के उमर एल्डरेटे। ● एजेंसी

# अंशुल ने एक ही पारी में झटके रिकार्ड 10 विकेट

- **रणजी में केरल के खिलाफ मुकाबले में 30 ओवर में 49 रन देकर अंशुल ने रचा इतिहास**



**रोहतक।** हरियाणा के युवा गेंदबाज अंशुल काम्बोज ने रणजी ट्रॉफी में इतिहास रचते हुए एक पारी में 10 विकेट लेकर नया रिकार्ड बनाया। अंशुल को यह उपलब्धि केरल के खिलाफ अपनी टीम के पांचवे दौर के मैच में हासिल हुई। इस के साथ ही वह रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। अंशुल ने 30.1 ओवर में 49 रन देकर 10 विकेट झटकते हुए यह रिकार्ड बनाया।

# माधव-आर्यन ने जड़े शतक यूपी को मिली 139 की बढ़त

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**रणजी ट्रॉफी - तीसरा दिन**



माधव कौशिक और आर्यन जुयाल।

**अमृत विचार :** माधव कौशिक और आर्यन जुयाल के शतक की बदौलत यूपी पर मंडरा रहा हार का खतरा टल गया है। यूपी ने रणजी मुकाबले में कर्नाटक के खिलाफ 139 रनों की बढ़त बना ली है। शुक्रवार को पहले माधव कौशिक (135 रन) और कप्तान आर्यन जुयाल (109 रन) ने शतक जड़ कर यूपी के लिए संकट मोचक की भूमिका निभाई।

तीसरे दिन का खेल खत्म होने यूपी ने पांच विकेट खोकर 325 रन बना लिया है। यूपी के खाते में अभी पांच विकेट मौजूद हैं। शनिवार को मुकाबले का आखिरी दिन है, फिलहाल मुकाबला ड्रा की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश ने एक विकेट पर 78 रन से आगे खेलना शुरू किया। माधव और जुयाल ने दूसरे विकेट के लिए 246 रन जोड़े।

# अल्काराज को हराकर सेमीफाइनल में ज्वेरेव

**तूरिन (इटली), एजेंसी**

**एटीपी फाइनल्स**

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एटीपी फाइनल्स के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मुकाबले में शुक्रवार को यहां कार्लोस अल्काराज को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

साल के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट में ज्वेरेव ने अल्कराज को 7-6 , 6-4 से हराया। अल्काराज का अंतिम चार में पहुंचना दिन के आखिरी मैच के परिणाम पर निर्भर करेगा। ज्वेरेव ने तीन जीत के साथ सेमीफाइनल का टिकट कटाया। इस ग्रुप में अल्काराज और कैस्पर रूड ने एक-एक जीत हासिल की है जबकि एंड्री रुबलेव को पहली जीत का इंतजार है। दिन के आखिरी एकल मुकाबले में अगर रुबलेव जीतते हैं तो अल्काराज सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं। शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिक सिनर दूसरे ग्रुप में शीर्ष जबकि टेलर फ्रिट्ज दूसरे स्थान पर रहे। शुरुआती सेमीफाइनल में ज्वेरेव का सामना फ्रिट्ज से होगा जबकि सिनर के सामने रूड या अल्काराज में से किसी एक की चुनौती होगी।



वापस जाते कार्लोस अल्काराज ने किया दर्शकों का अभिवादन। ● एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल

# जसलीन का म्यूजिक वीडियो साहिबा रिलीज



**मुंबई।** हीरिए फेम जसलीन रॉयल का बहुप्रतीक्षित गाना साहिबा रिलीज हो गया है। म्यूजिक वीडियो साहिबा में विजय देवरकोंडा और राधिका मदान नजर आ रहे हैं, जिनकी शानदार केमिस्ट्री इसे और खास बनाती है। जसलीन ने कहा, यह मेरा सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, और विजय और राधिका के साथ काम करना अविश्वसनीय अनुभव था। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री गजब की है, और उन्होंने किरदारों को बखूबी जीवंत कर दिया। वीडियो में विजय देवरकोंडा एक फोटोग्राफर की भूमिका में हैं, जबकि राधिका मदान एक अमीर घराने परिवार से ताल्लुक रखती हैं। इसे और खास बनाते हुए, वीडियो में हीरिए गाने से मशहूर हुए दुलकर सलमान और जसलीन रॉयल भी नजर आ रहे हैं। राधिका ने कहा, साहिबा पर काम करना एक जादुई अनुभव था। सब कुछ बेहद खूबसूरत तरीके से बनाया गया है।

## भारत की अगली एक्शन स्टार बनना चाहती हैं शर्वरी वाघ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी का कहना है कि वह भारत की अगली एक्शन स्टार बनना चाहती हैं। बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार शर्वरी ने खुलासा किया है कि उनका पसंदीदा जॉनर एक्शन है। शर्वरी इन दिनों वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स की फिल्म अल्फा में सुपरस्टार आलिया भट्ट के साथ काम कर रही हैं। अल्फा को वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स की पहली महिला-केंद्रित फिल्म बताया जा रहा है, जिसका निर्माण आदित्य चोपड़ा कर रहे हैं। शर्वरी का कहना है कि यदि किस्मत ने साथ दिया, तो वे भारत की अगली एक्शन स्टार बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, मुझे एक्शन जॉनर बेहद पसंद है, और मैं अपनी बहन के साथ एक्शन फिल्में देखना पसंद करती हूं। इसलिए जब मुझे अल्फा का ऑफर मिला, तो मैंने तुरंत हामी भर दी। मन ही मन मैं हमेशा एक्टर के तौर पर एक्शन करना चाहती थी। अब मेरा सपना सच हो रहा है। मेरा हमेशा से मानना था कि एक्शन स्टार्स को शूटिंग के दौरान बहुत मजा आता है क्योंकि वे स्टंट्स करते हैं। अब इस फीलिंग को खुद अनुभव कर रही हूं और यह वाकई मजेदार है लेकिन शारीरिक रूप से बहुत थकाऊ भी। मैं 200 प्रतिशत मेहनत कर रही हूं और उम्मीद करती हूँ कि लोग मुझे अल्फा में पसंद करेंगे! मैं आने वाले समय में एक एक्शन स्टार बनना चाहती हूं, और इसके लिए अल्फा में मैंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। पहली महिला-केंद्रित वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स फिल्म को एक्शन का शानदार अनुभव बनाने के लिए आदित्य चोपड़ा कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर हिट सीरीज द रेलवे मैन के लिए भी मशहूर हैं, जिसका निर्माण भी वाईआरएफ ने किया था।






## हॉरर सीरीज भेद-भरम का पहला पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार विपुल अमृतलाल शाह की हॉरर सीरीज भेद-भरम का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। विपुल अमृतलाल शाह अपने प्रोडक्शन हाउस सनशाइन पिक्चर्स और डीडी नेशनल के साथ नई और रोमांचक टीवी सीरीज भेद-भरम लेकर आ रहे हैं, जिसका पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। यह शो हरकिशन मेहता के लोकप्रिय उपन्यास पर आधारित है। इस शो में यशपाल शर्मा, अतुल कुमार, गौरव चोपड़ा, ऐश्वर्या सखूजा, वैशाली ए. ठक्कर, विशाल मल्होत्रा, प्रणव मिश्रा, दिव्यांगना जैन, वाणीकी त्यागी और समीर धर्माधिकारी जैसे कलाकार शामिल हैं। मेकर्स ने एक कैप्शन के साथ इसका पहला पोस्टर अपने सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया है। कैप्शन में लिखा गया है,क्या आप अनसुलझे रहस्यों का सामना करने के लिए तैयार हैं। भेद भरम - रहस्यों का मायाजाल में ऐसे खौफनाक डर सामने आएंगे, जो आपको सीट से चिपके रहने पर मजबूर कर देंगे। 18 नवंबर को सोमवार से गुरुवार रात 9 :30 बजे डीडी नेशनल पर रिलीज होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## करीब से देखा सुपरमून...



नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर सुपरमून इंडिया गेट के ऊपर दिखाई दिया। घुमने आए सैकड़ों पर्यटकों ने इस पल को अपने कैमरे में कैद किया। चांद की ऐसी छवि को देखकर लग रहा था मानो चांद धरती के और करीब आ गया हो। ● एजेंसी

## असम के करीमगंज में पकड़े गए दो बांग्लादेशी घुसपैठी

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में दो बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़कर पड़ोशी देश (बांग्लादेश) के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को एक पोस्ट में यह जानकारी साझा की। शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश से घुसपैठ के एक और प्रयास को विफल करते हुए करीमगंज में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास दो अवैध घुसपैठियों को पकड़कर वापस भेज दिया गया। कथित घुसपैठियों की पहचान जहांआरा बेगम और मसकंद अली के रूप में हुई है। शर्मा ने कहा कि असम पुलिस की टीम चौबीसों घंटे सतर्क है ताकि किसी भी घुसपैठ के प्रयास को नाकाम किया जा सके।

# भारत से संबंधों को बढ़ाने का काम करेंगे ट्रंप : कर्टिस

**वाशिंगटन, एजेंसी**

व्हाइट हाउस में अहम पद पर सेवाएं दे चुकीं एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के प्रति अच्छी भावनाएं रखते हैं और उनके पहले कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के संबंधों में जो प्रगति हुई थी, वह उसे वहीं से आगे बढ़ाने की दिशा में कदम उठा सकते हैं।

ट्रंप की पूर्व उप सहायक और 2017 से 2021 तक दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ निदेशक पद पर सेवाएं दे चुकीं लीजा कर्टिस ने यह बात कही। कर्टिस ने कहा मुझे लगता है कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप भारत के साथ संबंधों को वहीं से आगे बढ़ाएंगे जहां उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में छोड़े थे। वह भारत के प्रति अच्छी भावनाएं रखते हैं और मैं वास्तव में इसे रिश्ते को आगे बढ़ाने और साझेदारी को मजबूत करने के अवसर के रूप में देखती हूं। ट्रंप के पहले कार्यकाल (2017-2021) के दौरान भारत के महत्व और चीन की चुनौतियों से निपटने में उसकी भूमिका के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में सुधार हुआ। कर्टिस ने कहा कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और उनके बीच व्यक्तिगत संबंध भी हैं।

कर्टिस वर्तमान में थिंकटैंक सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी में वरिष्ठ फेलो और हिंद प्रशांत सुरक्षा कार्यक्रम की निदेशक हैं। जब प्रधानमंत्री मोदी ने ह्यूस्टन के एस्ट्रोडोम में 50,000 अमेरिकियों को संबोधित किया था और जब राष्ट्रपति ट्रंप ने अहमदाबाद के एक स्टेडियम में 1,00,000 भारतीयों को संबोधित किया था तो हमें उनके बीच संबंधों की झलक दिखाई दी थी।

### डोनाल्ड ट्रंप ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति से मुलाकात की

**वेस्ट पाम बीच (फ्लोरिडा, अमेरिका)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अपने मार-ए-लागो क्लब में अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात की। पिछले सप्ताह अमेरिकी चुनाव में जीत के बाद माइली नव-निर्वाचित राष्ट्रपति से मुलाकात करने वाले पहले विदेशी नेता हैं। बैठक के बारे में अब तक सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई है। व्यक्ति ने कहा कि बैठक अच्छी रही और माइली ने निवेशकों से भी मुलाकात की। ट्रंप से मिलने के बाद माइली ने मार-ए-लागो में अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट के समारोह को संबोधित किया। उन्होंने वामपंथी विचारधाराओं की आलोचना की और एक्स के मालिक एलन मस्क की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सोशल मीडिया साइट मानवता को बचाने में मदद कर रही है।



## एक नजर

### स्पेन के नर्सिंग होम में लगी आग, 10 की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के जारागोजा में एक नर्सिंग होम में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरपूर्वी शहर से करीब 28 किलोमीटर दूर विला फ्रैंका दे एब्रो नर्सिंग होम में शुक्रवार सुबह अलर्ट जारी किया गया। अधिकारियों के अनुसार दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार आग लगने का कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो पाया है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि नर्सिंग होम में 82 लोग भर्ती थे। इस नर्सिंग होम में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित लोगों का इलाज होता है। विला फ्रैंका दे एब्रो के मेयर वोल्गा रामिरेज ने शुक्रवार सुबह संवाददाताओं को बताया कि आग से निकलने वाला घना धुंआ संभवतः इन मौतों के लिए जिम्मेदार है।

### कनाडा के डाक कर्मचारियों ने शुरू की हड़ताल

**ओटावा।** कैनेडियन यूनियन ऑफ पोस्टल वर्कर्स (सीयूपीडब्ल्यू) के प्रतिनिधित्व वाले लगभग 55,000 डाक कर्मचारी शुक्रवार को यहां राष्ट्रव्यापी हड़ताल शुरू की। यूनियन ने आधी रात को एक बयान जारी कर कहा कि एक साल तक बहुत कम प्रगति के साथ सौदेबाजी के बाद डाक कर्मचारियों ने हड़ताल करने का कठिन निर्णय लिया। सीयूपीडब्ल्यू ने कहा, कनाडा पोस्ट के पास इस हड़ताल को रोकने का अवसर था, लेकिन उसने डाक कर्मियों की समस्याओं के वास्तविक समाधान पर बातचीत करने से इनकार कर दिया है। सीयूपीडब्ल्यू ने कहा हड़ताल अंतिम उपाय है।

### उत्तर कोरिया ने विस्फोटक ड्रोन का किया परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने लक्ष्यों पर सटीक प्रहार करने के लिए डिजाइन किए गए विस्फोटक ड्रोन का परीक्षण किया है, वहीं नेता किम जोंग उन ने इन हथियारों के बड़े पैमाने पर निर्माण में तेजी लाने का आह्वान किया है। यह जानकारी शुक्रवार को सरकारी मीडिया ने दी। देश ने यह परीक्षण ऐसे समय में किया है जब अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान निकटवर्ती अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में उन्नत लड़ाकू जेट विमानों और एक अमेरिकी विमानवाहक पोत के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कुछ तस्वीरें प्रकाशित कीं जिनमें किम कम से कम दो अलग-अलग तरह के मानवरहित हवाई वाहनों के पास अधिकारियों से बात करते नजर आ रहे हैं। इनमें एक्स-आकार की पूंछ और पंख वाले यान शामिल हैं जो उन ड्रोन की तरह प्रतीत होते हैं जिनका अगस्त में खुलासा किया था जब किम ने विस्फोट करने वाले ड्रोन का निरीक्षण किया था।

# भारत को बदलनी होंगी जलवायु वित्त नीतियां

## भारतीय जलवायु नीति में नेताओं के रूप में महिलाओं को समर्थन देने वाली रणनीति का अभाव

**बाकू, एजेंसी**

भारत की राष्ट्रीय जलवायु नीति में समेकित, लैंगिक समानता पर आधारित ऐसी जलवायु वित्त रणनीति का अब भी अभाव है जो जलवायु परिवर्तन से निपटने संबंधी प्रयासों में नेताओं के रूप में महिलाओं को व्यापक समर्थन देती हो। एक नयी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि लिंग-केंद्रित नीतियां बनाने की दिशा में प्रगति के बावजूद जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर भारत की प्रतिक्रिया खंडित बनी हुई है। ग्लोबल काउंसिल द्वारा समर्थित अनुसंधान और सार्वजनिक नीति परामर्श कंपनी चेज इंडिया की रिपोर्ट इस अंतर को रेखांकित करती है तथा महिलाओं को निष्क्रिय लाभार्थियों के बजाय जलवायु लचीलेपन में केंद्रीय भूमिका निभाने वालों के रूप में स्थापित करने के लिए समन्वित, लिंग-आधारित जलवायु वित्त ढांचा बनाए जाने का आह्वान करती है।

यह रिपोर्ट अजरबैजान की राजधानी में सीओपी29 जलवायु शिखर सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत की गई। कहा गया है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसे कार्यक्रमों ने 10 करोड़ 30 लाख से अधिक ग्रामीण महिलाओं को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन सुलभ कराया है और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने लाखों महिलाओं को स्थाई आजीविका में शामिल किया है तथा इस तरह के कार्यक्रम लिंग आधारित नीतियों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

इसमें कहा गया है कि हालांकि, ये उपलब्धियां सीमित समन्वय के कारण अक्सर बाधित होती हैं, जिससे महिला-केंद्रित जलवायु प्रयासों का समग्र प्रभाव कम हो जाता है। इन प्रयासों के बावजूद, विभिन्न मंत्रालयों के अलग-अलग काम करने के कारण ऐसी नीतियों का प्रभाव अक्सर खंडित रहता है और भारत की राष्ट्रीय जलवायु नीति में अब भी ऐसी समेकित, लिंग-संवेदनशील जलवायु वित्त रणनीति का अभाव है, जो जलवायु नेताओं के रूप में महिलाओं को अधिक व्यापक रूप से समर्थन दे सके। इन कमियों को दूर करने के लिए रिपोर्ट में भारत के लिए विशेष रूप से तैयार की गई सिफारिशें पेश की गई हैं। इसमें जलवायु से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व वाली पहलों के लिए विशेष रूप से समर्पित जलवायु वित्त निधि की व्यवस्था करने की वकालत की गई है, जो हरित और निम्न-कार्बन उत्सर्जन वाली परियोजनाओं में महिला उद्यमियों का समर्थन करती हो। इसमें जमीनी स्तर पर लक्षित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों को लागू करने का सुझाव दिया है ग्रामीण महिलाओं को जलवायु अनुकूलन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आवश्यक संसाधनों से जोड़ा जा सके। चेज इंडिया की वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यप्रभा सदाशिवन ने कहा जलवायु परिवर्तन के कारण विस्थापित लोगों में 80 प्रतिशत महिलाएं और लड़कियां हैं इसलिए उन्हें पर्याप्त वित्तीय सहायता के अभाव में पर्यावरणीय विनाश और आर्थिक असुरक्षा दोनों का सामना करना पड़ता है।

### यातायात कम करने के लिए सरकारी कार्यालयों के लिए तय किए अलग-अलग समय

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी में वाहनों के अधिक यातायात से निपटने और प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए शहर में सरकारी कार्यालयों में अलग-अलग समय पर कामकाज करने की शुक्रवार को घोषणा की। आतिशी ने 'एक्स' पर कहा कि नए कार्यक्रम के तहत, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कार्यालय सुबह 8.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक, केंद्र सरकार के कार्यालय सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक और दिल्ली सरकार के कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 6.30 बजे तक कामकाज करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य व्यस्त समय के दौरान वाहनों की आवाजाही को कम करना है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रैप-3 उपाय लागू किए हैं क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में देश में सबसे खराब स्तर का प्रदूषण दर्ज किया गया है, जिसमें वायु गुणवत्ता लगातार दो दिनों तक 'गंभीर' श्रेणी में रही। शुक्रवार को शहर की वायु गुणवत्ता 411 के एक्यूआई के साथ 'गंभीर' श्रेणी में थी।



### दिल्ली में तीसरे दिन भी वायु गुणवत्ता गंभीर, ग्रैप-3 प्रतिबंध लागू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में लगातार तीसरे दिन वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई, जिसके कारण चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के तीसरे चरण को शुक्रवार को लागू कर दिया गया। राजधानी में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 411 दर्ज किया जो गंभीर श्रेणी में आता है। वायु गुणवत्ता के लगातार खराब होने के कारण प्राधिकारियों को प्रदूषण रोधी योजना के तीसरे चरण के तहत तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लागू करने पड़े। दिल्ली-एनसीआर के लिए ग्रैप को वायु गुणवत्ता के चार चरणों में विभाजित किया गया है - चरण 1 खराब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के लिए जो 201 से 300 के बीच है। चरण 2 बहुत खराब (301-400) के लिए, चरण 3 गंभीर (401-450) के लिए और चरण 4 बेहद गंभीर (450 से अधिक) के लिए होता है।

# नौकरियों में दृष्टि बाधितों की तुलना में दृष्टिहीन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाए : अदालत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया है कि रोजगार के अवसरों में दृष्टि बाधित व्यक्तियों की तुलना में दृष्टिहीन व्यक्तियों को वरीयता दी जानी चाहिए, बशर्ते कि उनकी दिव्यांगता उनके कर्तव्यों के निर्वहन की क्षमता में बाधा नहीं डाले। न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित और न्यायमूर्ति सीएम जोशी की खंडपीठ ने कर्नाटक राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण (केएसएटी) के एक पूर्व आदेश के खिलाफ स्कूल शिक्षा विभाग की अपील को खारिज करते हुए यह निर्णय सुनाया।

यह मामला मैसूरु जिले के पेरियापटना तालुक में अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाली दृष्टिहीन उम्मीदवार एच एन लता से जुड़ा है। लता ने 2022 में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में कन्नड और सामाजिक अध्ययन शिक्षक के पद के लिए आवेदन किया था। उनका नाम आठ मार्च, 2023 को जारी चयन सूची में शामिल किया गया था। हालांकि, 4 जुलाई, 2023 को उनका आवेदन खारिज कर दिया गया, जिसके बाद उन्होंने केएसएटी के समक्ष इस फैसले को चुनौती दी। न्यायाधिकरण ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया, उन्हें 10,000 रुपये का मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया



- केएसएटी के पूर्व आदेश के खिलाफ स्कूल शिक्षा विभाग की अपील को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने सुनाया निर्णय

और नियुक्ति प्राधिकारी को तीन महीने के भीतर उनके आवेदन पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस फैसले का विरोध करते हुए दलील दी कि दृष्टि बाधित और दृष्टिहीन उम्मीदवारों के लिए आरक्षण को अलग-अलग श्रेणियों के रूप में माना जाना चाहिए। विभाग ने दावा किया कि न्यायाधिकरण ने इस अंतर को नजरअंदाज किया है। मामले की समीक्षा करने पर, उच्च न्यायालय की पीठ ने विभाग के रुख से असहमति जताई। न्यायाधीशों ने कहा कि पूर्ण रूप से दृष्टिहीन व्यक्ति के स्नातक प्राथमिक शिक्षक की जिम्मेदारियों को संभालने के संदर्भ में और खासकर सामाजिक अध्ययन और कन्नड जैसे विषयों को लेकर चिंताएं हो सकती हैं, लेकिन इस तरह की दलील से सहमत नहीं हुआ जा सकता है क्योंकि उम्मीदवार इस भूमिका के लिए शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करती है।

# दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर में मिला विश्व का सबसे बड़ा मूंगा

**सिडनी, एजेंसी**

वैज्ञानिकों ने दक्षिण-पश्चिम प्रशांत महासागर में दुनिया का सबसे बड़ा और करीब तीन से पांच सौ साल पुराना मूंगा खोज निकाला है, जो दो बास्केटबॉल कोर्ट के आकार का है अंतरिक्ष से भी देखा जा सकता है। नेशनल ज्योग्राफिक की प्रिस्टिन सीज टीम के वैज्ञानिकों द्वारा खोजा यह मूंगा (पॉलिप) 34 मीटर चौड़ा, 32 मीटर लंबा और 5.5 मीटर ऊंचा है।

इसे सोलोमन द्वीप समूह के थ्री सिस्टर्स द्वीप समूह में पाया गया है। यह न केवल अपने आकार से अद्वितीय है, बल्कि इसमें विभिन्न प्रकार की मछलियों, केकड़ों, झींगों और अन्य समुद्री जीवों का घर भी है। नेशनल ज्योग्राफिक खोजकर्ता इन रेजिडेंस एनरिक साला ने इस खोज को एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज बताया। मूंगा अच्छी स्थिति में है लेकिन चेतावनी दी कि यह ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से प्रतिरक्षित नहीं है। चिंता का कारण है। अपने दूरस्थ स्थान के बावजूद, यह मूंगा ग्लोबल वार्मिंग और अन्य मानवीय खतरों से सुरक्षित नहीं है। शुरुआत में मूंगा दिखने टीम के सदस्यों ने इसे जहाज का मलबा समझा। पानी के नीचे के छायाकार, मनु सैन फेलिक्स ने करीब से देखने के लिए 12 मीटर से अधिक गोता लगाया और संरचना को पावोना क्लैवस प्रजाति के एकल मूंगे के रूप में पहचाना। आगे की जांच में पाया गया कि मूंगा कई प्रजातियों के लिए आवश्यक आवास, आश्रय और प्रजनन भूमि प्रदान करता है।



- 34 मीटर चौड़ा 32 मीटर लंबा और 5.5 मीटर ऊंचा है यह पॉलिप

‹‹ मूंगे की जांच में जुटी प्रिस्टिन सीज की टीम। ● एजेंसी

## श्रीलंका के संसदीय चुनाव में एनपीपी ने हासिल किया बहुमत

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) पार्टी ने गुरुवार के संसदीय चुनाव के बाद संसद में बहुमत हासिल कर लिया है।

देश के चुनाव आयोग ने आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी। एनपीपी ने 141 सीटें जीती हैं और 68 लाख 63 हजार 186 वोट हासिल किए हैं। पूर्व विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा की समागी जन बालवेगया पार्टी 19 लाख 68 हजार 716 वोटों के साथ 35 सीटें हासिल कर दूसरे स्थान पर रही। संसद में कुल 225 सीटें हैं और इनमें से 196 सीट पर 22 बहु-सदस्यीय चुनावी जिलों से सदस्य चुने जाते हैं। बाकी 29 सीटें पार्टियों को राष्ट्रीय वोट के उनके हिस्से के अनुपात में आबंटित राष्ट्रीय सूचियों से चुनी जाती हैं।

# असम में 2,200 करोड़ का ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सीबीआई ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने असम में 2,200 करोड़ के आनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी गोपाल पॉल को एजेआरएस मार्केटिंग मामले में सिलीगुड़ी से गिरफ्तार किया। यह घोटाले से संबंधित 41 मामलों में से एक है।

प्रवक्ता ने कहा कि सीबीआई ने असम सरकार की सिफारिश के बाद राज्य में विभिन्न अनियमित जमा योजनाओं से संबंधित 41 मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। पूर्व में इस मामले की जांच करते हुए असम पुलिस ने इसके मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि पॉल तब भी फरार था। एजेंसी ने अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में राज्य पुलिस से मामले अपने हाथ में ले लिए थे। सीबीआई ने पांच राज्यों में 92 स्थानों पर नए सिरे से छापेमारी की और तलाशियों में 24 मोबाइल फोन, 18 कंप्यूटर, सात 'हार्ड ड्राइव' तथा 11 लैपटॉप जब्त किए। उन जमाकर्ताओं के विवरण वाले 'डेटाबेस' का सफलतापूर्वक पता लगा लिया है जिन्हें धोखा देकर अनियमित जमा योजनाओं में निवेश करने के लिए राजी किया गया था। एजेआरएस मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े एक विशेष मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही फरार एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## ननकाना साहिब जा रहे तीर्थयात्री की गोली मारकर हत्या

**लाहौर।** पाकिस्तान के ननकाना साहिब में गुरु नानक देव की 555 वें प्रकाश पर्व समारोह में भाग लेने जा रहे एक पाकिस्तानी हिंदू तीर्थयात्री की लुटेरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

सिंध प्रांत के लरकाना शहर के मूल निवासी राजेश कुमार अपने दोस्त और एक रिश्तेदार के साथ कार से लाहौर से ननकाना साहिब जा रहे थे, तभी लाहौर से लगभग 60 किलोमीटर दूर मानांवाला-ननकाना साहिब रोड पर तीन लुटेरों ने उनका रास्ता रोक लिया। पुलिस ने बताया बंदूकधारियों ने तीनों से साढ़े चार लाख रुपये और चालक से 10,000 रुपये छीन लिए। कुमार के विरोध करने पर लुटेरों ने उन पर गोलियां चला दीं और भाग गए।

# इजराइली हवाई हमलों में 12 लेबनानी बचावकर्मी और सीरिया में 15 की मौत



**बेरूत।** इजराइल के हवाई हमले में लेबनान की राजधानी बेरूत के पूर्वी शहर बालबेक स्थित नागरिक सुरक्षा केंद्र में कम से कम 12 बचावकर्मी मारे गए। बचाव अभियान में लगे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लेबनान पर इस हवाई हमले के कुछ घंटों पहले सीरिया की सरकारी मीडिया ने कहा था कि इजराइल के हमले में उसके 15 लोग मारे गए हैं। लेबनान के आपातकालीन कर्मचारी इजराइल के हमले में नष्ट हो चुके बचाव केंद्र के फंसे अपने साथियों की तलाश में मलबे को हटाने के काम में लगे हैं। इजराइली सेना ने इस हमले को लेकर तत्काल कोई बयान नहीं दिया है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने लेबनानी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर बर्बर हमले की निंदा की और कहा कि यह दो घंटे से भी कम समय में स्वास्थ्य केन्द्र पर इजराइल का दूसरा हमला है। इससे पहले सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि इजराइल ने दमिश्क और आस पास के क्षेत्रों पर कम से कम दो हवाई हमले किए जिसमें 15 लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए।

**हो सकता है खतरा** — यूएस के आसमान में फटा आग का बड़ा गोला, ये वही खतरे हैं, जिसने पृथ्वी से मिटा दिलाया था डायनासोरों का वजूद

# पृथ्वी के लिए बड़े खतरे हैं ये खतरनाक आग के गोले

**अमृत विचार, नैनीताल**

हमारी धरती को अंतरिक्ष से आने वाले खतरों की अधिक जानकारी अब सामने आ रही है। ये वही खतरे हैं, जिसने पृथ्वी से डायनासोरों का वजूद मिटा दिलाया था। तकनीकी सुविधाओं के ईजाद होने के बाद ब्रह्मांडीय खतरों की नित नई जानकारी से अवगत हो पा रहे हैं।

एक ऐसा ही खतरा बुधवार की सुबह संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलगरी व मोंटाना के आसमान में नजर आया। यह जलता हुआ हरे रंग में रंगा बड़ा आग को गोला था। क्षेत्र के लोगों ने आसमान में गुजरते देखा। आग का यह गोला किसी भी हिस्से से टकरा जाता तो तबाही मचा जाता। मगर जमीन में गिरने से पहले ही यह जलकर खाक हो गया। मिड वेस्ट और कनाडा के कुछ हिस्सों में भी इसे देखा गया। वैज्ञानिकों के अनुसार यह हमारे सौर मंडल के बाहरी हिस्से से आया था। यह खगोलीय घटना 13 नवंबर की सुबह स्थानीय समय के अनुसार लगभग 6.31 बजे घटी। यह आग का गोला दक्षिण-पूर्व की ओर बढ़ता हुआ दिखाई दिया। अनेकों डोरबेल कैमरे, डैश कैमरे और सेल फोन में यह दृश्य कैद हो गया। तस्वीरों में यह दृश्य स्पष्ट कैद हुआ। अमेरिकन मेटियोर सोसाइटी (एएमएस) को इस जलते आग के गोले की 170 तस्वीरें प्राप्त हुई। यूएस के राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय प्रशासन द्वारा संचालित मौसम के दो उपग्रहों ने भी इस घटना को कैमरे में कैद किया है। आसमान से जलते आग के गोले की तस्वीरों समेत तमाम विवरण सोसल मीडिया में छाया रहा। किसी ने इसे रोमांचक बताया तो किसी ने इसे खतरा पृथ्वी के भविष्य में सचेत रहने को कहा। अलबत्ता खगोलविद अंतरिक्ष से आए इस क्षुद्रग्रहों के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं। जिसका जल्द खुलासा किया जा सकेगा। वैज्ञानिक भाषा में इसे फायरबाल कहा जाता है।



### इस वर्ष कई आग के गोले आ चुके नजर

**नैनीताल :** इस वर्ष अंतरिक्ष से गिरते कई आग के गोले देखे गए। इसी माह एक के बाद तीन घटनाएं घटी। जिनमें 13 नवंबर से पहले 11 व 12 नवंबर को देखे गए। इससे पहले 18 मई को यह घटना घटी थी। इससे पहले 24 जनवरी को यह घटना देखी गई। आसमान से बरसते यह आग के गोले अलग अलग रंग में नजर आ सकते हैं, जो पिंड की संरचना पर निर्भर करता है। यदि पिंड में सोडियम हो तो जलते गोले का रंग पीला नजर आएगा। निकील हो तो हरा और मैग्नीशियम हो तो रंग नीला नजर आएगा। यह भी जान लीजिएगा कि अंतरिक्ष से आने वाले बड़े पिंड ही पृथ्वी के लिए खतरा बन सकते हैं, जबकि छोटे पिंड हमारे वातावरण को स्पर्श करते ही जल उठते हैं।